सुप्रभात
रांची, बुधवार
09.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 264



12 अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' का ट्रेलर जारी

## न्यूज डायरी

### पूर्व मंत्री आलमगीर और संजीव लाल से पूछताछ

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त 32 .30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और ओएसडी संजीव कुमार से इडी की टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में पूछताछ की। ईडी की टीम ने करीब पांच घंटे तक दोनों से टेंडर प्रकरण से लेकर पैसों के बंटवारे तक की पूछताछ की। तीन दिनों में अबतक ईडी ने कई सवालों के जवाब निकलवाये हैं।

### ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासक का निधन

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासक दादी रतन मोहिनी का 101 वर्ष में सोमवार की देर रात 1.20 बजे अहमदाबाद के निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। पीआरओ बीके कोमल ने बताया कि दादी के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए आबूरोड स्थित ब्रह्मकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय लाया गया। अंतिम संस्कार की तिथि की घोषणा जल्द की जायेगी।

### पेयजल-स्वच्छता विभाग में हेराफेरी की जांच हो

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में खर्च किए गए करोड़ों रुपयों में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में भी चारा घोटाले की तरह विभिन्न कोषागार से अवैध निकासी की गयी है। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा कि हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल के दौरान पेयजल और स्वच्छता विभाग में वर्ष 2019 से 2024 के बीच 160 करोड़ की लागत से किए गए कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितता हुई है। उन्होंने राज्य सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके। जनता के पैसों से की गई यह लूट रोकी जा सके।

### तीन दिनों तक वज्रपात और तेज हवा का अलर्ट

**रांची।** मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है। नौ अप्रैल को झारखंड के दक्षिण, मध्य और उत्तर-पूर्वी जिलों में गर्जन और तेज हवा चलने की आशंका है। वहीं पूर्वी-मध्य और निकटवर्ती उत्तरी मध्य भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका है। 10 अप्रैल को पूर्वी-मध्य और उत्तरी-मध्य हिस्सों में गर्जन और ओलावृष्टि की संभावना है। दक्षिणी-मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में गर्जन और तेज हवा चलने की आशंका है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी भागों में भी गर्जन की आशंका है। वहीं 11 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम भागों को छोड़कर शेष हिस्सों में गर्जन और तेज हवा चलने की आशंका है।

# जेएसएससी बताये- 26,000 स्कूली शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया कब होगी शुरू : हाईकोर्ट

**राज्य में शिक्षकों की कमी**

- झारखंड में शिक्षकों की भारी कमी पर हाईकोर्ट सख्त
- प्राथमिक स्तर पर 60,000 से अधिक शिक्षकों की है जरूरत



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष को राज्य में 26,000 स्कूली शिक्षकों के शुरूआती बैच की नियुक्ति प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी अदालत को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने आयोग के अध्यक्ष से पूछा है कि यह कब शुरू और समाप्त होगी।

**शिक्षकों की कमी का गंभीर मामला :** यह सुनवाई पिछले साल दायर की गई एक जनहित याचिका के स्पष्टीकरण में हो रही है, जिसमें झारखंड में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा उठाया गया था। जानकारी के अनुसार शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में सबसे अधिक शिक्षकों की कमी पायी गयी है। इसके अनुसार 30% से अधिक सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत है।

**सरकार का हलफनामा और आश्वासन**

झारखंड सरकार ने 2 अप्रैल 2025 को हाईकोर्ट में हलफनामा पेश किया। हलफनामे में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का खंडन नहीं किया गया। केवल 26,000 शिक्षकों की 'निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध' नियुक्ति का आश्वासन दिया गया है, वह भी बिना किसी समय सीमा स्पष्ट किए हुए।

**अतिरिक्त शिक्षकों की सख्त जरूरत**

अब उम्मीद है कि जेएसएससी जल्द नियुक्ति की समय सीमा तय करेगा, लेकिन समस्या का समाधान यहां तक सीमित नहीं है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिक स्तर पर इस कानून के पालन के लिए 60,000 से अधिक अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता है। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

### रांची में हरमू नदी और बड़ा तालाब की साफ-सफाई पर मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के जलस्रोतों, नदियों व बड़ा तालाब के अतिक्रमण तथा साफ-सफाई को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने सरकार, जुडको व रांची नगर निगम का पक्ष सुना। खंडपीठ ने हरमू नदी व बड़ा तालाब की सफाई पर सरकार और रांची नगर निगम को जवाब दायर करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने जानना चाहा कि हरमू नदी व बड़ा तालाब की सफाई की क्या योजना है। इससे पूर्व जुडको की ओर से बताया गया कि हरमू नदी व बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण का काम हो गया है। साफ-सफाई सरकार को करना है।

## हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल ने 14 प्रस्तावों पर दी स्वीकृति

# राज्य में 1373 माध्यमिक आचार्यों की होगी नियुक्ति

- सीएम हेमंत सोरेन के स्पेन और स्वीडन की आधिकारिक यात्रा को भी दी गयी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने मंगलवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में 14 प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट में लिये गए फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि झारखंड में 1373 माध्यमिक आचार्यों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। वहीं पुनरीक्षित पुनर्वास नीति 2012 को 2027 तक के लिए अवधि विस्तार दिया गया। इसके अलावा एविएशन टर्बाइन



फ्यूल की दर में संशोधन किया गया है। इसे चार फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग, प्राथमिक शाखा के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग-2 के पद पर प्रोन्नति की स्वीकृति दी गयी। राज्य सरकार ने सीएम हेमंत सोरेन और उनकी टीम के स्पेन और स्वीडन यात्रा और राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए इस यात्रा में होने वाले खर्च की स्वीकृति दी गयी है।

**ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को स्वीकृति**

झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना की भी स्वीकृति दी गयी। इस योजना के तहत सरकार सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के चुनिंदा छात्र-छात्राओं को आठ हफ्तों का प्रशिक्षण देगी। इस योजना के लिए कुल 17 हजार 380 छात्र-छात्राओं का चयन किया जायेगा। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप की पूरी अवधि में सरकार 10 हजार रुपए का छात्रवृत्ति भी देगी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :**

- जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय अंतर्गत कार्यालयों के लिपिक सह टंकक संवर्ग में नियुक्ति के लिए लिपिकीय पदों पर भर्ती नियमावली के गठन की स्वीकृति।
- सरकारी अस्पतालों की ओर से स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिकतम क्लेम की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधाओं को इंडियन पब्लिक हेल्थ के मानकों के अनुरूप करने के लिए अस्पतालों के लिए गाइडलाइन की मंजूरी।
- आवासीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य के लिए सर्विस प्रोक्योरमेंट के आधार पर अंशकालीन शिक्षकों से कार्य लिए के लिए अवधि विस्तार का निर्णय लिया गया।
- केंद्रीय दूरसंचार विभाग के अधिनियम में अधिसूचित दूरसंचार (मार्ग के अधिकार) नियम-2024 को लागू करने पर सहमति बनी।
- झारखंड मूल्यवर्धित कर अधिनियम में खनन और विनिर्माण कार्य में हाई स्पीड डीजल के बल्क पर्चेज के मूल्यवर्द्धित कर में आंशिक छूट देते हुए 22 प्रतिशत या 12.50 रुपये प्रति लीटर की जगह अब संशोधित कर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया।

# 11 अप्रैल को तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आयेंगे मुख्य चुनाव आयुक्त

## वॉलेंटियर और बीएलओ से मिलकर चुनावों पर जानेंगे उनका अनुभव

- 12 और 13 अप्रैल को रामगढ़ और रांची में वालेंटियर तथा बीएलओ से करेंगे बातचीत



मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे को लेकर बैठक करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मंगलवार को निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त के झारखंड भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। श्री कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वॉलेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वॉलेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे। वहीं 13 अप्रैल को रांची के दशम फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे और दुर्गम क्षेत्रों में उनके काम करने के प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से सम्बन्धित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची में कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण कर उसे ससमय पूरा करने को कहा। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री, डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार मौजूद थे। वहीं वीसी के माध्यम से रामगढ़ के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार सहित निर्वाचन के पदाधिकारी बैठक से जुड़े थे।

# चरही घाटी में बस और कंटेनर की सीधी टक्कर, तीन की मौत, दर्जनभर घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/चरही।** हजारीबाग की चरही घाटी में मंगलवार शाम हुई सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी और एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में बस और कंटेनर के चालक की मौत मौके पर ही हो गयी जबकि खूंटी मुरुहू की निवासी अमीना खातून (90) की इलाज के दौरान हो गई। सभी घायलों को आनन-फानन में हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को रिम्स रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार, रांची जा रही राजहंस बस की सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कंटेनर से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। वहीं मृतकों के शवों को निकालने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विरोध-प्रदर्शन के बीच नया वक्फ कानून लागू, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देशभर में लगातार विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने संशोधित वक्फ कानून लागू होने की अधिसूचना जारी कर दी। सरकारी अधिसूचना के साथ ही वक्फ (संशोधन) कानून 8 अप्रैल 2025 से देशभर में लागू हो गया। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम (2025 का 14) की धारा 1 की उपधारा (2) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार इसके अधिनियम के प्रावधानों को लागू करती है। वहीं केंद्र सरकार भी वक्फ एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी है। इस कानून को संसद में भारी बहस के बाद पास किया गया था और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी मंजूरी दी थी।

**केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में लगायी अर्जी**


केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी (केवियेट) लगायी है, जिसमें कहा गया है कि वक्फ (संशोधन) कानून 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई भी आदेश देने से पहले कोर्ट उसकी बात जरूर सुने। यह कदम तब उठाया गया है जब इस नए कानून के खिलाफ कई बड़ी संस्थाओं और नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। केवियेट का मकसद ये सुनिश्चित करना है कि कोर्ट कोई भी अंतरिम आदेश पारित करने से पहले केंद्र सरकार के पक्ष को जरूर सुने। यह एक कानूनी प्रक्रिया है जिसके तहत अदालत में कोई भी आदेश एकतरफा तौर पर न दिया जाये।

**बंगाल में हिंसा, तोड़फोड़ :** वक्फ कानून के खिलाफ बंगाल में बवाल माचा हुआ है। मुर्शिदाबाद में सड़कों पर उतर कर लोगों ने पत्थरबाजी और आगजनी भी की।

**शीर्ष कोर्ट में 10 से ज्यादा याचिकाएं**

अब तक इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 10 से ज्यादा याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। इन याचिकाओं में जमीअत उलेमा-ए-हिंद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कुछ राजनीतिक नेताओं की याचिकाएं भी शामिल हैं। ये सभी याचिकाएं वक्फ कानून 2025 की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठा रही हैं। एजेंसी के अनुसार ये याचिकाएं 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो सकती हैं।

## कार्टून कोना




### वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भाजपा चलायेगी अभियान

**रांची।** वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वृहत जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। केन्द्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर मंगलवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्णय के मुताबिक प्रदेश भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके सुझाव को एकत्र करेगी। भाजपा सांसद प्रदीप वर्मा ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए कहा कि यह देश की आम जनता की मांग है कि विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराये जायें जिससे समय के साथ-साथ सरकारी पैसे का दुरुपयोग ना हो। बैठक में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री ने मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने पर लाभार्थियों से किया संवाद

# मुद्रा योजना बदलाव की मिसाल बनी, 33 लाख करोड़ रुपये से बदली करोड़ों की जिंदगी : पीएम

## लाभार्थियों को अपने आवास में किया था आमंत्रित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 वर्षों में देश के गरीबों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से ज्यादा ऋण स्वीकृत जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 33 लाख करोड़ रुपये है। यह योजना उनकी जमीनी स्तर की यात्राओं और अनुभव से उपजी, जब उन्होंने महसूस किया कि समाज के निम्न तबके को बिना गारंटी फंडिंग की जरूरत है।

**मुद्रा योजना ने वित्तीय व्यवस्था को बनाया लोकतांत्रिक :** पीएम



ने कहा कि मुद्रा योजना ने भारत की वित्तीय व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाया और यह एक बड़ी सफलता है। श्री मोदी ने इस योजना की शक्ति और महत्व को बताया है। पीएम ने कहा कि यह पूरी सोच एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के गरीब, महिला, किसान और वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना और उनके सपनों को पूरा करने का अवसर देना है।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास पर लाभार्थियों को आमंत्रित किया। मौके पर उन्होंने इस योजना से उनके जीवन में आए बदलावों की रोचक जानकारी साझा की।

**मुद्रा योजना में सबसे अधिक संख्या में महिलाएं**

कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, देश की जनता को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। मुद्रा योजना में सबसे अधिक संख्या में महिलाएं आगे आयी हैं। महिलाओं ने सबसे अधिक ऋण के लिए आवेदन किया है, सबसे अधिक ऋण प्राप्त किए हैं और उन्हें चुकाने में भी सबसे तेज हैं।

इस दौरान केरल के एक उद्यमी, जो संयुक्त अरब अमीरात में काम कर रहे थे, ने बताया कि किस प्रकार मुद्रा योजना से उन्हें लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इससे वे एक सफल उद्यमी बन गए हैं। योजना के एक अन्य लाभार्थी, मध्य प्रदेश के भोपाल के लवकुश मेहरा ने बताया कि मुद्रा ऋण की मदद से उन्होंने अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। आज मेरा मुद्रा ऋण 5 लाख रुपये से बढ़कर 9.5 लाख रुपये हो गया है और मेरा पहले साल का टर्नओवर 12 लाख रुपये था, जो अब 50 लाख रुपये से अधिक हो गया है। यूपी के रायबरेली के एक लाभार्थी ने कहा, हम आपसे वादा करते हैं कि हम मिलकर भारत को एक विकसित भारत बनाएंगे। अब हमें सरकार से लाइसेंस लेने में कोई परेशानी नहीं है। मैं एक बेकरी चलाता हूं। मेरा मासिक टर्नओवर 2.5 से 3 लाख रुपये है और हमारे पास 7 से 8 लोगों का स्टाफ है।

### पागल कुत्ते को मारी गोली, आरोपी अरेस्ट

**रांची।** रांची के टाटीसिलवे इलाके में एक व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मार दी। गोली मारने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और गोली मारने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार टाटीसिलवे में एक पागल कुत्ता हाल में उसने कई लोगों को काट लिया था। लोगों के काटने से परेशान एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी हथियार से उसे गोली मार दी, जिससे कुत्ते की मौत हो गई। जिस समय व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मारी, इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो। इस संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक कुत्ते को गोली मारने की सूचना मिली है। वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# एसटी-एससी कमीशन ने हजारीबाग डीसी-एसपी से 15 दिनों में मांगी रिपोर्ट

## मामला चप्ती बरियातू कोल परियोजना से जुड़ा है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एसटी-एससी) ने हजारीबाग डीसी-एसपी से पंद्रह दिनों में रिपोर्ट मांगी है। यह पूरा मामला हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड में भारत सरकार की महारत्न कंपनी एनटीपीसी के चप्ती बरियातू कोल परियोजना से जुड़ा है, जहां खनन के दुष्प्रभाव से आदिम जनजाति समुदाय के किरणी बिरहोर और बहादुर बिरहोर की मौत हो गई थी। इस मामले में हजारीबाग डीसी-एसपी के रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता एक्टिविस्ट मंटु सोनी की आपत्तियों के बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग आपत्तियों के बिंदुओं पर हजारीबाग डीसी-एसपी को कार्रवाई करते हुए पंद्रह दिनों में रिपोर्ट तलब किया है। बताते चलें कि मामले में डीसी-एसपी के जवाब पर आयोग ने शिकायतकर्ता से आपत्ति दर्ज करने को कहा था। आयोग में आपत्ति दर्ज करने के बाद आयोग ने डीसी-एसपी को निर्देश जारी किया है।

**आपत्तियों को मानते हुए आयोग ने दिये कार्रवाई के निर्देश :** एनटीपीसी के चप्ती बरियातू कोल खनन परियोजना के खनन स्थल के समीप आदिम जनजाति समुदाय के बिरहोर टोला निवासी नाबालिग किरणी बिरहोर और बहादुर उर्फ दुर्गा बिरहोर की मौत के मामले में मंटु सोनी की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने हजारीबाग डीसी-एसपी से जवाब मांगा था। डीसी-एसपी ने आयोग को भेजे जवाब पर शिकायतकर्ता ने प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि खनन से पूर्व वन अधिकार अधिनियम के तहत बिरहोर परिवारों को उनके लिए उपयुक्त जगह पर क्यों नहीं बसाया गया? फॉरेस्ट क्लियरेंस में वनाधिकार अधिनियम के अनुपालन का गलत रिपोर्ट क्यों दिया गया? खनन से पूर्व बिरहोर परिवारों ने बसाने का आवेदन डीसी को दिया, उसे क्यों इग्नोर किया गया? सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय जांच दल की रिपोर्ट पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मौत पर खनन एजेंसियों द्वारा किस आधार पर 40 हजार मुआवजा दिया गया? दोनों मौतों के बाद पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया? पूरे प्रकरण के पीछे की कहानी आयोग को बताया गया कि कोयला मंत्रालय द्वारा समय और लक्ष्य के मुताबिक चप्ती बरियातू कोयला परियोजना से उत्पादन,खनन और परिवहन में विलंब के लिए बैंक गारंटी का तीस प्रतिशत जब्त कर लिया गया था। इसलिए जिला प्रशासन से मिलीभगत कर प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा आनन-फानन में आदिम जनजाति समुदाय पर खतरों को दरकिनार कर खनन कार्य चालू किया गया था। जिसके बाद आयोग ने हजारीबाग डीसी-एसपी को पंद्रह दिन में कार्रवाई कर आयोग को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है।

## मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव मैदान में बसंत मित्तल एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 13 अप्रैल को सुबह नौ बजे से होगा। प्रांतीय अध्यक्ष के चयन के लिए दिववार्षिक चुनाव सत्र 2025 .27 संपूर्ण झारखंड के विभिन्न 23 ज़िलों एवं 5 अनुमंडल मे संपन्न होना सुनि›ित हुआ है। यह जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव के सफल संचालन एवं आयोजन के लिए सहचुनाव पदाधिकारी राजकुमार मारू, प्रदीप बाकलीवाल, अशोक पुरोहित को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव सत्र 2025-27 के लिये दो उम्मीदवार क्रमशः बसंत कुमार मित्तल एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल ने अपना नामांकन दर्ज किया है। दोनों प्रत्याशी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। प्रांतीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिये कुल 5106 मतदाता हैं। कुल 28 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। 28 मतदान केंद्र में पीठासीन पदाधिकारी मनोनीत किया गया है।

## गुरुनानक अस्पताल की नयी कार्यकारिणी गठित

**रांची।** गुरुनानक अस्पताल में सत्र 2025-2028 के लिए नयी कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया। इसे लेकर मंगलवार को विशेष बैठक की गयी थी। इसकी अध्यक्षता इलेक्शन कमिश्नर इंदरजीत सिंह ने की। नयी कार्यकारिणी में तरलोक सिंह होरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जबकि राजेन्द्र सिंह सचिव चुने गये। नवजोत अलंग और त्रिलोचन सिंह होरा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजदीप सिंह संयुक्त सचिव चुने गये। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सचिव राजेन्द्र सिंह ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नयी कार्यकारिणी अस्पताल की सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डीएवी बरियातू में बच्चों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में वाटिका की कक्षाओं में प्रवेश लिए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आरम्भ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से हुआ। इस दौरान नर्सरी सेक्शन के विद्यार्थियों ने जंगल बुक के गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने पर बधाई दी और आश्वस्त किया कि विद्यालय का माहौल उन्हें एक बौद्धिक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होगा। मौके पर शिक्षिकाओं द्वारा अभिभावकों को वाटिका के पाठ्यक्रम और गतिविधियों की जानकारी दी गयी।


## शपथ पत्र

मैं कलादियूस खलखो उम्र करीब 42 वर्ष पिता स्व. जोवाकिम खलखो गांव डाडकापू पोस्ट बराही, थाना नेतरहाट जिला लातेहार, राज्य झारखंड का निवासी हूं। मेरी सेवा पुस्तिका में पत्नी का नाम भूलवश जसिंता खलखो एवं पुत्री का नाम Teresha Khalkho दर्ज हो गया है जबकि आधार में पत्नी का नाम जसिंता लकड़ा एवं पुत्री का नाम Teresa Khalkho दर्ज है। यही सही है. शपथ पत्र क्रमांक 12219 दिनांक 4/4/25 से आधार कार्ड के नाम को सही माना जाए।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत,
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।
मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद संख्या-33/2023
हमीद अंसारी उर्फ बिगल अंसारी एवं अन्य। ...आवेदकगण।
बनाम्
मो० महमुद अंसारी।... विपक्षी।
नोटिस बनाम
मो० नहमुद अंसारी, पिता स्व० शखावत अंसारी, निवासी ग्राग कर्मा, थाना ओरमांझी जिला रांची (झारखंड), पिन कोड-835219

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 14/12/2017 को आपके टर्बो ट्रक संख्या BR-13G-0572 से फिरदौस अंसारी की मृत्यु हो गयी थी जिसका एफ०आई०आर० संख्या-सदर (मेसरा)-663/2017 है। आवेदकों के द्वारा आपके विरूद्ध धारा-166 मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत मुआवजा हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया गया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आपके विरूद्ध नोटिस तामिल नहीं कराया जा सका है।

अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 03/5/2025 को पूर्वाहन् बजे 10:30 आप स्वयं या अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।


## विधर्मियों से झारखंड को बचाने की जरूरत : मिलिंद परांडे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विहिप के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने धर्मांतरण, लव जिहाद एवं जनसंख्या असंतुलन पर चिंता जाहिर की है। श्री परांडे मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित ग्रीन होराइजन होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड राज्य विदेशी ताकतों और विधर्मियों के नकारात्मक प्रभाव से जूझ रहा है। इससे हिंदू समाज और जनजातीय समुदाय के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण, मुस्लिम समुदाय द्वारा कथित लव जिहाद, म्यांमार और बांग्लादेश से हो रही मुस्लिम घुसपैठ एवं हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर की। उन्होंने इन चारों मुद्दों पर विशेष ध्यान देने और तात्कालिक कार्यवाही की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में गौ तस्करी के मामले बढ़ रहे हैं। साथ ही, विदेशी और विधर्मी तत्व जनजातीय समुदाय की भूमि हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय बेटियों से विवाह कर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिशें भी हो रही हैं। जो एक गहरी साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि संगठन देशभर में हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने के लिये अभियान चला रहा है। हाल ही में, विजयवाड़ा में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया था। ऐसे ही कार्यक्रम वर्ष भर देश के अन्य राज्यों में भी आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विहिप राज्य सरकारों, विधायकों और सांसदों से मिलकर मंदिरों की स्वायत्तता सुनि›ित करने के लिये कानून बनाने की दिशा में भी प्रयास कर रही है।

## एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को लागू करे झामुमो : प्रतुल शाहदेव

### भाजपा ने झामुमो के पार्टी अधिवेशन में संविधान संशोधन की बात पर किया कटाक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के 14-15 अप्रैल को होने वाले 13वें अधिवेशन के अवसर पर पार्टी के संविधान में संशोधन के प्रयास पर कटाक्ष किया है। उन्होंने झामुमो को चुनौती देते हुये कहा कि अगर पार्टी सच में लोकतांत्रिक और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करती है तो वह अपने संविधान में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत लागू करे। उन्होंने कहा कि झामुमो इतना हिम्मत कभी नहीं जुटा सकती है। वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। हेमंत सोरेन कभी नहीं चाहेंगे कि पार्टी पर उनकी पकड़ ढीली हो। इसलिये, इस तरह के पार्टी के संविधान संशोधन की झामुमो में कोई संभावना नहीं है।जबकि, ऐसे बदलाव पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र के लिये अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार के आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य सांसद, विधायक या पार्टी के विभिन्न पदों पर काबिज हैं। एक ही परिवार का पूरे तरीके से पार्टी पर कब्जा है। उन्होंने कहा कि झामुमो पिछड़ों और अनुसूचित जाति समुदाय को भी हक देने की बात करती है।अब समय आ गया है कि पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष का पद इन्हीं समुदायों में से किसी एक को मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर विराजमान हेमंत सोरेन को बड़ा हृदय दिखाना चाहिये। एससी या ओबीसी समुदाय से किसी व्यक्ति को कार्यकारी अध्यक्ष का पद देना चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा में अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, ये कोई नहीं बता सकता है।लेकिन झामुमो का अगला अध्यक्ष और अगला कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन परिवार से ही होगा।

## आजसू नेता भूपल साव के श्राद्धकर्म में केरेडारी पहुंचे सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू प्रमुख एवं उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मंगलवार शाम आजसू नेता स्व भूपल साव के श्राद्धकर्म में शामिल होने हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड स्थित पैतृक ग्राम बेंगवरी पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आजसू पार्टी के रातु प्रखंड, रांची के उपाध्यक्ष भूपल साव की बीते दिन पंडरा रविस्टील में नृशंस हत्या कर दी गई थी।

उनके साथ बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, संजय मेहता, भरत कांशी, चिंटू मिश्रा, विजय साहू, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो, संजय यादव, पंकज साहा, भोला महतो आदि नेता भी मौजूद थे। सुदेश महतो ने स्व भूपल साव की माता समेत अन्य परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा आजसू परिवार उनलोगों के साथ खड़ा है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और आम जनता का जीवन सुरक्षित नहीं है।

## राज्यपाल से मिले चीफ जस्टिस



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति (चीफ जस्टिस) एमएस रामचंद्र राव ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

## शिक्षा क्षेत्र में उगाही पर लगनी चाहिए रोक : देवेंद्रनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य में निजी स्कूलों द्वारा मनमाना फीस वृद्धि के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा इस पर नियंत्रण को लेकर आदेश भी जारी किया गया है। लेकिन पालन नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि मंगलवार को कार्मेल स्कूल लोवाड़ीह में मनमानी फीस बढ़ोतरी, अन्य शुल्कों का लेवी और स्कूल ड्रेस व पठन सामग्री के खरीदारी में बाध्यता के खिलाफ अभिभावकों ने स्कूल का सुबह में घेराव किया। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही आंदोलन का समर्थन देने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पुर्व रांची लोक सभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो पहुंचे। उनके साथ स्कूल प्रबंधक से घंटों तक बहस चली। मामला नियंत्रण के लिए नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार पहुंचे।

देवेंद्रनाथ महतो का थाना प्रभारी के द्वारा उपायुक्त रांची से टेलीफोन वार्ता हुई। श्री महतो ने कहा कि निजी स्कूलो द्वारा विभिन्न नामों से अनियमित शुल्क वसूला जा रहा है।

राज्य में शिक्षा बेलगाम और महंगा हो होते जा रहा है। किसी स्कूल में एक बार नामांकन फीस के बाद ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई भी शुल्क नहीं लिया जाना चाहिये। बताते चले की उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजनत्री ने स्कूलों को चिन्हित करते हुए आवश्यक त्वरित कार्रवाई करने का सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## खबर एक नजर में

### फायरिंग मामले में जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत ने मंगलवार को सहयोगियों से फायरिंग करवाने समेत अन्य आरोपों में जेल में बंद कांके के जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के प›ात अदालत ने 20-20 हजार के निजी मुचलके पर जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। दाखिल याचिका पर अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की थी। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 जनवरी को याचिका दाखिल की थी। उक्त मामले में वह 22 अगस्त 2024 से जेल में है। उक्त मामले में कमलेश कुमार पर गैरमजरूआ जमीन पर कब्जे को लेकर उसके गुर्गों और सहयोगियों द्वारा फायरिंग करने के आरोप में कांके के चामा गांव निवासी परनु उरांव ने कांके थाना में 4 जुलाई 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में ईडी ने कमलेश कुमार को 26 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज था। जेल जाने के बाद उसे कांके थाना कांड संख्या 195/2024 में 22 अगस्त को रिमांड पर लिया गया था।

### बिजली कटौती के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका निष्पादित

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में त्योहार के दौरान बिजली कटौती नहीं करने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल सरकार की अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने बिजली कटौती मामले में हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अपील निष्पादित कर दी। सुनवाई के दौरान वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि कोर्ट के आदेशों का पालन किया गया है। इस बार रामनवमी में न्यूनतम समय के लिए बिजली काटी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार ही अस्पतालों में बिजली आपूर्ति की गई। तीन अप्रैल को हाईकोर्ट ने बिजली कटौती पर स्वतः संज्ञान लेते हुए रामनवमी पर बिजली कटौती नहीं करने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि रामनवमी और इस जैसे अन्य त्योहार पर सरकार सुरक्षा कारणों से बिजली की कटौती करती है। रामनवमी के दौरान लोग ऊंचे झंडे लेकर चलते हैं। पूर्व में एक बड़ी घटना हुई थी, जिसमें 29 लोगों की मौत करंट लगने से हो गई थी। इसके बाद से दो दशक से सुरक्षा कारणों से बिजली काटी जाती है। यदि बिजली नहीं काटी गई तो बड़े हादसे होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में हाईकोर्ट के आदेश को पूरा करना सरकार के लिए संभव नहीं है। रामनवमी के दौरान हजारों लोग झंडा लेकर निकलते हैं।

### चारा घोटाला के तर्ज पर पेयजल स्वच्छता घोटाला उजागर : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में वर्ष 2019 से 2024 के बीच 160 करोड़ की लागत से किये गये कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में भी चारा घोटाले की तरह विभिन्न कोषागार से अवैध निकासी को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराएए ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके और जनता के पैसों से की गई यह लूट रोकी जा सके।

### सीपीआई (एम) ने गैस सिलेंडर की कीमत में वृद्धि का किया विरोध

**रांची।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का पोलित ब्यूरो ने गैस सिलेंडर की कीमत में भारी वृद्धि और पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क लगाए जाने की निंदा की है। केंद्र सरकार ने सामान्य और सब्सिडी वाले दोनों श्रेणियों के गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की, जिससे लोगों पर लगभग 7,000 करोड़ रुपये का बोझ बढ़ेगा। इसके अलावा, सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क में 32,000 करोड़ रुपये की वृद्धि की है। गैस की कीमतों में वृद्धि से लोगों के जीवन पर और भी बुरा असर पड़ेगा। तेल और गैस की गिरती अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का लाभ लोगों तक पहुंचाने के बजाय, सरकार उन पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। विशेष उत्पाद शुल्क के नाम पर संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए सारा राजस्व अपने लिए अर्जित करना चाहती है। सीपीआई (एम) ने सरकार से तत्काल बढ़ी कीमतें वापस लेने की मांग की है।

### अनिल कुमार मिश्रा बनाए गए रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल कमिश्नर, 3 जजों का हुआ ट्रांसफर- पोस्टिंग

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची, जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में नए प्रधान जिला न्यायाधीशों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इसकी नॉटिफिकेशन जारी कर दी है। ट्रांसफर-पोस्टिंग का नॉटिफिकेशन जारी होने के बाद इन्हें अविलंब नए पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। सूची के मुताबिक, रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय को डाल्टेनगंज जिले का प्रधान जिला न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश के पद पर कार्यरत अनिल कुमार मिश्रा को रांची सिविल कोर्ट का प्रधान न्यायायुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं गिरिडीह सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय को जमशेदपुर सिविल कोर्ट का प्रधान जिला न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य के कई न्यायिक पदाधिकारियों का तबादला हाईकोर्ट ने किया है।

### ओबीसी ने एपी की तर्ज पर झारखंड में भी मांगा ओबीसी का आरक्षण

रांची। बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एमपी हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है, जिससे मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने का रास्ता साफ हो गया है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण को सही ठहराये जाने के मामले में कही। श्री गुप्ता ने कहा कि मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण का विरोध यूथ फॉर इक्वलिटी के संगठन कर रहा था। श्री गुप्ता ने कहा कि यह 2019 में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और मध्य प्रदेश के ओबीसी संगठनों की जीत है। श्री गुप्ता ने कहा कि झारखंड प्रदेश में भी अब ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने का रास्ता खुल गया है।

## सीसीएल का स्वर्णिम वर्ष : ऊर्जा, पर्यावरण व मानव कल्याण के समावेशी विकास की प्रेरक गाथा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** देश की ऊर्जा की रीढ़ मानी जाने वाली सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 में ऐसे कीर्तिमान रच दिए हैं, जो न केवल कोयला उत्पादन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होंगे, बल्कि हरित ऊर्जा, सामाजिक सरोकार और तकनीकी नवाचार में भी मार्गदर्शक बनेंगे।

**कोयला उत्पादन में ऐतिहासिक छलांग :** सीसीएल ने इस वर्ष 87.55 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 85.9 मिलियन टन प्रेषण कर एक नया इतिहास रच दिया। यह आंकड़ा मात्र एक उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा को नई गति देने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस सफलता में निम्नलिखित परियोजनाओं की अहम भूमिका रही। जिसमें आम्रपाली-चंद्रगुप्ता, बरकासयाल, मगध-संघमित्र, पिपरवार, उत्तर कर्णपुरा, रजरप्पा, राजहरा शामिल है। इन परियोजनाओं ने न केवल उत्पादन में, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध प्रेषण में भी अग्रणी योगदान दिया है।

**हरित ऊर्जा की ओर निर्णायक कदम :** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सीसीएल की सोच अब योजनाओं से आगे बढ़कर जमीनी क्रियान्वयन तक पहुंच चुकी है

**287.9 लाख यूनिट सौर ऊर्जा उत्पादन**
25.25 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित
20,000 टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन की रोकथाम
रजरप्पा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से विकसित किए गए घने वन सीसीएल के हरित संकल्प का जीवंत प्रमाण हैं.

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा की नई परिभाषा :** कांके में प्रस्तावित 200-बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल झारखंड के लोगों के लिए चिकित्सा की नई किरण बनकर उभरेगा। यह अस्पताल न केवल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेगा, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सीसीएल की गहरी प्रतिबद्धता भी दर्शाता है। यहां हृदय, मस्तिष्क और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों का इलाज अत्यंत रियायती दरों पर संभव होगा।

**तकनीक और नवाचार से बदला कोयला प्रेषण का चेहरा :** कारो, कोनार और केबीपी पूणाडीह में स्थापित कोल हैंडलिंग प्लांट्स के माध्यम से कोयला प्रेषण अब और अधिक यंत्रीकृत, स्वच्छ और दक्ष हो गया है। इससे न केवल लागत और समय की बचत हो रही है, बल्कि सड़क परिवहन में कमी से पर्यावरण पर भी सकारात्मक असर पड़ा है।

### शिक्षा, खेल और सामाजिक बदलाव की मिसाल

लाल और सीसीएल की लाडली योजनाएं हर वर्ष मेधावी छात्रों को क्क्ळ जैसे संस्थानों में प्रवेश के लिए निःशुल्क कोचिंग और हॉस्टल सुविधा प्रदान कर रही हैं। जेएसएसपीएस के तहत 11 खेलों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है। 2 लाख से अधिक ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्मार्ट स्कूल, टीबी उन्मूलन, कौशल विकास और महिला आजीविका योजनाएं जैसी पहल सीसीएल को एक संवेदनशील, सहभागी और दूरदर्शी संस्था बनाती हैं।

### नेतृत्व जो प्रेरणा बन गया

सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल केवल कोयला उत्पादन नहीं करता, हम उजाले की यात्रा का माध्यम हैं - एक ऐसा उजाला जो हर घर तक ऊर्जा पहुंचाए, हर गांव को स्वास्थ्य दे, हर बच्चे को शिक्षा और हर महिला को आत्मनिर्भरता प्रदान करे। हमारी यह सफलता राष्ट्र की साझी जीत है। यह स्वर्णिम वर्ष सीसीएल के लिए केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह समावेशी विकास, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण के प्रति उसके संकल्प का प्रतीक है।

सुप्रभात
बुधवार 09.04.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 346
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में हुआ नये सत्र का शुभारम्भ



सिंदरी। डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में नये सत्र की शुरूआत हवन पूजन और प्रार्थना सभा के साथ किया गया। विद्यालय के प्रांगण में बच्चे रोमांचित हो उठे। मौके पर संस्कृत शिक्षक बृज किशोर द्विवेदी ने आर्य समाज के नियमों को सुनाया, स्त्रोत पाठ, मंत्र पाठ एवं हवन पूजन संपन्न कराकर ईश्वर से यह प्रार्थना की गई की आने वाला सत्र खुशहाली, समृद्धि और ज्ञानवर्धक बने। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि नए सत्र में अपने जीवन का आरंभ पूरे उत्साह और लगन के साथ करे। समय और अनुशासन विद्यार्थी जीवन के लिए अति आवश्यक बिंदु हैं जिसके आधार पर हम अपने जीवन के प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। अपनी दिनचर्या में हमें प्रत्येक क्षण का उपयोग और महत्व देने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक छात्र उपस्थित रहे।

### तेतुलमारी में वृद्ध महिला का शव मिला

तेतुलमारी। तेतुलमारी स्टेशन चौक के समीप वृद्ध महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला। उसकी पहचान ईस्ट बसुरिया सेक्टर तीन निवासी कोल कर्मी श्रवण नोनिया की मां पूर्व महिला कोल कर्मी तारा देवी के रूप मे की गई। तेतुलमारी पुलिस शव को कब्जे में लेकर धनबाद उसे पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतका के पुत्र श्रवण ने बताया की सोमवार की शाम वृद्ध महिला अपने पैतृक गांव गया जिला के टिकारी जाने के लिए मुझे तेतुलमारी रेलवे स्टेशन छोड़ देने की बात कही। शाम में रेलवे स्टेशन छोड़कर मै अपनी आवास चला गया था, सुबह ड्यूटी जाने के दौरान घटना की जानकारी लोगों ने दिया। थानेदार सत्येन्द्र यादव ने कहा कि मृतका के पुत्र के लिखित शिकायत पर यूडी केस दर्ज किया जाएगा।

### डांडिया नाइट में नन्हें मुन्हों ने मचाया धमाल

राजगंज: रामनवमी सह चैती दुर्गा पूजा समिति राजगंज की ओर से महादशमी को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य वाणी देवी ने किया। समिति के संस्थापक सदस्य गोपाल साव, वरीय सदस्य राजू कुम्हार और हरि विस्वकर्मा को माला पहना कर स्वागत किया गया। काफी संख्या में महिलाएं , युवतियां और बच्चिया नृत्य में भाग लेने पहुची। कार्यक्रम की शुरूआत करीब नौ बजे से हुई। देर रात तक नृत्य संगीत का दौर जारी रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे समिति के सदस्य जुटे रहे। मंगलवार को समिति की ओर सांस्कृतिक गीत संगीत का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम मे भी भारी भीड़ जुटने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरूआत रात नौ बजे से होगी और देर रात चलेगी।

### वायुसेना में अग्निवीर अंतर्गत संगीतकारो की भर्ती प्रक्रिया शुरू

धनबाद: जिले के संगीतकारों के लिए अच्छी खबर है। भारतीय वायु सेना ने अग्निवीरवायु के तहत संगीतकारो के लिए भर्ती रैली निकाली है। यह रैली नई दिल्ली और बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। 21 अप्रैल से 11 मई तक अग्निपथ वायु की आधिकारिक वेबसाइट पर योग्य अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन भर सकते है। उम्मीदवारो की उम्र 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के बीच होनी होनी चाहिए। केवल पंजीकृत उम्मीदवार को ही भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति मिलेगी।

# झरिया विधायक से जीवन सहयोग संस्था ने किया ब्लड बैंक की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए जीवन सहयोग सामाजिक संस्था के सदस्यों ने झरिया विधायक रागिनी सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। संस्था ने झरिया क्षेत्र में रक्त की स्थानीय उपलब्धता सुनिश्चित करने और रक्त की आवश्यकता पड़ने पर आमजन को होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए शीघ्र ही एक ब्लड बैंक स्थापित करने का अनुरोध किया। वर्तमान में, झरिया के निवासियों को रक्त की आवश्यकता होने पर धनबाद स्थित ब्लड बैंकों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और धन की बबार्दी होती है और कई बार गंभीर परिस्थितियों में जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। एक स्थानीय ब्लड बैंक की स्थापना से आपातकालीन स्थितियों में रक्त की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे कई कीमती जानें बचाई जा सकेंगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि झरिया एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है और यहाँ दुर्घटनाओं, प्रसव और अन्य चिकित्सीय स्थितियों में रक्त की आवश्यकता निरंतर बनी रहती है। इसलिए, एक सुसज्जित ब्लड बैंक की स्थापना इस क्षेत्र की एक अनिवार्य आवश्यकता है। संस्था के सुनील तुलस्यान व सुजीत बर्णवाल ने आशा व्यक्त की कि विधायक महोदया इस महत्वपूर्ण मामले पर ध्यान देंगी और झरिया में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और उनके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# सीता सोरेन पर पिस्टल तानने वाले पीए देवाशीष घोष को मिली जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित सोनोटेल होटल के कमरा नंबर 618 मे भाजपा नेत्री व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर पिस्टल तान देने के मामले में जेल में बंद मधुबन अपार्टमेंट लोअर हटिया रांची निवासी देवाशीष मनोरंजन घोष को आज अदालत से बडी राहत मिली

देवाशीष के अधिवक्ता के के तिवारी ने बताया कि सुनवाई के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधिश की अदालत ने देवाशीष को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। एक मार्च 25 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने देवाशिष की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। देवाशीष 7 मार्च 25 से जेल में बंद है। प्राथमिकी हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री की भाभी सीता सोरन के शिकायत पर सरायढेला थाने में 7 मार्च 2025 को दर्ज की गई थी।

### क्या था मामला

प्राथमिकी के मुताबिक सीता सोरन कतरास की राजस्थानी धर्मशाला शादी समारोह में हिस्सा लेने आई थी। समारोह में शिरकत करने के बाद वह आराम करने के लिए होटल अपने पिए के साथ आ गई। आरोप है कि होटल के कमरे नंबर 618 में सीता सोरेन अपने सदस्यों और पीए के साथ विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर चर्चा कर रही थी और उससे संबंधित हिसाब किताब पर चचाएं हो रही थीं उसी वक्त आवेश में आकर देवाशीष ने उनके ऊपर पिस्टल तान दिया फौरन उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के जवानों ने देवाशीष को पकड़ लिया। सूचना पर रात के करीब बारह बजे सरायढेला थाना की पुलिस होटल पहुंची पुलिस ने देवाशीष के पास से एक देसी पिस्टल एक मैगजीन जिसमें सात जिंदा कारतूस एक आईफोन और एक सैमसंग का फोन जब्त किया था।

# सीआईएसएफ छापेमारी कर किया लूटन का किला ध्वस्त, 40 टन कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया/जोडापोखर।** जोडापोखर थाना क्षेत्र के लोदना क्षेत्र अंतर्गत भुलन बरारी लालपुल के समीप इट्ट भठ्ठा के समीप सीआईएस एफ छापामारी कर भारी मात्रा में अव ?ध कोयला जब्त किया । छापेमारी के दौरान टीम ने जोडापोखर पुलिस को छापेमारी से अलग रखा गया । छापेमारी का नेतृत्व कंपनी कमांडेंट विवेका नंद चौधरी ने किया । जब्त कोयले को टीम ने लोदना बीसीसीएल प्रबंधन को सौप दिया । जानकारी के अनुसार धनसार थाना क्षेत्र के रहने वाले लूटन द्वारा कुछ दिनों से उक्त स्थल पर अव ?ध कोयला खनन कार्य स्थानीय नेहाल, जगदीश, अमन सहित एक दर्जन युवाओं के माध्यम से कोयला खनन ला कार्य किया जा रहा था। जिसकी सूचना श्री चौधरी को मिली। मिलने के साथ अपने टीम के साथ उक्त स्थल पर छापेमारी की। छापेमारी में करीब 8 सौ प्लास्टिक का बोरी में भरा करीब 40 टन अवैध कोयला जब्त किया गया ।

**सफेद पोस लूटन बना तस्कर का शागीर्द:** जानकारी के अनुसार धनसार थाना क्षेत्र के रहने वाले लूटन नाम का व्यक्ति भुलन ( लाल पुल के पास इट्ट भठ्ठा के पास ) चल रहे अवैध कोयला धंधा का शार्गीद बना हुआ है। जिसके सह पर विगत एक माह से उक्त स्थल पर कोयला का अवैध धंधा फल फुल रहा है।

**दो प्रभावशाली परिवार समर्थक, एक साथः** झरिया के दो प्रभाव शाली परिव के डीगवाडीह क्षेत्र के रहने वाले दो दर्जन समर्थक एक साथ होकर कोयला तस्करी का अवैध धंधा को अंजाम देने में जुटे हुए है। जिन्हें अपने अपने आकाओं का समर्थन लेने में कामयाब हुए थे।

किसी किमत पर नहीं होगा अवैध कारोबारः इस दौरान सीआईएस एफ कमांडर विवेक कुमार चौधरी ने कहाकि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया गया । जहां कि कोयला का अवैध धंधा होने का सबूत मिला। बोरी में भरा कोयला जब्त किया गया है। किसी कीमत पर अवैध कारोबार नहीं चलने देगे।

### घंटों इंतजार के बाद पहुची प्रबंधन की टीम

छापेमारी के साथ सीआईएस एफ टीम द्वारा बरारी प्रबंधन को फोन पर सूचना दी। साथ ही जब्त कोयला उठाने कारण लेकर वाहन का मांग किया जाता रहा। लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा घंटों वाहन मुहैया नहीं कराया गया । काफी देर के बाद वाहन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा सीआईएस एफ को मुहैया कराया गया ।

### काम नहीं आया सफेद पोस का रुतबा

छापेमारी के दौरान क ई सफेद पोस आस पास टहलते रहे। लेकिन सीआईएस एफ टीम का आगे एक भी नहीं चला। घटना स्थल पर छापेमारी टीम जमी रही। अंततः छापेमारी टीम कोयला उठाकर चलते बनी। इस दौरान छापेमारी का मामला सलटाने को लेकर क ई सफेद पोस का कदम ताल काम नहीं आया।

### टीम देख भागे तस्कर

छापेमारी के दौरान कोयला स्टॉक के समीप पेड के पास चार तस्कर बैठे हुए थे। साथ ही आधा दर्जन मजदूर तबका काम में जुटे हुए थे। तभी सीआईएस एफ टीम विवेका नंद चौधरी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर विजय कुमार शर्मा के साथ छापेमारी टीम पहुची। जिसे देखते ही वहां पर मौजूद कोयला तस्कर व मजदूर भाग निकले।

## खबर एक नजर में

### कोल कर्मी के आश्रित को नियोजन देने पर बनी सहमति



**तेतुलमारी।** कतरास में कलाली फाटक के पास मिले शव की पहचान कोल कर्मी 56 वर्षीय राजकुमार भुइंया रूप में हुई। मंगलवार की दोपहर कतरास क्षेत्रीय कार्यालय में उसके स्वजन यूनियन के प्रतिनिधि के साथ विधायक शत्रुघ्न महतो ने महाप्रबन्धक राजकुमार अग्रवाल के साथ वार्ता किया। मृतक के आश्रित को शीघ्र नियोजन देने की मांग किया। जिसमें मृतक राजकुमार के पुत्र विकास कुमार को प्रोविजनल नियोजन देने व दाह संस्कार के लिए राशि शीघ्र देने पर सहमती बनी अन्य पावना राशि भी देने की बात कही। इसके लोग वापस चले गये। कोल कर्मी राजकुमार भुइंया वेस्ट मोदीडीह के केसलपुर में बारूद वाहक के पद पर कार्यरत था। सोमवार को ड्यूटी से घर आने के दौरान कतरास के कलाली फाटक के समीप अचानक गिर गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। वार्ता में प्रबंधन की ओर से एपीएम अशोक कुमार, कार्मिक प्रबंधक प्रशासनिक उमंग ठक्कर, प्रबंधक जयंत कुमार के अलावा यूनियन की ओर से बाघमारा विधायक शरद महतो, विपिन राय, राजा महतो, बाल्मीकि यादव, कुलदीप गोस्वामी, जितेंद्र चौहान, सुनील कुमार, विकास चौहान आदि शामिल थे।

### गैस सिलेंडर और पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी से लोगों पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ : विकास ठाकुर



सिंदरी। केंद्र सरकार द्वारा घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपये की बढ़ोतरी और पेट्रोल डीजल के दामों में 2 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसको लेकर भाकपा माले नेता विकास ठाकुर ने केन्द्र सरकार को महँगाई में बढ़ोतरी करनेवाला सरकार बताया। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त बोझ से गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी से लोगों पर लगभग 7 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। वहीं पेट्रोलियम उत्पादों में बढ़ोतरी कर केंद्र सरकार ने विशेष उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 32 हजार करोड़ रुपए कर दिया है। तेल व गैस के अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरती कीमतों का हवाला देते हुए कहा कि लोगों को लाभ पहुँचाने की जगह केंद्र सरकार उनपर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

### सीआईएसएफ द्वारा विस्थापितों पर हुवे लाठी चार्ज के विरोध में प्रतिवाद सभा



कतरास। बीएसएल बोकारो में सीआईएसएफ द्वारा विस्थापितों पर हुवे लाठी चार्ज और विस्थापित प्रेम कुमार महतो की हुई मौत की घटना के विरोध स्वरूप भाकपा-माले बाघमारा कमेटी द्वारा खड़खरी में पर प्रतिवाद सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता शेख रहीम ने की। पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि झारखंड सरकार से मांग करते हैं कि सीआईएसफ पर हत्या के धारा में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए एवं दोषी अधिकारी को बर्खास्त किया जाए। अन्यथा भाकपा-माले सड़क से सदन तक विस्थापित के लिए विरोध स्वरूप अपनी आवाज बुलंद करेंगे। सभा में मुक्तेश्वर महतो, अजय महतो, संजीव महतो महतो विकास सिंह, दिलीप तिवारी, बालेश्वर गोप, शहीदअंसारी, अंगद सिंह, मोती यादव, मोइनुद्दीन अंसारी, लोकनाथ सिंह आदि नेता गन्य शामिल हुए।

### बजरंगबली मंदिर की वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा सह संकीर्तन आयोजित



**मैथन।** गोपीनाथपुर कोलियरी पहाड़ी बस्ती स्थित बजरंगबली मंदिर के तीसरे वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंगलवार को 24 घंटे अखंड हरी नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड हरी नाम संकीर्तन के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ गोपीनाथपुर कोलियरी स्थित खुदिया नदी पहुंची। नदी में मंदिर के पुजारी मैं पूरे वैदिक विधि विधान के साथ वरुण देवता का आह्वान कर कलश में जल भरवाया। उसके बाद लोग का नाचते गाते मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पुरोहित जी ने देवी पूजन मंडप प्रवेश करवाया तथा रामायण जी की पूजा अर्चना की। दोपहर 1:00 बजे से अखंड हरी नाम संकीर्तन शुरू हुआ। बुधवार को अखंड हरी नाम संकीर्तन की समाप्ति के बाद भंडारे की व्यवस्था की गई है। उक्त अवसर पर जल यात्रा में शामिल महिलाएं महिलाओं युवतियों एवं लोगों के लिए निरसा युवा सेवा दल के द्वारा सरवत एवं पानी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपीनाथपुर पहाड़ी बस्ती बजरंगबली मंदिर कमेटी के सदस्यों की भूमिका रही।

# फॉस्टेक प्रशिक्षण का आयोजन 80 प्रतिभागियों ने लिया भाग



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सदर अस्पताल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण एफएसएसएआई की गाइडलाइन के अनुसार ब्राहट फ्युचर डॉट कॉम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिया गया, जो एफएसएसएआई से प्रमाणित प्रशिक्षण संस्था है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ पवन कुमार ने बताया कि कैटरिंग और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से जुड़े लोगों को दो बैच में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें कुल 80 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षक सुब्रतो मित्रा ने खाद्य सुरक्षा के वैज्ञानिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया और इसके महत्व को व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से स्पष्ट किया। कार्यक्रम में अभिहित अधिकारी डॉ पदमेश्वर मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में बताए गए नियमों का पूर्ण पालन करने की सलाह दी। सभी प्रतिभागियों को एफएसएसएआई से फूड सेफ्टी सुपरवाइजर का प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिससे वे अपने-अपने

# बेटे की शादी के लिए बैंक से एक लाख रुपए निकालकर घर जा रही महिला से छिनतई

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** बैंक ऑफ इंडिया के सिंदरी शाखा से एक लाख रुपए निकाल थैले में रखकर अपने घर जा रही हीरा देवी से मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे छिनतई हुई है। इस दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने के डी कालोनी में ही हीरा देवी के शरीर से बाइक सटा दिया। जिससे वह सड़क पर गिर गई और बाइक सवार युवकों ने महिला से रुपयों से भरा थैला छीना और चलते बने।

बाइक सवार लुटेरों को रुपए छीनकर भागते देख हीरा देवी को सहसा झटका लगा और वह उठकर चिल्लाने लगी। तत्काल आसपास के लोग जुट गए। सिंदरी पुलिस को सूचना दी गई। सिंदरी पुलिस ने पहुंच कर पीड़िता हीरा देवी से पूछताछ किया। बैंक का सीसीटीवी फुटेज देखा। के डी कालोनी के आवास संख्या 103 में रहनेवाली पीड़िता हीरा देवी ने बताया कि लुटेरे युवक बैंक से ही उनपर नजर रखे हुए थे और रुपए लेकर बाहर निकलते ही रुपए का थैला छीनकर भाग गए। सूचना पाकर हीरा देवी का पुत्र प्रदीप सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचा। उसने बताया कि उसकी मां उसके शादी के लिए बैक से रुपए निकाली थी। प्रदीप सिंह की शादी 20 अप्रैल को धनबाद में होनी है। प्रदीप सिंह के पिता जग्गु सिंह नही हैं। इसलिए उसकी मां हीरा देवी को ही सारा काम करना पड रहा है। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार लुटेरे दिखाई दिए हैं। छानबीन की जा रही है। जल्द ही लुटेरों का शीघ्र पता चल जाएगा।

# गोविंदपुर में दो दिवसीय संतमत सत्संग का शुभारंभ प्रवचनों में मन की साधना पर दिया गया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर के महर्षि मेंही आश्रम, आकाशगंगा कॉलोनी लाल बंगला में मंगलवार से दो दिवसीय संतमत सत्संग का शुभारंभ हुआ। सत्संग के दौरान प्रवचनों में संतों ने मन की चंचलता और उस पर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि मन बड़ा रावण है, जो बिना संत या सद्गुरु के शासन के कभी नियंत्रित नहीं होता। जैसे मतवाले हाथी को अंकुश से वश में किया जाता है, वैसे ही मन को गुरु के ज्ञान से काबू में किया जा सकता है। प्रवचनों में यह भी कहा गया कि जो व्यक्ति अपने मन को जीत लेता है, वह संसार को भी जीत सकता है। मन को शुद्ध करने के लिए सत्संग, ईश्वर भजन और शुद्ध आचरण आवश्यक हैं। अगर मन बार-बार भटकता है तो उसे बार-बार समेटने का अभ्यास करना चाहिए, जैसे श्रीकृष्ण ने कहा है। ऐसा करते-करते मन नियंत्रित होता है और पवित्रता आती है। संतों ने यह भी कहा कि मन एक भूत की तरह है, जिसे साधना और सेवा से ही नियंत्रित किया जा सकता है। जब मन को सत्संग, गुरु सेवा और भजन में लगाया जाता है, तो धीरे-धीरे भजन मन में बस जाता है और मन पर अच्छे संस्कार पड़ते हैं। संत नरेशानंद, दशरथ महाराज, सकलानंद महाराज, बिंदु बाबा, संजय बाबा, विजय बाबा, नाथू बाबा, उदय बाबा, कृष्ण मोहन बाबा और रतन बाबा ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति के अध्यक्ष परमानंद प्रसाद ने की, जबकि संचालन रतन बाबा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अजय, सोनू, नीरज और बिनोद सिंह सहित कई स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।

# री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभिभावकों का अनिश्चितकालीन धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा स्थित डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में विद्यालय के अभिभावकगण मंगलवार से स्कूल परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं। अभिभावकों का कहना है कि जब तक री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी में स्कूल प्रबंधन द्वारा संशोधन नहीं किया जाता है तब तक हम लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। अभिभावकों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश के बावजूद डीएवी स्कूल निरसा के द्वारा रीएडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी की जा रही है। हम लोगों ने स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन से मिलकर बार-बार आग्रह किया कि मामले का समाधान निकल आए। परंतु स्कूल प्रबंधन के अड़ियल रवैया के कारण हम लोगों को यह कदम उठाना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन के लोगों का कहना है कि हम लोग री एडमिशन नहीं कर रहे हैं। परंतु री एडमिशन को नया नाम एनुअल चार्ज के रूप में अभिभावकों से वसूला जा रहा है। साथ ही स्कूल के फीस में भी बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है। ईसीएल प्रबंधन ने सीएसआर फंड से लगभग 7 करोड रुपए खर्च कर डीएवी स्कूल का भवन इसलिए बनवाया था कि निरसा क्षेत्र के ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। परंतु स्कूल प्रबंधन उसके उल्टे ही काम कर रहा है। ट्यूशन फीस एवं री एडमिशन चार्ज में इतनी बढ़ोतरी कर दी गई है कि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से वंचित रह जाएंगे। इस दिशा में स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ ईसीएल प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन को भी हस्तक्षेप करना चाहिए।

स्पीड न्यूज

### आंगनबाड़ी केंद्र से सोलर प्लेट की चोरी

**चैनपुर पलामू।** थाना के चोटहांसा 1 आंगनबाड़ी केंद्र से 5 अप्रैल की रात सोलर प्लेट की चोरी हो गयी है। यह जानकारी केंद्र की सेविका मीना देवी ने दी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के पेयजलापूर्ति के लिए पंचायत की ओर सोलर व मोटर लगाया गया था। 6 अप्रैल की सुबह देखा तो आंगनबाड़ी केंद्र पर लगे तीनों सोलर प्लेट गायब हैं।

### डुमरहाथा में 14 को शिव मंदिर का भूमि पूजन

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के ग्राम डुमरहाथा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर है। ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से बनने जा रहे शिव परिवार मंदिर का भूमि पूजन समारोह आगामी 14 अप्रैल को होगा। यह पवित्र अनुष्ठान सुबह 9 बजे आरंभ होगा, जिसमें महान संत यतिराज श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज स्वयं उपस्थित होकर अपने कर कमलों से भूमि पूजन करेंगे।

### एसडीओ और ईओ को किया सम्मानित

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला नगर में नवरात्र व रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण सफल बनाने व बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कुरमी टोला पटेल नगर में एसडीएम गौरांग महतो व नगर प्रसाशक तर्निश कुमार हंस को पूजा समिति के लीगो ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व सभी लोगों ने बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों की प्रशंसा की।

# गोविंदपुर में दो दिवसीय संतमत सत्संग शुरू, प्रवचनों में मन की साधना पर दिया गया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर स्थित महर्षि मेंही आश्रम, आकाशगंगा कॉलोनी लाल बंगला में मंगलवार से दो दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन प्रारंभ हुआ। सत्संग में संतों ने मन की चंचलता और उसकी साधना पर विशेष बल दिया। प्रवचन में कहा गया कि मन ही सबसे बड़ा रावण है, और जब तक इस पर किसी संत या सच्चे गुरु का नियंत्रण नहीं होता, तब तक यह सुधरता नहीं है। जैसे मतवाले हाथी को अंकुश से वश में किया जाता है, वैसे ही मन को गुरु ज्ञान और साधना से नियंत्रित किया जा सकता है।

संतों ने बताया कि जो अपने मन को वश में कर लेता है, वह पूरे संसार को जीत सकता है। मन को नियंत्रण में लाने के लिए सत्संग, ईश्वर भजन और शुद्ध आचरण आवश्यक हैं। बिना इनके मन की शुद्धि संभव नहीं है। कुछ लोग भजन तो करते हैं, लेकिन उनका मन इधर-उधर भटकता है। इस पर भगवान श्रीकृष्ण का उल्लेख करते हुए कहा गया कि जब मन भटके, तो तुरंत उसे समेटने का प्रयास करें। यह अभ्यास करते-करते मन एकाग्र हो जाता है और फिर पवित्रता का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रवचनों में यह भी कहा गया कि मन भी एक प्रकार का भूत है, जिसे नियंत्रण में लाने के लिए सत्संग, गुरु सेवा और भजन में लगाना चाहिए। धीरे-धीरे अभ्यास से भजन आत्मसात हो जाता है और मन पर संस्कार पड़ता है। भजन और साधना के माध्यम से ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इस अवसर पर स्वामी नरेशानंद, दशरथ महाराज, सकलानंद महाराज, बिंदु बाबा, संजय बाबा, विजय बाबा, नाथू बाबा, उदय बाबा, कृष्ण मोहन बाबा, रतन बाबा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति के अध्यक्ष परमानंद प्रसाद ने की और संचालन रतन बाबा ने किया। आयोजन में अजय, सोनू, नीरज, बिनोद सिंह सहित अन्य स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही।



## नीरज सिंह हत्याकांड में शूटर की अर्जी पर दोनों पक्षों की बहस पूरी

# हाथ बांध कर किसी को बचाव के लिए नहीं कहा जा सकता है

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में जेल में बंद शूटर सागर सिंह की याचिका पर मंगलवार को अदालत में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। बहस के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि किसी अभियुक्त को हाथ बाँध कर उसके बचाव का अवसर न देना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि एफएसएल रिपोर्ट को बिना डायरेक्टर की उपस्थिति में मार्क कर लिया गया और अभियुक्त को उसका प्रतिपरीक्षण करने का अवसर नहीं दिया गया, जो कि न्याय हित में आवश्यक है।

वहीं, सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ने इस अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि यह याचिका सिर्फ मुकदमे की प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबा खींचने का एक तरीका है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि बचाव पक्ष की इस याचिका को खारिज कर दिया जाए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फिलहाल आदेश सुरक्षित रख लिया है।

शूटर सागर उर्फ शिबू सिंह ने अदालत में आवेदन देकर एसएफएसएल रांची के डिप्टी डायरेक्टर आर.एस. सिंह और असिस्टेंट डायरेक्टर बी.के. ठाकुर को गवाही के लिए बुलाने की मांग की थी। सागर सिंह के अनुसार, एसएफएसएल ने इस मामले में फिंगरप्रिंट समेत अन्य वस्तुओं की जांच की थी, लेकिन अभियोजन पक्ष ने उन्हें गवाह के रूप में प्रस्तुत नहीं किया। चूंकि ये विशेषज्ञ गवाह हैं, इसलिए उन्हें अदालत में बुलाकर गवाही करवाई जानी चाहिए। यह मामला 21 मार्च 2017 का है, जब संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपनी फॉर्च्यूनर कार (जेएच10एआर-4500) से सरायढेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। कार में उनके साथ आगे की सीट पर ड्राइवर और पीछे की सीट पर उनका सहायक अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी सवार थे। स्टील गेट के पास स्पीड ब्रेकर पर गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाइकों पर सवार चार हमलावरों ने कार पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं, जिससे नीरज सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## इंद्र का घमंड चूर कर ब्रज वासियों से गोवर्धन पूजा की कार्रवाई शुरूआत : हिरण्मय गोस्वामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** इंद्र को अपनी शक्ति पर घमंड हो गया था, इसलिए भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा। उक्त बातें लुआडीह गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा छठे दिन मंगलवार को कथावाचक हिरण्मय गोस्वामी ने कही। उन्होंने कहा कि इससे नाराज होकर इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बारिश कराई। भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया और सात दिन तक उसे उठाये रखा।

जिससे ब्रजवासी सुरक्षित रहे और बाद में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव मनाने का आदेश दिया गया। कथा वाचन के दौरान हिरण्मय



गोस्वामी ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं एवं माखन चोरी लीला के प्रसंग को भी रखा। उक्त अवसर पर गांव के बच्चों ने ग्वाल बाल की झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्य सत्य किंकर घांटी, जगन्नाथ घाटी, स्वपन घांटी, उत्तम घांटी, आनंद घाटी, गोविंद घांटी, गौतम घांटी, बैद्यनाथ घांटी आलोक घांटी आदि की भूमिका रही।

# श्री श्याम दीवाने एग्यारकुंड के तत्वाधान में निशान यात्रा निकाली



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** श्री श्याम दीवाने एगारकुंड के तत्वाधान में कामदा एकादशी को श्री श्याम दरबार कुमारधुबी से श्री श्याम एवं बालाजी धाम मैथन के लिए एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की ध्वज लिए नाचते गाते बाबा के मंदिर पहुंचे और निशान अर्पण किया और मंडल के द्वारा एकादशी के शाम को मंदिर परिसर में भव्य कीर्तन का आयोजन किया।

मंडल के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि मैथन मै बाबा श्याम के मंदिर बन जाने से सभी श्याम भक्तों मै काफी उत्साह का माहौल है और सभी का सहयोग रहा तो यह कार्यक्रम हर ग्यारस को निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव खरकिया, अमित अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रकाश केडिया, प्रदीप केडिया शेखर शाव आदि थे।

# सांसद ढुल्लू महतो मामले में गवाह का बयान दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रंगदारी के लिए बीसीसीएल की रेल लाइन बिछाने के काम को बाधित करने मामले की सुनवाई मंगलवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में हुई। इस दौरान अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक प्रखर श्रीवास्तव ने गवाह मुकेश कुमार गुप्ता ,मीराज अंसारी एवं शाहिल को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। तीनों ने कोर्ट को दिए अपने बयान में कहा कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है।अभियोजन ने तीनों गवाह को पक्ष द्रोही घोषित कर दिया. अदालत ने अभियोजन को साक्ष्य पेश करने का आदेश दिया है. सांसद ढुलू महतो समेत



तेरह लोगों के विरुद्ध रंगदारी के आरोप में बरोरा थाना में प्राथमिकी 3 अगस्त 2021 को दर्ज की गई थी। पुलिस ने यह कार्रवाई बीसीसीएल की सोनारडीह से शताब्दी माइंस तक रेल लाइन बिछाने के कार्य में लगी एचसीपीएल और एमबीपीएल जेवी के अधीन कार्यरत पेटी कांट्रैक्टर मॉडर्न इंटरप्राइजेज कंपनी के प्रोपराइटर रियाज कुरैशी के लिखित शिकायत के आधार पर की थी। प्राथमिकी में रियाज ने आरोप लगाया था। कि 2 अगस्त 20 21 को साइडिंग पर काम चल रहा था। रामेश्वर महतो, आनंद शर्मा दस बारह लोगों के साथ कार्यस्थल पर आए और कहा कि विधायक जी बोले है कि काम बंद कर दो। कंपनी के मालिक को बुलाओ और मैनेज करो। बिना रंगदारी दिए एक इंच काम नही करने दिया जाएगा। जबरन काम का प्रयास किया तो खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जिससे वहां काम बंद हो गया था। घटना की सूचना दिए जाने के बाद डीएसपी निशा मुर्मू, बरोरा थानेदार नीरज कुमार दलबल के साथ कार्यस्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक काम बंद कराने वाले जा चुके थे। अनुसंधान के बाद पुलिस ने सांसद ढुल्लू महतो , आनंद शर्मा एवं रामेश्वर साव के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

## एक नजर में

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने आरोपी तोंपचाची निवासी हुसैन अहमद को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख निर्धारित की है। आरोपी इस मामले में बीते तीन वर्षों से फरार है, जिसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने अपना फैसला सुनाया। प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर तोंपचाची थाने में 2 नवंबर 22 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर उसे बुलाता था और उसके साथ दुष्कर्म करता था। घटना को एक बार ग्रामीणों ने देख लिया था जिसके बाद हुसैन पीड़िता से शादी करने के लिए तैयार हो गया था। परंतु बाद में वह अपने वादे से मुकर गया अनुसंधान के बाद पुलिस ने 24 जून 24 को आरोप पत्र दायर किया था 20 जुलाई 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने 12 गवाहों का परीक्षण कराया था।

### टिकट जांच में 05 लाख से अधिक वसूला गया जुमार्ना

**धनबाद।** रेल मंडल में 07 और 08 अप्रैल को मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद, गोमो, कोडरमा, बरकाकाना, डाल्टनगंज स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गयी। जिसमें बिना टिकट या वैध टिकट नहीं लेने वाले 1128 यात्रियों को पकड़ा गया। इन यात्रियों से 05 लाख 98 हजार 570 रूपए जुमार्ना लिया गया। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा ।

### चौथे चरण के तहत 16 अप्रैल बुधवार को आयोजित होगी जन शिकायत समाधान शिविर

**धनबाद ।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर 16 अप्रैल को पुलिस जन शिकायत समाधान के चौथे चरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे निरसा पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र के लिए शिविर नगर भवन चिरकुंडा में लगेगा। बाघमारा पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना का शिविर बी जी एम मैरेज हॉल राजगंज मे आयोजित होगा। सिंदरी पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना के लिए शिविर का आयोजन टाटा कम्युनिटी हॉल जामाडोबा में किया जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था अंतर्गत सभी थाना के लिए कला भवन लूबी सर्कुलर रोड में शिविर लगेगा। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 अंतर्गत सभी थाना के लिए हरदेव धर्मशाला गोविंदपुर में शिविर आयोजित होगा।पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 अंतर्गत सभी थाना के लिए मॉडल स्कूल लथूरिया टुंडी में शिविर आयोजित की जाएगी। जन शिकायत समाधान शिविर के तहत शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का संचालन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा।वहीं कार्यक्रम में शिकायतकर्ता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा लिगल वॉलेंटियर भी शिविर में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास भी किया जाएगा। पुलिस पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, नये कानून के बारे में जानकारी दी जाएगी।पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इस कार्यक्रम के दौरान शिविर में प्रदर्शित किया जाएगा।ताकि आम जनता को इसकी जानकारी दी जा सके।

### पुराना बाजार चैम्बर ऑफ कामर्स ने मिस इंडिया रनर अप को किया सम्मानित

**धनबाद।** मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट की रनरअप अंकिता बनर्जी को मंगलवार को पुराना बाजार चैंबर



ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सोहराब खान सहित अन्य सदस्यों ने सम्मानित किया। सोहराब ने कहा पुराना बाजार की अंकिता ने सफलता का यह मुकाम हासिल कर हम सभी का नाम रोशन किया है ' हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। ज्ञात हो की अंकिता का बचपन पुराना बाजार में बीता है। उनके पिता प्रीतम बनर्जी की बाजार में वर्षों पुरानी दुकान भी है। मौके पर विजय सैनी,नवनीत रिटोलिया,जय प्रकाश केजिवाल,संजय पांडेय,दिनेश प्रसाद,इमरान अली,सरदार नारायण सिंह,सलाउद्दीन महाजन,गोपाल प्रसाद रियासत हुसैन, सुरेंद्र साव उपस्थित थे।

# उम्र विवाद के खिलाफ महिला कोल कर्मी धरना पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** उम्र विवाद के मामले को लेकर केओसीपी में कार्यरत महिला कामगार सीमा कुमारी दूसरे दिन मंगलवार को भी बस्ताकोला क्षेत्र के गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर भूख हड़ताल पर बैठी रहीं। उनके समर्थन में भाकपा माले एवं मजदूर संगठन के लोग भी शामिल हैं। भाकपा माले के जिला सचिव बिंदा पासवान और जमसं के क्षत्रिय सलाहकार समिति क्षेत्र संख्या 9 के दिनेश सिंह ने कहा है कि जब तक महिला को न्याय नहीं मिलेगा हम लोग उनके साथ खड़े हैं।

बताते हैं कि सीमा कुमारी बस्ता कोला क्षेत्र के केओसीपी में कार्यरत है। पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर 30 जून 2023 को नौकरी मिली थी। 17 महीने काम करने के बाद उम्र विवाद का हवाला देकर केओ सीपी प्रबंधन 3 फरवरी 2025 को काम से बैठा दिया गया।कहा गया कि एसेसमेंट मेडिकल बोर्ड के अनुसार उम्र 37 साल चार महीना बताया गया है। जबकि सर्विस बुक में 33 साल 6 महीने हैं। सीमा का प्रोविजनल जॉइनिंग सर्विस बुक के अनुसार हुआ था। लेकिन प्रबंधन असेसमेंट मेडिकल बोर्ड का हवाला देकर उम्र विवाद का मामला खड़ा कर दिया और सीमा को काम से बैठा दिया गया। इधर बीसीकेयू तो सीमा के समर्थन में था ही अब जनता मजदूर संघ और भाकपा माले के समर्थन करने से प्रबंधन के लिए समस्या खड़ी हो गई है। कहा गया कि सीमा 15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेगी। मौके पर बिंदा पासवान, दिनेश सिंह, तुलसी रवानी, देवरंजन दास,निर्मल बाउरी, राजेंद्र पासवान, निताई माजी, निरंजन बाउरी, रंजीत सिंह, भगवान नोनिया, सृष्टि गोप, रोहन गोप, अलाउद्दीन अंसारी, आदि शामिल थे।

## पूर्व मंत्री के आवासीय कार्यालय में भाजपा की संगठनात्मक बैठक

# पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के जपला स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं का महाजुटान

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के जपला स्थित आवासीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद ग्रामीण, उर्द्धवार और नगर मंडल की संगठनात्मक बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने की। जिसमें मंडलों से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर पंचायत समेत अन्य चुनावों की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आह्वान किया कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को सशक्त बनाने में सभी को एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है। कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना सभी की प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को हर घर तक पहुंचाना है।भाजपा के युवा नेता सूर्या सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उदाहरण देते हुए कार्यकर्ताओं को कहा कि नरेंद्र मोदी जी जब संगठन में थे, तो उन्होंने वर्षों तक बिना किसी पद के देशभर का दौरा किया, जनता से जुड़े, उनकी समस्याएं सुनीं, समाधान सुझाये।

### ज्योति कलश यात्रा रथ का स्वागत

**सतबरवा पलामू।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार ने वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष सह अखंड ज्योति पत्रिका एवं अखंड दीप प्रज्ज्वलन के शताब्दी वर्ष पर भारत भ्रमण में निकले ज्योति कलश यात्रा रथ का भव्य स्वागत सतबरवा प्रखंड के खामडीह में आरती एवं पूजन से गायत्री परिवार के लोगों ने किया। रात्रि में महावीर चौक के प्रांगण में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन मौके पर हरिद्वार की टोली नायक शिवकुमार महतो, राजकुमार महतो, अशोक मेहता, अशोक महतो, संजय कुमार, सत्यनारायण मेहता, सुभाष प्रसाद, संतोष प्रजापति, सतन जायसवाल, दिलीप पाठक समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखंड के एफसीआई मैनेजिंग डायरेक्टर व पलामू के आपूर्ति पदाधिकारी ने पाटन एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण

# सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** झारखंड राज्य एफसीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर दिलीप तिर्की एवं पलामू आपूर्ति पदाधिकारी प्रिती किस्कू ने पाटन एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया। पूरे राज्य में सरकार के द्वारा एफसीआई गोदाम का आधुनिकीकरण किया जाना है उसी के आलोक में पाटन एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अधिकारियों ने पाटन एफसीआई गोदाम में मुलभूत समस्या से अवगत हुए। वहीं गोदाम



का स्टॉक रजिस्टर, बोरा का वजन, रख रखाव इत्यादि देखी गयी। पाटन एजीएम देवप्रिय ने बताया कि भवन में क्या-क्या कमी है और क्या जरूरत है। उसका ब्योरा निरीक्षण के दौरान लिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा एफसीआई गोदाम में शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, धर्मकांटा का निर्माण किया जायेगा, जिसको लेकर निरीक्षण किया गया है। कहा गया कि सरकार के निर्देश व मांपदंडों का अनुपालन एफसीआई गोदामकर्मी हर हाल में करें। उन्होंने कहा कि गोदामकर्मी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें तो बेहतर होगा।

सरकार की योजनाओं में गड़बड़ी करने वाले व कोताही बरतनेवाले कर्मियों पर कार्रवाई भी की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर दिलीप तिर्की ने गोदाम कर्मी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

### सर्पदंश से महिला घायल, गढ़वा रेफर

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी लालहकी दामर टोला में बीती रात्रि एक जहरीला सांप के काटने से उपेंद्र राम की पत्नी सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे घायलावस्था में स्वजनों ने भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। सरिता ने बताया कि रात्रि में खाना बनाने के दौरान एक करैत सांप ने काट लिया था।

### श्री सूर्य नारायण मंदिर के तीसरे स्थापना दिवस पर होगी राम कथा

**केतार।** सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर के तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर 12 से 14 अप्रैल तक श्री सूर्य सहस्त्रार्चन एवं प्रत्येक दिन संध्या सात बजे से दस बजे तक संगीतमय राम कथा व ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इसका सफल आयोजन को लेकर यज्ञ कमेटी का गठन किया गया। जिसमे यज्ञ कमेटी का अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव मंजेश गुप्ता, उप सचिव दिव्यांकर वर्मा, कोषाध्यक्ष पप्पू चौधरी, उप कोषाध्यक्ष सुधीर प्रसाद, सूचना मंत्री अभिषेक ठाकुर, व्यवस्थापक दिनेश गुप्ता को बनाया गया है। वहीं अजय सिंह, सूरज वर्मा, दिनेश वर्मा, रविकांत चंद्रवंशी शिवभरोष सिंह, बिट्टू सिंह, दीपक वर्मा, नगीना वियार को निगरानी समिति का सदस्य बनाया गया है। मौके पर दिल किशोर प्रसाद, सुनील साह, सुनील चौबे, दिनेश चंद्रवंशी, अमित वर्मा, अमित कमलापुरी, महंगू साह, नीलेश कुमार, देवानंद गुप्ता, अमरकेश कुमार, कुंदन कुमार, शशांक सौरव पंडित, राजन चंद्रवंशी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

**कांडी।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय राणाडीह में मंगलवार को मुखिया ललित बैठा, एसएमसी अध्यक्ष पूजा कुमारी, हेडमास्टर शैलेश कुमार पंडित ने स्कूल में अध्ययनरत 113 बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया। मुखिया ललित बैठा ने कहा कि बच्चों को सरकार सभी तरह का व्यवस्था दे रही है। बच्चे शिक्षा पर ध्यान दें। अच्छी शिक्षा प्राप्त कर वो आगे बढ़ें। मौके पर शिक्षक अरुण मेहता, वरुण कुमार शर्मा, मनोज कुमार चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा आयोजित

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था ने मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा किया। जिसमें प्रसाद स्वरूप पूड़ी व सब्जी, बुंदिया व रसगुल्ला बंटा। कार्यक्रम में संतोष जायसवाल ने पुत्र शुभाशीष के साथ छोटे पुत्र शिबुतोष के जन्मदिन पर साप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया। संतोष ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था फूड फॉर हंगर कार्यक्रम चल रहा है, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, यश गुप्ता, पियूष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को दी गयी नियमों की जानकारी

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकश के निर्देश पर जिले के उत्क्रमित हाई स्कूल ओबरा में छात्रों के बीच काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य बताये गये।

# प्रसव पीड़ा से तड़पती रही गर्भवती पर नहीं खुला उप स्वास्थ्य केंद्र टंडवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** आजादी के 78 वर्ष बाद भी गरीब मजदूर मौलिक अधिकारों से आज भी वंचित हैं। प्रखंड में हृदय को मर्माहत करने वाली घटना घटी। टंडवा पंचायत की महिला पूनम देवी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। वह घर पर बूढी सास ससुर के साथ रहती है। सास नागवंती देवी आनन- फानन में पीड़िता को लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र टंडवा पहुंची। लेकिन उप स्वास्थ्य केंद्र बंद होने की वजह से बाहर ही करकट के शेड में पीड़िता को लेटा दी और इंतजार करने लगी। प्रसव पीड़ा से पूनम कराहती रही काफी देर तक जब कोई भी नहीं आया तो राहगीरों और पंचायत में उपस्थित लोगो से सास ने इस केंद्र के खुलने के बारे में पूछा। तब उस समय पीएलवी राकेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क कर जानकारी ली तो पता चला की इस केंद्र के पदस्थापित सीएचओ अवकाश में हैं। तब ममता वाहन को कॉल कर प्रसव पीड़ा से पीड़ित पूनम को सामुदायिक केंद्र भेजा गया। इस सम्बन्ध में अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि इस केंद्र के एएनएम की ऑपरेशन हुआ हैं वो छुट्टी में हैं और सीएचओ 9 से 3 रहते हैं। केंद्र बंद होने के बारे में पूछा तो बोली की रमना कितना दूर हैं वहां भेजवा नहीं सकते और फोन काट दी।



अस्पताल के बाहर बनी शेड पर प्रसव पीड़ा से तड़पती गर्भवती व साथ में सास।

# एसपी ने भूमि पूजन कर रखी पुलिस पदाधिकारी आवास की आधारशिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** गढ़वा एसपी दीपक पांडेय एवं पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने मंगलवार को संयुक्त रूप से भवनाथपुर थाना परिसर में बनने वाली पुलिस पदाधिकारी आवास की आधारशिला भूमिपूजन के उपरांत नारियल फोड़कर तथा ईंट जोड़ाई कर रखी। मौके पर एसपी श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के तहत 3.50 करोड़ रुपए की लागत से आनंद कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण कराई जायेगी। थाना में श्री बीएचके के 16 आवास का निर्माण होगा। कहा कि पहले थाना में आवासीय परिसर नहीं होने के कारण पुलिस कर्मी एवं पदाधिकारियों को अपने परिवार के साथ नहीं रह सकते थे, अब आवास बन जाने से पदाधिकारी और कर्मी अपने अपने परिवार के साथ रह सकते है। कहा कि उक्त आवास का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा डेढ़ वर्ष के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी, एसआई प्रदीप उरांव, परवेज आलम, निरंजन शर्मा, एएसआई उपेंद्र राम, आशुतोष श्रीवास्तव, भाजपा नेता कामता प्रसाद आदि उपस्थित थे।



भवन निर्माण के लिए पूजा अर्चना करते एसपी दीपक पांडेय व अन्य।

## पूर्व पेयजल मंत्री ने किया देवी जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन

# श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करें : मिथिलेश

- मां शायर देवी धाम का मना पांचवां वार्षिक महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के पांचवे वार्षिक महोत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। महोत्सव के दसवें दिन सोमवार की रात्रि में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने लिटिल स्टार आर्यन बाबू के साथ फीता काटकर किया।

मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को हम सभी रामनवमी के रूप में मनाते हैं। प्रभु श्री राम अपने कर्मों और आदर्शों से जाने जाते हैं, उनके द्वारा बताये गये आदर्श को सभी को आत्मसात करना चाहिए। उनके द्वारा बताये गये उंच-नीच जात-पात का भेद मिटाना होगा तभी मां दुर्गा, भगवान राम प्रसन्न होंगे और हम सभी के जीवन में खुशहाली आयेगी और ऐसा धार्मिक आयोजन सार्थक होगा। श्री ठाकुर ने जोर देकर कहा कि मुट्ठी भर लोग अपने स्वार्थ में हमें बांटने का काम करते हैं वैसे लोगों से सावधान रहना होगा। तभी हमारे जीवन में खुशहाली आएगी, बिजली-पानी मिलेगा, अच्छी सड़क होगी, बच्चों के लिए अच्छे स्कूल होंगे। पूर्व मंत्री ने भोजपुरी सिनेमा के उभरते बाल कलाकार आर्यन बाबू की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



मां शायर देवी धाम के पांचवें वार्षिक महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रोता।

इससे पहले सभी अतिथियों तथा देवी जागरण के लिए आए भोजपुरी सिनेमा के उभरते कलाकार आर्यन बाबू एवं खुशबू शर्मा को फूल माला तथा पूर्व मंत्री मिथिलेश को फूल माला, अंग वस्त्र तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री ने देवी धाम संचालन समिति को 61 हजार रुपए सहयोग के रूप में दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, थाना प्रभारी विष्णु कांत, प्रेमचंद प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, रेखा चौबे, आराधना सिंह, रेखा पाठक, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभू राम, प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, अतहर अली, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल, डॉ अनिल साह आदि उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण पुस्तकालय में लगा आर ओ वाटर कूलर



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के समीप श्रीकृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल मिलेगा। मंगलवार को पुस्तकालय में आरो वाटर कूलर का अधिष्ठापन शहर के चिरौंजिया स्थित जेएमडी हीरो शोरूम के निदेशक मार्तंड प्रताप सिंह एवं सहायक निदेशक मणिभद्र सिंह ने सीएसआर योजना के तहत कराया। इसका उद्घाटन एसडीओ संजय कुमार, जेएमडी हीरो शोरूम के सहायक निदेशक मणिभद्र सिंह और पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि पानी पिलाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। पुस्तकालय में पढ़ाई कर रहे छात्रों ने स्वच्छ जल की मांग की थी, जिसके बाद जेएमडी हीरो शोरूम से सहयोग लेकर यह सुविधा उपलब्ध कराई गई। मणिभद्र सिंह ने कहा कि छात्रों की सेवा करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी वे इस तरह के सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। मौके पर पुस्तकालय के कई छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद थे।

# घर में लगी आग, गैस सिलिंडर ब्लास्ट होने से मची अफरातफरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के राणाडीह पंचायत अंतर्गत कुरकुटा गांव में एक घर आग लगने से पूरी तरह राख हो गया। घटना मंगलवार 3:30 बजे की है। आग इतना तेज था कि आग को बुझाया नहीं जा सका। घटना के विषय में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घर का मालिक सिराजुद्दीन अंसारी ने स्वयं से अपने घर में आग लगाकर कहीं फरार हो गया। उसकी पत्नी घटना के समय घर पर नहीं थी वह रेहला गयी हुई है। घर से आग की लपटें निकलता देख गांव के लोग आग बुझाने के लिए पाइप वगैरह लेकर दौड़े उसी समय घर मे रखा बड़ा गैस सिलिंडर तेज आवाज के साथ ब्लास्ट कर गया। गैस सिलिंडर के



फटने से घर का दीवार का ईंट फट कर लगभग 50 फिट दूर तक गया। आग बुझाने के लिए खड़े कुछ ग्रामीणों को चोट भी लगी है। कई घंटों तक घर से आग की लपटें निकल रहा था। सिराजुद्दीन अंसारी के साला सद्दाम अंसारी के द्वारा चौकीदार व मुखिया को घटना की सूचना दिया गया है। इस आगजनी में घर मे रखे कौन कौन सामान जला है पता नही चल सका है और कितना का नुकसान हुआ है जब घर के कोई आयेगा तब ही पता चल सकता है।

# खराब पड़े चापाकल होंगे दुरुस्त

- चापाकल मरम्मत वाहन को डीसी ने किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अंतर्गत चापाकल मरम्मति वाहन को डीसी शेखर जमुआर ने हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। बताते चलें कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं गांवों में लगे चापाकल, खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति के लिए चापाकल मरम्मति वाहन का संचालन कराया जा रहा है, जिसमें मिस्त्री एवं मजदूर द्वारा खराब पड़े चापाकलों को बनाया जाएगा।




हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना करते उपायुक्त व अन्य।

डीसी श्री जमुआर ने बताया कि चापाकल मरम्मति वाहन संबंधित खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति करते हुए पेयजल की व्यवस्था करने का कार्य करेगी। खराब पड़े चापाकल की मरम्मति के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसके टोल फ्री नंबर- 18003456502 पर भी संपर्क करते हुए चापाकलों की मरम्मति के लिए सहायता प्राप्त की जा सकती है। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**(सूचना)**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 दिनांक 21.03.2025 जिसका PR No. 349643 (Drinking Water and Sanitation) 24-25*D है जो विभिन्न स्थानों में HYDT एवं सोलर अधारित जलापूर्ति योजना का निर्माण से संबंधित है को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़

PR 349929 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D



**कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**
**(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची)**
**Phone/Fax No: 0651-2215618**
**Email ID:- csofficeranchi@yahoo.com**

**सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत पत्रांक 4079 (DHS) रांची, दिनांक– 01.03.2025 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन संख्या– 01/2025 (PR-347579) में निहित आवेदन की अंतिम तिथि 02.04.2025 से बढ़ाकर 22.04.2025 तक की जाती है, शेष शर्ते यथावत रहेगी।

PR 349959 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची


## स्वास्थ्य दिवस पर पीएलवी का डोर टू डोर कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने जिले के रंका प्रखण्ड स्थित विश्रामपुर पंचायत के मुंडा टोली में मनोज एक्का के घर पर डोर टू डोर अभियान के तहत संपर्क किया। इससे पूर्व भी पीएलवी ने सर्वे पाया था कि मनोज एक्का लकवा से ग्रसित हैं। पीएलवी ने डॉक्टरों की चार सदस्यीय टीम गठित कर मनोज एक्का के घर पहुंच कर डॉक्टरी सलाह दिया और बताया कि लकवा पीड़ित व्यक्ति को स्वस्थ और आरामदायक जीवन जीने के लिए, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। साथ ही मानसिक रूप से सकारात्मक रहने की कोशिश करनी चाहिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत कार्यरत सीएचओ अनिमा टोप्पो ने मरीज की जांच करते हुए। बीपीआरबीएसएचबी जांच किया, जिसमें सभी का रिजल्ट नॉर्मल पाया गया। अनिमा टोप्पो ने मरीज को सलाह देते हुए बताया कि करेला, मिट्टी का लेप, तुलसी-दही का मिश्रण इत्यादि लेते रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि समय समय पर डॉक्टरी सलाह, के साथ सहायता भी दी जाएगी, साथ ही 500 रुपए ट्रेवलिंग भता भी दिलाएगी। मौके पर रामप्रवेश प्रसाद, निरल होरो आदि उपस्थित थे।



जानकारी लेते पीलएवी।


**कार्यालय :-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरुप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश विभागीय ज्ञापांक-108(21) दिनांक-14.08.2024 द्वारा निर्गत है। उक्त दिशा-निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य के सभी सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा Consultant के रूप में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैनल निमार्ण हेतु Expression of Interest आमंत्रित किए जाते है। यह विज्ञप्ति विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल निमार्ण हेतु जारी किया किया जा रहा है। यह प्रकिया किसी निश्चित अवधि तक सीमित न होकर सतत् (Continue) जारी रहेगी, जिससे इच्छुक चिकित्सक किसी भी समय आवेदन कर सकते है।

चयन समिति द्वारा पैनल को आवश्यकतानुसार अनुमोदित किया जायेगा। तदोपरांत संबंधित अस्पताल द्वारा इनसे सेवा ली जायेगी। निम्नांकित विशेषज्ञता/अति विशेषज्ञता विभागों हेतु विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें Consultant के रूप में वांछित हैं:-

| क्र0 | अति विशेषज्ञता विभाग का नाम | क्र0 | विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | Cardiology | 11 | Medicine (Physician) |
| 02 | Cardiothoracic and Vascular Surgery (CTVS) | 12 | General Surgery |
| 03 | Neurology | 13 | Orthopedics |
| 04 | Neurosurgery | 14 | Obst. & Gynecology |
| 05 | Medical Oncology | 15 | Pediatrics |
| 06 | Surgical Oncology | 16 | Ophthalmology |
| 07 | Urology | 17 | ENT |
| 08 | Nephrology | 18 | Psychiatrist |
| 09 | Medical Gastroenterology | 19 | T.B & Chest |
| 10 | Surgical Gastroenterology | 20 | Skin & V.D |
| | | 21 | Anesthetist |

2. आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा :-
   i. विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए- MBBS, MD/MS/DNB (Specialty)
   ii. अतिविशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए- DM/MCH/DNB (Superspecialty)
3. पैनल निर्माण एवं चयन प्रक्रिया :-
   i. इच्छुक चिकित्सकों का चयन-Walk-in-Interview के माध्यम से किया जाएगा।
   ii. योग्य चिकित्सकों की सूची तैयार कर पैनल में शामिल किया जाएगा।
   iii. अस्पताल आवश्यकतानुसार उनसे सेवाएँ प्राप्त करेगी।
   iv. यह प्रक्रिया निरंतर (Rolling basis) पर जारी रहेगी अर्थात इच्छुक चिकित्सक कभी भी आवेदन कर सकते है और निर्धारित तिथियों पर आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते है।
   v. सरकारी नौकरी में कार्यरत चिकित्सक इन पदों के लिए योग्य नहीं होंगे।
5. सेवा की शर्त एवं Remunerations -
   (क) अतिविशेषज्ञ / विशेषज्ञ चिकित्सकों (Superspeciality/Specialty Consultants) की ली जाने वाली सेवाओं के लिए विभागीय संकल्प सं0-108(21) दिनांक-14.08.2024 के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।
   इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला संशोधन स्वतः प्रभावी होगा।
   (ख) Consultant चिकित्सकों की सेवा का मूल्यांकन उनके Performance के आधार पर समय-समय पर किया जायेगा। Performance असंतोषजनक पाये जाने पर संबंधित चिकित्सकों को पैनल से बाहर करते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।
6. Walk-In-Interview का स्थान :- साक्षात्कार की तिथि :- 16.04.2025
   समय :- 01:00 बजे अपराह्न
   स्थान :- सिविल सर्जन कार्यालय सभागार, खूँटी
7. सभी इच्छुक उम्मीदवार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्ण रूपेण भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय वाक-इन-इन्टरव्यू में उपस्थित होंगे।
8. इस विज्ञापन को स्थगित करने, किसी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं रिक्ति के अवशेष रहने की अवस्था में पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने का सर्वाधिकार स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को सुरक्षित रहेगा।

PR 349905 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी


# मासिक गुरु गोष्ठी के बहाने पर कई मुद्दों पर चर्चा

- रमना के प्रखंड संसाधन केंद्र में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड संसाधन केंद्र रमना में मंगलवार को मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में नया नामांकन, आपार आईडी, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, बाल संसद व ईको क्लब का गठन, हाउस निर्माण, एसएमसी बैठक एवं बेसलाइन सर्वे आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने कहा कि प्रधानाध्यापक सभी कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें, ताकि कार्रवाई की नौबत न आए। उन्होंने कहा कि आपार आईडी जरनेट मामले में प्रखंड के विद्यालय की स्थिति चिंताजनक है।



मासिक गुरु गोष्ठी में शामिल लोग।

आपार आईडी जरनेट कार्य में तेजी लायें, अगर इसमें कोई समस्या हो, तो एमआईएस से संपर्क करें। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने कहा कि शिशुपंजी के आधार पर नया नामांकन के लिए टारगेट का लिस्ट सभी विद्यालय में होना आवश्यक है। वहीं वर्ग पांचवीं, आठवीं, नौवीं एवं दसवीं के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन अगले वर्ग में कराना सुनिश्चित करें। नीति आयोग विभाग के शिल्पा सिंह ने कहा कि प्रखंड की स्थिति प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति में ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तिथि विभाग द्वारा बढ़ा कर 30 अप्रैल कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक शेष बचे बच्चों का रजिस्ट्रेशन अविलंब करें, ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके।

**ये भी रहे उपस्थित :** बैठक में नीति आयोग के पूजा कुमारी, बीआरपी नरेंद्र तिवारी, लेखापाल प्रेम निलम सामद, रिसोर्स टीचर उपेंद्र कुमार, प्राध्यापक राजेश पांडेय, राकेश पांडेय, शारदा कुमारी, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज कुमार देव, संतोष राम, रामदयाल सिंह, मनोज कुमार सिंह, नंदकिशोर चौबे, गिरेंद्र सिंह, दिवाकर सिंह, आनंद देव यादव, रवि कुमार, रामसुंदर सिंह, राम लखन राम, अशोक खलको एवं जितेंद्र शर्मा सहित कई प्राध्यापक भी थे।

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार .09 अप्रैल 2025

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## यूरोप की ओर नजर

अमेरिका की तरफ से उच्च शुल्क लगाए जाने से पैदा हुए अनिश्चित वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चरणबद्ध ढंग से बातचीत करने की संभावना तलाश रहे हैं। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इसी तरह दो चरणों में व्यापार समझौतों पर बातचीत की थी। दो चरणों वाली प्रक्रिया के तहत दोनों पक्षों को उन क्षेत्रों की पहचान करने का अवसर मिलता है जहां आसानी से सहमति बन सकती है। व्यापार से जुड़े जटिल मुद्दों को बाद के चरणों के लिए रख दिया जाता है। यूरोपीय संघ के साथ प्रस्तावित एफटीए पर चरणों में बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में इस प्रस्तावित समझौते के लिए दसवें दौर की वार्ता पूरी की थी। अगले दौर की बातचीत मई में नयी दिल्ली में होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ हाल ही में भारत दौरे पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लिएन की यात्रा के बाद एफटीए पर वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और यह तेजी पकड़ रही है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की थी। बातचीत का सिलसिला बाजारों को खोलने के स्तर को लेकर उभरे मतभेदों के कारण 2013 में रुक गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला ने इस साल के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर सहमति जताई थी। भारत के कुल निर्यात में यूरोपीय संघ का हिस्सा लगभग 17 प्रतिशत है जबकि भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल निर्यात का नौ प्रतिशत है।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत की डेमोग्राफी बदलने को घुसपैठ एक बड़ा षड्यंत्र





- रमेश शर्मा

**भारत** की डेमोग्राफी बदलने के लिये पाकिस्तान और उसके हिस्से पर बना बांग्लादेश पहले दिन से षड्यंत्र कर रहे हैं। इन दोनों देशों के करोड़ों नागरिक चरण छुपे भारत के कोने कोने में बस गये हैं। इस घुसपैठ को रोकने के लिये भारत सरकार ने कानून बनाया है। और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी भी दी है कि भारत को धर्मशाला नहीं बनने देंगे। चूंकि पूरे देश में घुसपैठियों का अपना नेटवर्क है।

दुनिया के कई देशों में उतनी जनसंख्या नहीं है जितने भारत में घुसपैठिए हैं। अलग-अलग एजेंसियों ने भारत में घुसपैठियों के अलग-अलग आंकड़े बताये हैं। किसी ने तीन करोड़ तो किसी ने पांच करोड़। भारत में घुसपैठ की समस्या आज की नहीं है। यह पहले दिन से है। और निश्चित योजना के अंतर्गत घुसपैठ की जा रही है। मुस्लिम लीग और मोहम्मद अली जिन्ना ने भले पाकिस्तान ले लिया था। लेकिन उन्होंने भारत के रूपांतरण का कुचक्र बंद नहीं किया था । वे पूरे भारत को अपने रंग में रंगना चाहते थे। इसे छुपाया भी नहीं था। पाकिस्तान निर्माण के साथ एक नारा खुलकर लगाया गया था ₹हंस के लिया है पाकिस्तान, लड़कर लेंगे हिन्दुस्तान₹। यह नारा ₹गज्बा-ए-हिन्द₹ के लक्ष्य को पूरा करने के लिये था।

पाकिस्तान ने आकार भले 14 अगस्त 1947 में लिया पर इस योजना पर काम बहुत पहले से आरंभ हो गया था। इसे भोपाल, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासतों और देशभर के सभी प्रभावशाली मुस्लिम परिवारों की भूमिका से समझा जा सकता है। अधिकांश लोग पूरी तरह पाकिस्तान नहीं गये थे। वे अपने परिवार के एक दो सदस्यों को भारत में ही छोड़ गये थे। ताकि उनकी संपत्ति भी सुरक्षित रहे और भारत के रूपांतरण कुचक्र आगे भी चलाया जाता रहे। मोहम्मद अली जिन्ना अपनी एक पत्नि को लेकर पाकिस्तान चले गये थे लेकिन अपनी बेटी को भारत में ही छोड़ गये थे। ताकि भारत में उनकी संपत्ति सुरक्षित रह सके। कहानी ऐसी प्रचारित हुई मानों जिन्ना की बेटी ने विद्रोह कर दिया हो। पाकिस्तान समर्थक भोपाल नबाब हमीदुल्लाह खान की भी यही कहानी है। एक बेटी पाकिस्तान चली गई और एक बेटी भोपाल में संपत्ति सहेजे रही और वे स्वयं आते-जाते बनी रही ।

मुस्लिम लीग के कोटे से संविधान सभा में पहुंचे असम के योगेन्द्र नाथ मंडल की भी यही कहानी है। यह मुस्लिम लीग और पाकिस्तान समर्थकों की रणनीति से भारत में उनके सभी धर्म स्थल, मदरसे, मजार, दरगाह और पाकिस्तान गये अधिकांश लोगों की संपत्ति भी सुरक्षित रही। पाकिस्तान गये लोगों की संपत्ति सुरक्षा के लिये गांधीजी ने अनशन भी किया था। यह गांधीजी के जीवन का अंतिम अनशन था जो 13 से 18 जनवरी 1948 में दिल्ली में किया था।

आज बीता हुआ समय इतिहास बन चुका है। इतिहास की घटनाएं हमारे सामने हैं। हम एक एक विन्दु की समीक्षा कर सकते हैं। बंटवारे के बाद भी पाकिस्तान के नायकों ने चैन की सांस नहीं ली। पाकिस्तान ने दो स्तर पर अभियान चलाये। एक तो पाकिस्तान क्षेत्र से हिन्दुओं को मार-मार कर भगाना, उनकी संपत्ति छीनना अथवा उनका मतान्तरण कराना। दूसरे भारत की और भूमि पर अपना अधिकार करना। इसे भोपाल, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासत के शासकों की भूमिका और कबाइलियों के रूप में कश्मीर पर किया गया आक्रमण समझा जा सकता है। कश्मीर के बड़े भाग पर आज भी पाकिस्तान का अनाधिकृत अधिकार है।

> **मोहम्मद अली जिन्ना अपनी एक पत्नि को लेकर पाकिस्तान चले गये थे लेकिन अपनी बेटी को भारत में ही छोड़ गये थे। ताकि भारत में उनकी संपत्ति सुरक्षित रह सके। कहानी ऐसी प्रचारित हुई मानों जिन्ना की बेटी ने विद्रोह कर दिया हो। पाकिस्तान समर्थक भोपाल नबाब हमीदुल्लाह खान की भी यही कहानी है। एक बेटी पाकिस्तान चली गई और एक बेटी भोपाल में संपत्ति सहेजे रही और वे स्वयं आते-जाते बनी रही ।**

भारत में घुसपैठ स्वतंत्रता के पहले दिन से चल रही है। यह ठीक है कि मुस्लिम समाज के कुछ परिवार भारत को अपनी जन्म भूमि मान कर पाकिस्तान नहीं गये थे। लेकिन जो अपने आधे परिवार को भारत में छोड़कर गये थे और पाकिस्तान जाकर लौटे वे पूरी योजना के साथ । इसीलिए पाकिस्तान के आकार लेने के बाद भी भारत में न लव जिहाद रुका और न लैंड जिहाद। यदा-कदा पाकिस्तान के झंडे भी लहराये जाते हैं और नारे भी सुनाई देते हैं। घुसपैठियों के लिये पहले कश्मीर और नेपाल सीमा मुख्य मार्ग हुआ करता था। बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ में तेजी 1971 के बाद आई। घुसपैठियों को भारत पाकिस्तान युद्ध एक बहाना मिला और करोड़ों लोग युद्ध शरणार्थी बनकर भारत में घुस आये। 1971 का वह भारत-पाकिस्तान युद्ध दुनिया का पहला युद्ध नहीं था। जब से देशों की सीमाएं बनीं हैं तब से दुनियं भर में युद्ध हो रहे हैं।

युद्ध के कारण कितने देश नये बने और कितनों का अस्तित्व समाप्त हुआ। युद्ध साधारण भी हुये और विश्व युद्ध भी । लेकिन बांग्लादेश के युद्ध में जितने शरणार्थी भारत आये उतने दुनियां के किसी युद्ध देश में नहीं देखे गये। युद्ध तो केवल सत्रह दिन चला लेकिन इसके बहाने करोड़ों लोग भारत में घुस आये। युद्ध की समाप्ति और बंगलादेश बन जाने के बाद इन्हें अपने देश लौट जाना था। लेकिन अधिकांश लौटे ही नहीं। चूंकि वे शरणार्थी नहीं थे, भारत की डेमोग्राफी बदलने की योजना लेकर भारत आये थे। इसीलिए लौटकर नहीं गये। इसके साथ ही बांग्लादेश की सीमा से घुसपैठ और तेज हो गई। बांग्लादेशी के घुसपैठियों के साथ रोहिंग्या भी जुड़ने लगे। इन सबकी मानों एक युति बन गई। इसके चलते बांग्लादेश और म्यांमार से लगने वाली भारतीय सीमा से लगे हर गांव और नगर की डेमोग्राफी बदल गई है। **अनुमान है पश्चिम बंगाल में 57 लाख और असम में 50 लाख से अधिक बांग्लादेशी बस गये हैं।**

भारत में रहने के लिये आधार कार्ड और अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास हैं। भारत के सीमा प्रांतों में मुस्लिम जनसंख्या बढ़ने का कारण ही ये घुसपैठ ही हैं। असम प्रांत के बारपेटा, धुबरी, दरांग, नौगांव, करीमगंज, दारंग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, धुबरी, गोलपारा और लाकांडी जिलों में मुस्लिम आबादी 50 से 80 प्रतिशत तक हो गई है। राज्य के नलबाड़ी, कछार और कामरूप में भी धार्मिक जनसंख्या में भारी बदलाव आया है। इन घुसपैठियों के कारण राज्य के 45 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं का वर्चस्व स्थापित हो गया है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल के मालदा, दिनेशपुर, छपली नवबादगंज, मुर्शिदाबाद और 24-परगना जिलों में भी बांग्लादेश घुसपैठियों का बोलबाला हो गया है। ये घुसपैठिए बहुत आक्रामक भी हैं। उनके भय से हिन्दू पलायन करने लगे हैं। बिहार के अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिलों में भी मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित तौर से बढ़ी है। आशंका है कि इस घुसपैठ में बंगलादेश के रास्ते आये पाकिस्तानी नागरिक भी हो सकते हैं जो आईएसआई की योजना से भारत आये हैं। किशनगंज में मुस्लिम जनसंख्या 67.58 प्रतिशत हो गई है और हिंदू जनसंख्या 31.43 प्रतिशत रह गई है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। वर्ष 2000 में भारत सरकार के तत्कालीन गृह सचिव माधव गोडबोले ने अपनी एक रिपोर्ट में बांग्लादेश घुसपैठियों की संख्या लगभग डेढ़ करोड़ बताई थी। जबकि कुछ अन्य एजेन्सियों ने यह संख्या ढाई से तीन करोड़ बताई थी। वर्ष 2014 में सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर जोगिंदर सिंह के अनुसार घुसपैठियों की संख्या पांच करोड़ अनुमानित की थी।

## लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

**यह** तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

प्रशासन की ओर से श्री महावीर मंडल, श्रृंगार समिति, चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा महावीर मंडल, महानगर महावीर मंडल, तपोवन मंदिर समिति, केंद्रीय सरना समिति और विशेष कर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यों को आभार, धन्यवाद और बधाई। इन सभी पर्वों के सफल, शांतिपूर्ण एवं भव्य आयोजन में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया तथा पोर्टल मीडिया की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। इन माध्यमों ने सामाजिक समरसता, सौहार्द, जनभावना एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निष्ठा, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ किया।

**– जिला प्रशासन, रांची**

# इस्लाम और हिन्दुत्व की प्रकृति भिन्न-भिन्न

**विचार**

**हृदयनारायण दीक्षित**

**विश्व** के अनेक देशों में मुसलमान बहुसंख्यक हैं। वस्तुतः वे भारत पर आक्रमण करते हुए आए थे। भारत का ऐसी बर्बरता से परिचय रामधारी सिंह 'दिनकर' ने ह्लसंस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, "इस्लाम और हिन्दुत्व के बीच निकट के सम्बंध 12वीं सदी के बाद प्रारंभ हुए। प्रायः 800 वर्ष हो गए थे। आठ सदियों की संगति के बाद भी हिन्दू-हिन्दू और मुसलमान-मुसलमान रह गए। दोनों के बीच जो मिश्रण होना चाहिए था वह नहीं हो सका।"

भारत में अन्य देशों से अनेक समूह आए थे। वह सब हिन्दुत्व की रीति प्रीति में विलय कर गए। लेकिन इस्लाम अनुयायियों के मध्य वास्तविक प्रेम का वातावरण नहीं बना। वे लड़ते रहे। दिनकर ने लिखा है, "एकता का एक आंदोलन अकबर ने चलाया था। उसे औरंगजेब ने नष्ट किया। दूसरा आंदोलन गांधी जी ने चलाया। उसे जिन्ना ने काट दिया।" बात इतनी ही नहीं है। वस्तुतः इस्लाम और हिन्दुत्व की प्रकृति भिन्न-भिन्न है। भारत विभाजन टालने के लिए गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना को पत्र लिखा था, "आप मुस्लिम समाज के नेता हैं। मुस्लिम आपकी बात मानते हैं। आप मुसलामानों को समझाइए कि हम सब मिलकर रहें। देश विभाजन की बात न करें।" पत्र के जवाब में जिन्ना ने कहा, "हम मुसलमान इतिहास से, रीति रिवाज और परम्पराओं से और आस्था से भिन्न हैं। इसलिए हम अलग राष्ट्र हैं।"मुसलमान सामान्यतः किसी दूसरे से प्रभावित नहीं होते। हिन्दू प्रभावित होते हैं और प्रभावित करते भी हैं।

हिन्दुत्व का सांस्कृतिक विकास प्रश्न और तर्क के आधार पर हुआ है। हिन्दू के लिए ईश्वर की आस्था जरूरी नहीं है। हिन्दू आस्तिक भी हो सकता है और नास्तिक भी। वह दुनिया के सभी पंथों का आदर करता है। भारत ने दर्शन और ज्ञान के मामले में सारी दुनिया में प्रशंसा पाई है। लेकिन हिन्दू और मुसलमान को एक समझने के लोभ में पढ़े लिखे लोगों ने भी तमाम गलतियां की और भ्रम भी प्रचारित किए। ऐसे विद्वानों ने 20वीं सदी में प्रचार करने की शुरूआत की कि, "हिन्दुत्व पर इस्लाम का भारी प्रभाव पड़ा है। हिन्दुइज्म एंड बुद्धिज्म (1921) में प्रकाशित ग्रंथ में चार्ल्स इलियट ने रामानुज, मध्व तथा लिंगायत पर इस्लाम का प्रभाव पड़ना बताया है।" अपनी स्थापनाओं से चर्चा में आए डॉक्टर ताराचंद्र ने अपनी किताब में इसी विचार को आगे बढ़ाया कि शंकराचार्य पर भी इस्लाम का प्रभाव पड़ा। उन्होंने रामानुज, निंबार्क और वल्लभाचार्य और दक्षिण के आलावर सबको इस्लामी प्रभाव में ही विद्वान बनना बताया।

भारत के एक प्रसिद्ध नेता हुमायूं कबीर ने 'अवर हेरिटेज' नामक किताब में यही बातें दोहराई। डॉक्टर आबिद हुसैन ने लिखा है, "भारतीय जीवन के प्रत्येक अंश पर मुस्लिम संस्कृति का सीधा और गहरा प्रभाव पड़ा है।" सबसे दिलचस्प बात यह है कि इन विद्वानों ने शंकराचार्य जैसे तत्वज्ञानी को भी इस्लाम प्रभावित बताया है। आबिद हुसैन ईश्वर भक्ति को भी इस्लाम का प्रभाव बताते हैं। यह साधारण विवेचन नहीं है। बौद्धिक विवेचन में तर्क सारिणी टूट भी सकती है। लेकिन इन विद्वानों ने किसी भी तर्क तथ्य का उल्लेख नहीं किया। जान पड़ता है कि उनका लक्ष्य सत्य का अनुसंधान नहीं था। उनका लक्ष्य इस्लाम की श्रेष्ठता सिद्ध करना था। इसीलिए उन्होंने प्रख्यात दार्शनिक शंकराचार्य को इस्लाम प्रभावित बताया है।

शंकराचार्य द्वारा प्रचारित अद्वैत दर्शन और वैदिक काल से ही प्रतिष्ठित भक्ति भावना को भी वे इस्लाम के प्रभाव में विकसित तथ्य मानते हैं। प्रचार यह किया जा रहा था कि हिन्दू बहुदेववादी हैं। वे इस्लाम के प्रभाव में ही एकेश्वरवादी बने हैं। सच यह है कि हिन्दू बहुदेववादी नहीं थे। हिन्दू विचार का मुख्य ग्रंथ ऋग्वेद है। ऋग्वेद के पहले मण्डल में ही कहा गया है, "अग्नि, वरुण अनेक देवता हैं। लेकिन परम सत्य एक है। विद्वान उसे अनेक नाम से पुकारते हैं।"

हिन्दू आस्था है कि प्रकृति के सभी रूपों में और सभी जीवों में एक ही परम तत्व प्रत्येक रूप में प्रतिरूप है। अग्नि अथैको भुवनम् प्रविष्टो रुपं रुपं प्रतिरूपो बभूवः। एक ही अग्नि विश्व के सभी रूपों में प्रवाहित है और रूप प्रतिरूप हो रही है।"शंकराचार्य का जन्म केरल में हुआ था। इन लेखकों के हिसाब से केरल में इस्लाम का प्रभाव था। हिन्दुओं ने इस्लाम से एकेश्वरवाद सीखा। शंकराचार्य के दर्शन का एकेश्वरवाद इस्लाम के एकेश्वरवाद से भिन्न है। इस्लाम का ईश्वर शासक है। बुरे कार्यों के लिए दण्डित करता है। दीन के लिए काम करने वालों को प्रोत्साहित करता है। शंकराचार्य का अद्वैत यत्र, तत्र, सर्वत्र ब्रह्म की सत्ता देखता है। यह कहना नितांत असत्य है कि शंकराचार्य ने इस्लाम के प्रभाव में अपने दर्शन का विकास किया।

# औरंगजेब ने हिन्दू मंदिरों को गिराने का दिया था आदेश

**इतिहास**

**रमेश शर्मा**

**लगभग** सभी विदेशी आंक्राताओं ने भारतीय संस्कृति को नष्ट कर अपने रंग में रूपांतरित करने का अभियान छेड़ा है । सबका अपना-अपना तरीका रहा। अंग्रेजीकाल में भ्रम फैलाकर तो सल्तनतकाल में ताकत और तलवार के जोर पर। मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपनी सत्ता और शक्ति से पूरे भारत से सनातन धर्म को समाप्त करने का अभियान चलाया और भारत के सभी हिन्दू मंदिरों को नष्ट करने का आदेश दिया। यह आदेश 09 अप्रैल 1669 को निकाला गया था। भारत के इतिहास में औरंगजेब की गणना सबसे क्रूर शासकों में होती है । उसकी क्रूरता का अनुमान इसी से है कि उसने अपने पिता को कैद में डाला और भाइयों की हत्या करके गद्दी पर अधिकार किया था । वह केवल क्रूर ही नहीं था। उसकी क्रूरता यहीं तक नहीं रुकी थी। औरंगजेब का सबसे बड़ा भाई दारा शिकोह पिता के लिये अति प्रिय था। औरंगजेब ने दारा शिकोह का सिर काटकर पिता को तोहफे में भेजा था। उसने अपने एक बेटी को जेल में डाल दिया था और एक बेटे की मौत का फरमान जारी किया था।

औरंगजेब केवल क्रूर ही नहीं बहुत चालक और कूटनीतिक भी था । उसने अपनी क्रूरता और चालाकी को ढंकने के लिये कुछ धमार्चार्यों और लेखकों की एक टोली जमा कर रखी थी । भला कौन सा पंथ पिता को कैद में डालने और भाइयों की हत्या करने वाले को अच्छा कहेगा । लेकिन औरंगजेब की इस चाटुकार टोली ने उसके हर क्रूर कामों पर पर्दा डाला । दुनिया के सभी पंथ मानवता की बात करते हैं। अपनी विशेषताओं से समाज को प्रभावित करके अपनी राह में शामिल करते हैं। किन्तु औरंगजेब का अभियान इंसानियत पर नहीं, तलवार के जोर पर था।

उसने पूरे भारत को रूपांतरित करने का अभियान चलाया । औरंगजेब ने न केवल मतान्तरण न करने वाले हिन्दुओं पर जजिया बढ़ाया और सख्ती से वसूली के आदेश दिये अपितु अपने साम्राज्य के अंतर्गत आने वाले सभी 21 सूबों में मंदिरों को तोड़ने का आदेश भी जारी किया । हिन्दुओं को सार्वजनिक तौर पर सभी तीज त्यौहार मनाने पर रोक लगा दी । 09 अप्रैल 1669 को जारी हुये इस आदेश का उल्लेख औरंगजेब की जीवनी पर आधारित पुस्तक ह्यमआसिर-ए-आलमगीरीह्ण में है। इस पुस्तक के लेखक औरंगजेब के दरबारी साकी मुस्ताइद खान हैं । इसके अतिरिक्त इस आदेश का उल्लेख वाराणसी गजेटियर के पेज नंबर- 57 पर भी है । यह गजेटियर 1967 में प्रकाशित हुआ था ।

औरंगजेब के इस आदेश के बाद पूरे भारत में मंदिरों को तोड़ने का अभियान चला । कुल कितने मंदिर तोड़े गये इसकी संख्या कहीं नहीं मिलती । सेना जिस बड़े और प्रसिद्ध मंदिर को ध्वस्त करती तो उसकी सूचना दरबार में भेजी जाती। इन सूचनाओं का उल्लेख औरंगजेब की जीवनी में मिलता है । औरंगजेब के शासन में उन स्थानों को भी धूल धूसरित किया गया जो पहले किसी शासक ने तोड़े तो थे । लेकिन स्थानीय श्रद्धालुओं ने इन खंडहरों को थोड़ा सुधार कर भजन पूजन आरंभ कर दी थी ।

इनमें अयोध्या, मथुरा, काशी और सोमनाथ मंदिर भी थे। औरंगजेब के प्रपितामह अकबर ने अयोध्या में चबूतरा बनाकर भजन पूजन की अनुमति दे दी थी लेकिन औरंगजेब ने उस चबूतरे को भी ध्वस्त करके मस्जिद परिसर में शामिल करने का आदेश दिया। सोमनाथ मंदिर का विध्वंश 1025 में मेहमूद गजनवी ने किया था । मथुरा आदि अन्य स्थानों में भी पूर्व आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त मंदिर स्थलों में थोड़ा-बहुत सुधार करके भजन प्रार्थना आदि होने लगे थे। लेकिन औरंगजेब की सेना ने सनातन के इन सब खंडहर को भी दोबारा तोप से उड़ाया। वहाँ जितने श्रद्धालु मिले वे या तो मार डाले गये अथवा मतान्तरण करने की शर्त पर ही जीवित छोड़े गये ।



**पर्यटन के विकास के लिये तेनूघाट डैम में नौका विहार की सुविधा बहाल की गयी है। अतिरमणीय दृश्यों के साथ नौका विहार का आनंद लिया जा सकता है। साभार- अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### पोषण जागरूकता रथ को डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में आठ से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। मंगलवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीडीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको से पोषण पखवाड़ा के तहत किए जा रहे कार्यों और जागरूकता रथ के रोस्टर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जागरूकता रथ के जरिये जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण एवं अन्य को पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों जैसे बच्चों के जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 दिवस पर ध्यान, पोषण ट्रैक्टर में लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, समर कार्यक्रम से समुदाय स्तर पर कुपोषण प्रबंधन, बच्चों में मोटापे के समाधान के लिए स्वस्थ जीवन शैली आदि के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### पर्यवेक्षिका व सेविका को मिला स्मार्टफोन



**रामगढ़।** महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मंगलवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो ने स्मार्टफोन का वितरण किया। यह स्मार्टफोन महिला बाल विकास विभाग और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने रामगढ़ जिले को उपलब्ध कराया था। डीडीसी ने बताया कि कार्यों के बेहतर संचालन के लिए विभाग ने स्मार्टफोन उपलब्ध कराया है। आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए कुल 1042 स्मार्टफोन बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। 21 महिला पर्यवेक्षिकाओं को स्मार्टफोन मिला।

### डी इवेंट को मिला नया मुकाम




**कुजू।** रामगढ़ जिले में बेस्ट एसएफएक्स और इवेंट मैनेजमेंट कार्य के लिए डी इवेंट के संचालक दिव्यांश कुमार को रेडिएशन ब्लू होटल में ग्लोबल बिजनेस अवाड्र्स की ओर से ग्लोबल बिजनेस अवार्ड से नवाजा गया। फेमस बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमिका चावला संचालक दिव्यांश कुमार को अवार्ड देकर सम्मानित किया। डी इवेंट कंपनी स्पेशल स्टेज इफेक्ट , फायरवर्क्स थीम्स ,ड्रीम वेडिंग और जयमाला के लिए जाना जाता है। उनके काम को देखकर डी इवेंट कंपनी को सेलेक्ट किया गया

### सर्वोदय निकेतन में लगा हेल्थ कैंप



कुजू। शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हेल्थ कैंप लगा। प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। अगर आप स्वस्थ हैं, दुनिया के सबसे संपन्न व्यक्ति हैं। उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता, पौष्टिक भोजन, खेल, व्यायाम, योग और अध्यात्म, धूम्रपान, शराब और नशा जैसे सामाजिक व्यसनों से दूरी और शरीर की नियमित चिकित्सकीय जांच को आवश्यक बताया।

### दुर्गा पूजा को लेकर निकला जुलूस



भुरकुंडा (रामगढ़)। चैती दुर्गा पूजा को ले बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम गांव स्थित झंडा टांड़ में रामनवमी के दशमी के अवसर पर सोमवार की देर शाम भव्य जुलूस और आकर्षक झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक रोशनलाल चौधरी, पतरातु प्रमुख कौशल्या देवी, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, मुखया सोनामती देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, देव नारायण बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित हुए। विभिन्न गांव के अखाड़ों पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र, लाठी, तलवार आदि का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों को अचंभित कर दिया।

### महावीर मंडल ने निकाला शोभायात्रा



**कुजू।** रामनवमी को लेकर रविवार शाम महावीर मंडल कुजू बस्ती द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के कुजू दुर्गा मंदिर, कुजू चौक, ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए डटमा मोड़, कामधेनु पेट्रोल पंप से पुनः आखाड़ा आकर समाप्त हो गया। शोभायात्रा में आकर्षक व हैरतअंगेज तलवारबाजी की टीम ने एक से बढ़कर अपनी कला दिखा कर लोगो को हस्तप्रभ कर दिया। वही नागाड़ा टीम ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। वही सुसज्जित टेलर वाहन में भव्य व आकर्षक हनुमान जी की प्रतिमा के अलावे भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण की प्रतिमा थी। इससे पूर्व कमिटी सदस्यों द्वारा कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा समाज सेवी अमर सिंह, कमिटी अध्यक्ष बिनोद प्रसाद उर्फ पहाड़ी, रतन प्रसाद, मुकेश साहू, अरविंद साहू, मिथिलेश मेहता, लखन प्रसाद, मनीष कुमार, संतोष मेहता, राजेश प्रसाद,सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### सरहुल को लेकर कमेटी गठित

रजरप्पा । सरहुल धूमधाम से मनाने के लिए सोमवार को चितरपुर प्रखंड के लारीकलां पंचायत स्थित आँगनबाड़ी केंद्र के समीप ग्रामीणों की बैठक हुई। 14 अप्रैल को सरहुल धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके के लिए कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष बाबू भाई करमाली, उपाध्यक्ष देवचरण करमाली, नंदकिशोर करमाली, सचिव संदीप करमाली, कोषाध्यक्ष पप्पू मुंडा को बनाया गया। समिति में संरक्षक विष्णु करमाली, मोहन करमाली, जतन मुंडा, उमेश कुमार मानकी को शामिल किया गया है। सदस्य में घनश्याम करमाली, दिनेश मुण्डा, हीरालाल मुंडा, छोटेलाल करमाली, भोला करमाली, तेजपाल करमाली, रंजीत करमाली, दीपक करमाली, उपेन्द्र करमाली, दिलीप मुण्डा, किशोर मुण्डा, अमर करमाली को शामिल किया गया।

# 104 अखाड़ों ने निकाली भव्य झांकी

**हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में जिला प्रशासन को दी गयी तलवार से सलामी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**हजारीबाग।** रामभक्ति की ऐसी गूंज, जिसने पूरे जिले को झंकृत कर दिया। 100 वर्षों से भी पुराना ऐतिहासिक रामनवमी उत्सव इस बार भी पूरे जोश, श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हो गया। मानो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव नहीं, बल्कि एक सदी पुरानी परंपरा का गौरवशाली दोहराव था। तीन दिन तक चला यह उत्सव, जिसमें लाखों रामभक्तों ने नाच-गाकर, जयघोषों के साथ प्रभु श्रीराम के जन्म का उल्लासपूर्वक स्वागत किया। लेकिन उत्सव का असली नजारा तब दिखा जब नवमी के बाद दशमी की रात सोमवार 10 बजे से लेकर मंगलवार की रात करीब 1 बजे (एकादशी) तक 104 अखाड़ों की भव्य शोभायात्रा पूरे मार्ग से गुजरी। हर अखाड़ा जैसे अपनी वीरता, परंपरा और आस्था की जीवंत झलक पेश कर रहा था। हाथों में तलवारें, ढोल की गूंज, रंग-बिरंगे परिधान और राम नाम के जयकारों से हजारीबाग की सड़कों का हर कोना भक्तिमय हो गया।

मंच पर बैठे अधिकारियों को कई आखाड़ों के सदस्यों ने तलवार से सलामी दी। जिले के वरीय अधिकारी मंच से 24 घंटे लगातार जुलूस की निगरानी करते रहे। हजारीबाग में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा, लेकिन सबसे दिल छू लेने वाली बात यह रही कि न कोई अप्रिय घटना घटी, न कोई अव्यवस्था हुई। रामभक्तों के अनुशासन और प्रशासन की सक्रियता ने इस आयोजन को अद्वितीय बना दिया। पुलिसकर्मी और अधिकारी भी कहीं-कहीं रामभक्तों के साथ नाचते-गाते नजर आए, जिससे साफ झलका कि यह आयोजन केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि उत्सव की आत्मा में सबकी भागीदारी थी। जुलूस समाप्त होने के बाद महासमिति ने प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद दिया,एक सम्मान, जो भरोसा और परंपरा की विरासत को दर्शाता है। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने इस शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिलेवासियों को शुभकामनाएं दीं। रामनवमी का यह अध्याय न सिर्फ यादगार रहा, बल्कि अगली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन गया।

### सांसद ने लाठी-तलवार से दिखाया करतब



हजारीबाग। सोमवार रात दशमी से लेकर मंगलवार की एकादशी शाम तक चले इस विशाल जुलूस में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल सक्रिय रूप से शामिल रहे। सांसद ने जुलूस निकलने से पूर्व रूट पर दर्जनों स्टॉलों का निरीक्षण किया, आयोजकों और श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाया और जगह-जगह उनका भव्य स्वागत हुआ। वे विभिन्न अखाड़ों की झांकियों में शामिल हुए, जहां उन्होंने पारंपरिक लाठी और तलवार का प्रदर्शन कर सभी को रोमांचित किया। डीजे की धुन पर उन्होंने रामभक्तों के संग नाचते हुए सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। सांसद सेवा केंद्र, जो झंडा चौक स्थित सांसद कार्यालय के सामने स्थापित किया गया था, जुलूस के दौरान पूरी तरह सक्रिय रहा। यहां रामभक्तों को पेयजल, चना और जरूरतमंदों को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। सांसद स्वयं सेवा केंद्र की छत से पुष्प वर्षा करते नजर आए। मंगलवार सुबह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने भी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।

**500 रामभक्त घायल :** रामनवमी उत्सव इस वर्ष भी पूरे उल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ, हालांकि कुछ घटनाओं ने आयोजन के दौरान सबको चौकाया। जुलूस में लाखों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए और परंपरागत अंदाज में लाठी, दांव और तलवारों का प्रदर्शन करते नजर आए। इसी दौरान विभिन्न अखाड़ों के प्रदर्शन में लगभग 500 रामभक्त चोटिल हो गए, जिनका इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में किया गया। सबसे बड़ी घटना बहनबय की झांकी के दौरान घटी, जब सोमवार की रात झांकी निकलने के ठीक बाद अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी के कारण तुरंत दूसरी झांकी तैयार कर भक्तों को शहर की ओर रवाना किया गया, जिससे कार्यक्रम बाधित नहीं हुआ।

# बरही में चार अखाड़ों ने निकाली जीवंत झांकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। रामनवमी के अवसर पर बरही की सड़कों पर सोमवार की रात श्रद्धा, उल्लास और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। चार प्रमुख अखाड़ों ने एक साथ जीवंत झांकी के साथ विसर्जन यात्रा निकाली, जिसने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। जय श्रीराम और जय हनुमान के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस भव्य जुलूस में बजरंग अखाड़ा मल्लाह टोली, महावीर मंडल धनबाद रोड, अम्बेडकर अखाड़ा बाराटांड और अंजनी अखाड़ा पटना रोड शामिल रहे। इन अखाड़ों की झांकियों ने लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया, जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम और वीर हनुमान की झलकियां जीवंत प्रतीत हुईं। जुलूस का भ्रमण बरही के गया रोड, हजारीबाग रोड, पटना रोड और धनबाद रोड से होते हुए हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक परिधान और अस्त्र-शस्त्र के साथ शामिल हुए। अखाड़ों के युवाओं ने लाठी, तलवार और अन्य शस्त्रों के साथ शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। लोगों ने जहां-तहां स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को जलपान और सहायता भी प्रदान की। रामनवमी के इस आयोजन ने बरही की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता को एक बार फिर गौरवशाली रूप में प्रस्तुत किया।



# बलकुदरा विद्यालय में घुसा ट्रेलर, बाल-बाल बचे छात्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू-रामगढ़ फोरलेन पर मंगलवार की सुबह पौने नव बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर बाउंड्री वाल तोड़ते हुए उत्क्रमित उच्च विद्यालय बलकुदरा में जा घुसा। जिसमें अध्ययनरत बच्चे बाल-बाल बचे गये। जबकि स्कूल के भवन और खेल सामग्री को काफी क्षति पहुंची है। जानकारी के अनुसार सरिया लदा ट्रेलर एनएल 01 जी 9631 पतरातू से रामगढ़ की ओर आ रहा था। इसी क्रम में बासल थाना के निकट तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बलकुदरा की चहारदीवारी तोड़ते हुए अंदर तक प्रवेश कर गया। जिससे स्कूल का बाउंड्री और खेल समाग्री क्षतिग्रस्त हो गया। स्कूल प्रबंधन विनोद राम रविदास ने बताया कि इस दुर्घटना से करीब 3 लाख पच्चास हजार रूपया का नुकसान हुआ है। घटना उस समय घटित हुई है जिस वक्ता बच्चे विद्यालय में पठन-पाठन कर रहे थें। हलांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। स्कूल प्रबंधन ने दुर्घटना को लेकर बासल थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। कहा गया कि इस हादसे से विद्यार्थियों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर रोड के किनारे स्कूल है जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। स्कूल प्रबंधन को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करना होगा। मामले को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन को सुझाव देते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही। साथ ही बासल थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

**बाउंड्री और खेल समाग्री क्षतिग्रस्त**



# रसदा में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मारपीट

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लबगा पंचायत के रसदा गांव स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में चैती दुर्गा पूजा के विजयदशमी के दिन सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुछ लड़कों को पूजा कमेटी के द्वारा उपद्रवी घोषित करते हुए बासल थाना में यह आवेदन दिया गया है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उक्त लड़के कमेटी के सदस्यों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में प्रकाश कुमार साव उर्फ पिंटू पिता त्रिलोकी साव गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बावत प्रकाश कुमार साव ने बासल थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में पूजा कमेटी के दर्जनों सदस्यों का हस्ताक्षर अंकित है। मामले को लेकर पूजा कमेटी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि मंगलवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विशाल कुमार, पिता राजेश कुमार साव, मोहित कुमार उर्फ पीटर, पिता अशोक साव तथा विवेक कुमार पिता दिनेश्वर साव के द्वारा मंच पर चढ़कर उत्पात मचाते हुए भक्ति गाना बंद कराकर नागपुरी गाना बजाने को कहा गया। जिसका कमेटी के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने विरोध किया। विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट पर उतारू हो गए और बात बढ़ गई। जिसमें कमेटी के सदस्यों तथा प्रकाश कुमार साव के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि उक्त लड़कों के द्वारा धारदार हथियार से उसके सर पर वार किया गया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गये।

# पतरातु प्रखंड में झामुमो की कमेटी गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अध्यक्ष झलकू बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल और कोषाध्यक्ष बने नरेश**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो प्रधान कार्यालय भुरकुंडा में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातु प्रखंड सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राजेंद्र बेदिया व संचालन मुकेश राउत ने किया। सम्मेलन में बतौर पर्यवेक्षक राजकुमार महतो, सोनाराम मांझी, हरिलाल बेदिया, बरतु करमाली, गीता विश्वास, पिंकी बेसरा, चित्रगुप्त महतो, एतवो बास्के, विजय राम, भुनेश्वर प्रसाद उर्फ भुन्नु, गुलाम नबी, साजिद आलम, जीतलाल टुडू मुख्य रूप से उपस्थित थें। सम्मेलन में पूर्व में किये गये कार्यों का अवलोकन किया गया। साथ ही मौजुद मौजुदा राजनैतिक हालात पर चर्चा किया गया। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने एक स्वर में झारखंड की झामुमो सरकार तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व और कार्यों का समर्थन करते हुए झारखंड सरकार के सभी जल कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का सामुहिक संकल्प लिया गया। साथही झामुमो को पतरातू प्रखंड में और मजबुत करने की योजना बनाई गई।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से कार्यकर्ताओं द्वारा झामुमो पतरातु प्रखंड समिति का चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष झलकू बेदिया, उपाध्यक्ष इस्लाम अंसारी व योगेन्द्र यादव, सचिव उदय अग्रवाल, संगठन सचिव दौलत सिंह, कोषाध्यक्ष नरेश बेदिया चुने गये। मौके पर पर्यवेक्षकों ने सभी चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए जल्द से जल्द प्रखंड समिति का विस्तार कर सूचित करने की अपील की। नवमनोनित अध्यक्ष झलकू बेदिया और सचिव उदय अग्रवाल ने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर झामुमो को और बुलंदियों तक ले जाने का काम करेंगे। इधर दोबारा सचिव चुने जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उदय अग्रवाल ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। सम्मेलन में मुख्य रूप से ग्यास खान, संजय वर्मा, मुकेश राउत, चरेंद्र बेदिया, लखन मुंडा, सीताराम मुंडा, रंजीत बेसरा, अलीम अंसारी, शमसुल अंसारी, जय प्रकाश बेदिया, बिजेंद्र यादव, नरेश गंझू, राजेंद्र बेदिया, रमेश प्रसाद, अनिल एक्का, शिव नारायण प्रसाद, सीताराम बेदिया, संजीत राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### विजया पंचायत में हर घर नल-जल योजना फेल, दो साल से नहीं टपका एक बूंद पानी



बरही। सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना विजया पंचायत में पूरी तरह विफल हो चुकी है। भीषण गर्मी शुरू होते ही पानी की किल्लत ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। पंचायत के बैजलाडीह गांव समेत कई टोले पानी के लिए तरस रहे हैं। दो साल पहले जलमीनार बनकर तैयार हो गए, पाइपलाइन बिछा दी गई, नल लग गए, पर नलों से आज तक एक बूंद पानी नहीं टपका है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च हुए, लेकिन नतीजा शून्य है। पंचायत में कुल 14 वार्ड हैं, पर एक भी वार्ड ऐसा नहीं है जहां इस योजना का लाभ मिल पाया हो। ग्रामीण अब भी हैंडपंप, कुएं या फिर निजी संसाधनों से पानी लाने को मजबूर हैं। सरकार की ओर से ह्वहर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचानेह्व की जो मंशा थी, वो यहां पूरी तरह दम तोड़ती नजर आ रही है।स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो. मंसूर ने बताया कि जलापूर्ति को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से बात की गई, लेकिन किसी ने कोई ठोस जवाब नहीं दिया। सिर्फ एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर बात को टालते रहे। उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव ने कहा कि इतनी बड़ी योजना को इस तरह अधूरा छोड़ देना ग्रामीणों के साथ धोखा है। इस बारे में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई विमल कुमार ने कहा कि फंड की कमी के कारण काम रुका है। जैसे ही बजट उपलब्ध होगा, योजना को पूरा कर लिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि दो साल में भी नल से पानी नहीं आ पाया, तो ये योजना केवल दिखावा बनकर रह गई है। अब लोगों का भरोसा सरकार की योजनाओं से उठता जा रहा है।

### गायत्री परिवार ने की 51 कन्याओं की पूजा

**चरही।** चरही गायत्री परिवार आत्म जा महिला मंडल के द्वारा विधि विधान के साथ 51 कन्याओं का पूजन कर हवन कियाउ।इस हवन कार्यक्रम में 500 लोगों ने भाग लिया।इसके उपरांत लोगों के बीच भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार, रणजीत सिंह, जगरनाथ महतो,संजय सिंह,अंजू सिंह:,आशा राय,नरसिंह राय,उमेश सिंह,खोखा सिंह,रणविजय चौहान,सतेन्द्र सोनी,गायत्री सोनी,रमेश यादव, लालचंद महतो,मोहन महतो,माधुरी देवी सहित गायत्री परिवार के दर्जनों लोग शामिल थे।

### रामदेव खरिका में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित



दारू। चैती नवरात्रि के अवसर पूरा क्षेत्र नौ दिनों तक भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। माता की प्रतिमा का विसर्जन को लेकर रामदेव खरिका दुर्गा मंडप से गाजे बजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। चैती दुर्गा माता की भव्य शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच जब माता की प्रतिमा पूरे गांव में भ्रमण पर निकली, तो हर गली, हर चौक आस्था के रंग में रंग गया। शोभायात्रा में माता की प्रतिमा को सबसे पहले रामदेव खारिका पूरा गांव घुमाया गया उसके बाद झुमरा डीपू चौक से होते हुए तिलैया शिव मंदिर तक लाया गया। पुनः खरिका तालाब में भक्तों ने नम आंखों से माता को विदाई दी। विसर्जन के दौरान महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे सभी श्रद्धा और उत्साह में सराबोर दिखे। जय श्री राम के नारों ने माहौल को और भी ओजस्वी बना दिया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन में गांववासियों की गहरी सहभागिता और उत्साह देखने लायक था। मां दुर्गा की विदाई के इस भावुक क्षण ने सभी के दिलों में भक्ति की गूंज छोड़ दी।

### रामगढ़ में खुला हैवेल्स का डिस्ट्रीब्यूटरशिप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ कॉलेज के समीप एस. के. एंड कंपनी का मंगलवार को उद्घाटन बिरला पेंट कंपनी के कंट्री हेड आशीष जाजू, झारखंड के रीजनल मैनेजर हिमांशु सिंह, बिरला सप्लाई के झारखंड सीनियर मैनेजर स्वप्निल मिश्रा, सेल्स हेड अजय सिंह, ग्रीन पैनल प्लाईवुड के ब्रांच मैनेजर शैलेश कुमार सिंह एवं हैवेल्स कंपनी के सेल हेड पंकज पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कंपनी के एरिया मैनेजर विशाल सिंह, संदीप मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मनीष कुमार, एरिया मैनेजर विशाल कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रियंक अग्रवाल एवं रुपेश अग्रवाल ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में ग्रीन पैनल, बिरला बोर्ड, सेटरिंग बोर्ड, समाईका सहित लकड़ी के बेहतरीन एवं खूबसूरत सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

# पुलिस पर हमला व अवैध पत्थर उत्खन्न करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** डोमचांच के ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरियाडीह जंगल में बीते 29 मार्च 2025 को अवैध पत्थर उत्खनन करने व पुलिस पर हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसे लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि उक्त स्थल पर विक्की मेहता एवं प्रवीण मेहता के द्वारा कुछ ग्रामिणों के साथ गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न कर मालवाहक गाड़ियों में लोड कर तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के सत्यापन एवं उत्खन्न करने वाले की गिरफ्तारी को लेकर एसपी के निर्देशानुसार ढाब थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरियाडीह जंगल में पहुंचकर अवैध उत्खन्न स्थल पर कार्रवाई की गई, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न किया जा रहा था। पुलिस टीम को देख वहां मौजूद तस्करों एवं ग्रामीणों ने हरवे हथियार, लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और पत्थरों से पुलिस पर हमला किया था, जिससे कुछ पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आई एवं सरकारी वाहन को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर वाहन को पास के गढे में धक्का देकर गिरा दिया था। इस हमले के दौरान तस्करों ने मौके का फायदा उठाकर अवैध रूप से उत्खन्न किये गए ग्रीन पत्थरों को वाहन में लोड कर फरार हो गए थे। इस संबंध में ढाब थाना कांड संख्या 02/25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की गई। वहीं एसपी को गुप्त सूचना मिली की इस कांड में संलिप्त अभियुक्त सुरेश साव जो कोडरमा से ढाब की ओर जा रहा है।



उक्त प्राप्त सूचना के आलोक में ढाब थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलप्ति अभिययुक्त 49 वर्षीय सुरेश साव पिता स्व. जानकी साव गोरियाडीह थाना ढाब निवासी को ढाब थाना अंतर्गत बंगाखलार मोड़, ग्राम कबराबुट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि यह ग्रामीणों को रोजगार के प्रलोभन देकर चोरी-छिपे उत्खन्न करता था और अपने साथियों के साथ मिलकर डीटीडीसी कूरियर एवं ट्रांसपोर्ट के माध्यम से राजस्थान राज्य के जयपुर शहर के व्यापारियों को भेजा जाता था। छापामारी दल में पुअनि रवि प्रकाश पंडित, प्रभारी ढाब थाना, सअनि किशोर कुमार घोष, ढाब थाना व सशस्त्र बल, ढाब थाना के जवान शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### गिद्धौर में जेएसएलपीएस की मासिक बैठक



**गिद्धौर।** प्रखंड के छः घरवा स्थित कलस्टर ऑफिस में मंगलवार को जेएसएलपीएस के तहत मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एफटीसी अनिल प्रजापति ने की। इस दौरान किसान सखी और पशु सखी बहनों को खेती और पशुपालन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। एफटीसी अनिल प्रजापति ने बताया कि गर्मी के मौसम में लगने वाली सब्जियों की खेती जैविक तरीके से करने के लिए ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित किया जाए। साथ ही, सभी किसान सखी और पशु सखी को टारगेट दिया गया कि वे एफपीओ में प्रति दीदी कम से कम 10-10 नई महिलाओं को जोड़ें, जिससे समूह मजबूत हो और विभागीय योजनाओं का लाभ जल्दी मिल सके।इस मौके पर सीसी सुनील पासवान, सुमित्रा देवी, सीएलएफ लेखपाल शीला कुमारी, बीआरपी विजय रजक समेत कई महिलाएं जैसे नीलम कुमारी, उर्मिला देवी, रिंकू कुमारी, अंगिरा देवी, प्रतिमा कुमारी, ललिता देवी आदि उपस्थित थीं।

### टंडवा में अवैध रूप से संचालित एक नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, अन्य संचालकों में नाराजगी

**टंडवा।** प्रखंड में प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रानी अस्पताल और भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया। यह कार्रवाई सीओ विजय कुमार के नेतृत्व में की गई। दोनों संस्थानों पर बिना जरूरी कागजात और लाइसेंस के संचालन का आरोप है। इस कार्रवाई के बाद दोनों संस्थानों के संचालकों ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि टंडवा क्षेत्र में सैकड़ों नर्सिंग होम और मेडिकल दुकानें अवैध रूप से चल रही हैं, जिनमें से अधिकांश के पास ड्रग लाइसेंस भी नहीं है। ऐसे में सिर्फ कुछ ही लोगों पर कार्रवाई क्यों की जा रही है? संचालकों ने मांग की है कि अगर कार्रवाई हो रही है तो सभी अवैध संस्थानों पर एक समान कार्रवाई की जाए, ताकि किसी के साथ भेदभाव न हो। वहीं, प्रशासन का कहना है कि आगे भी जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया जारी रहेगी।

### संदिग्ध हालत में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**सिमरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रोल लिपदा गांव ग्राम के समीप सोमवार की रात एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक महिला की पहचान सिमरिया थाना क्षेत्र निवासी सूदन पासवान की पत्नी मुखवा देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर छाई है। घटना के संबंध में सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने कहा की प्रथम दृष्टया में यह रोड एक्सीडेंट का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस हत्या और एक्सीडेंट सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के साक्ष्यों को भी जुटाने का प्रयास कर रही है।

### दीपक शू हाउस गोदाम में लगी आग, लाखों के जूते व अन्य सामान जलकर नष्ट



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल रामेश्वरम के समीप स्थित दीपक शू हाउस के गोदाम में आग लग गई। सुबह करीब 10 बजे अचानक लगी इस आग में लाखों रुपए के जूते और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। लोगों ने खुद आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। वहीं स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। इस बीच लोगों ने खुद आग बुझाने का प्रयास किया, मगर सफल नहीं हो सके। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, मगर तब तक गोदाम में रखा सामान जल चुका था। वहीं अग्निशमन विभाग के कर्मियों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं उन्होंने कहा कि किसी ने सिगरेट पीकर जलती माचिस फेंक दी होगी। वहीं गोदाम मालिक इंदरजीत सिंह का कहना है कि उनके गोदाम से सटी जलेबी की दुकान के पीछे कुछ लोग नशा करते हैं। उन्हें आशंका है कि इन्हीं में से किसी ने सिगरेट पीकर जलती माचिस फेंक दी होगी, जिससे आग लगी। तिलैया पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

## कोडरमा शहरी इलाके में घुस रहा हाथियों का झुंड, लोगों में दहशत का माहौल



**कोडरमा।** जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अदा कदा हाथियों के कहर लगातार जारी है। इस दौरान हाथियों के झुंड ने जिले के अलग-अलग जगहों पर दस्तक दी है। हाथियों के घुसने से इन दिनों इलाके में भय का महौल बन गया है। हाथियों के झुंड में दो छोटे हाथी हैं और 10 से 15 से अधिक बड़े हाथी बताएं जा रहे हैं। हाथी कोडरमा के जंगली रास्ते होते हुए प्रवेश करने की बात कही जा रही है। यह क्षेत्र में पहले भी हाथी का उत्पात देखने को मिला है। वहीं स्थानीय बताते हैं कि रविवार देर रात को हाथियों का समूह डोमचांच नगर पंचायत के आसपास देखा गया था। उनके आवाज से यह पता चला कि संख्या काफी अधिक है। रात में भय के कारण ग्रामीण घर से बाहर नहीं निकले। सुबह जब घर से बाहर निकले तो पता चला कि हाथी क्षेत्र में घुस आए हैं। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद वन विभाग के कर्मी हाथियों को भगाने में लग गए। वहीं वन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि हाथी के आसपास नहीं जाए, अगर हाथी एक बार बिदक गया तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## झंडा चौक से स्टेशन रोड तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, जब्त हुए ठेले

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर झंडा चौक से स्टेशन रोड तक सड़क किनारे कब्जा जमाए ठेला-खोमचे वालों व अस्थायी दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत हुई। वहीं प्रशासन की टीम जैसे ही झंडा चौक पहुंची, ठेला-खोमचे वालों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान चार लावारिस ठेले को जब्त किया गया। साथ ही दुकानदारों व ठेला चालकों को निर्देश दिया गया कि वे बुधवार से सड़क छोड़कर ही दुकान लगाएं। नियम तोड़ने पर उनका सामान जप्त कर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। वहीं अधिकारी मंगलवार को पूरे अभियान के दौरान लगातार दुकानदारों को समझाते व चेतावनी देते नजर आए। वहीं प्रशासन ने साफ कहा कि अब नगर क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर राजू राम, दुलारचंद, बलराम सहित होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित इंदरवा बैंक के समीप सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान 48 वर्षीय अब्दुल खान पिता स्व. योनिस खान ग्राम बगरिडीह थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल सवार तिलैया से अपने घर जा रहा था, इसी दौरान इंदरवा बैंक के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाईकिल सवार गिर गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज चल रहा है।

## ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रिंसिपल कॉन्फ्रेंस का आयोजन, बोलें रक्षा राज्य मंत्री

# आने वाले दिनों में पीपीपी मोड पर 100 सैनिक स्कूल खोले जाएंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में मंगलवार को ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रिंसिपल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इसके अलावे इस कांफ्रेंस में देश भर के 33 सैनिक स्कूलों के प्राचार्य शामिल हुए। बता दें कि अगले दो दिनों तक देश भर के सैनिक स्कूलों के आधारभूत संरचनाओं में बदलाव के साथ शैक्षणिक स्तर में बदलाव की परिकल्पना तैयार की जाएगी।



वहीं सैनिक स्कूल पहुंचने पर मंत्री संजय सेठ को स्कूल के कैडेटों की ओर से गॉड ऑफ ऑनर दिया गया, इससे पहले संजय सेठ ने शहीद स्मारक पर जाकर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं मीडिया से बात करते हुए मंत्री संजय सेठ ने कहा कि विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने में सैनिक स्कूल के कैडेट अहम भूमिका निभाएंगे और इसकी परिकल्पना इस कांफ्रेंस के जरिए तैयार की गई है।

वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पीपीपी मोड पर देशभर में 100 सैनिक स्कूल खोले जाएंगे और ज्यादा से ज्यादा कैडेट देश रक्षा के अलावे अन्य क्षेत्रों में जाकर देश को गौरवान्वित करेगे ऐसी रणनीति तैयार की जा रही हैं।

## उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से हुई रूबरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुई। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिसपर उन्होने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने एलपीसी निर्गत करने, जमीन निबंधन करने, ऑनलाइन जमीन चढ़ाने एवं रसीद निर्गत करने, अवैध रूप से घर बनाने, दाखिल खारिज समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।



### उपायुक्त व सीएस को पांच सूत्री मांग पत्र सौंप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की

**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग की 108 एंबुलेंस में आउट सोर्सिंग के तहत कार्यरत चालक व अन्य कर्मियों ने उपायुक्त एवं सीएस को पांच सूत्री मांग पत्र सौंप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं कर्मियों ने कहा कि 10 अप्रैल तक मांगें पूरी नहीं होने पर वे 11 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। वहीं उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग द्वारा जिस एजेंसी का चयन किया जाता है, वह कर्मियों को एक से दो महीने की सैलरी, प्रोत्साहन राशि, ग्रेच्युटी सहित अन्य लाभ विलंब से देती है, वहीं पुरानी कंपनी इन लाभों को लेकर चली जाती है, जिससे कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, कई एंबुलेंस खराब पड़ी है, इस परिस्थिति में भी प्रतिदिन चार केस करने का दबाव दिया जाता है। एंबुलेंस खराब स्थिति रहने के कारण आये दिन रास्ते में गाड़ी ब्रेक डाउन हो जाती है। वहीं उन्होंने नवंबर 2017 में आयी जेडएचएल कंपनी से कोरोना काल के बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने, अगस्त 2023 में आयी जीवीके कंपनी द्वारा बकाया रखे पीएफ और 70 दिन की सैलरी का भुगतान करने, फरवरी 2025 में आयी सम्मान फाउंडेशन कंपनी द्वारा फरवरी और मार्च की बकाया सैलरी का भुगतान करने तथा सभी एंबुलेंस की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की।

## प्रखंड प्रांगण में पोषण पखवाड़ा के तहत दिलाया गया शपथ

**कोडरमा।** प्रखंड प्रांगण में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा पोषण शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि, सेविका, महिला पर्यवेक्षिका, गर्भवती महिला, धात्री माता, किशोर-किशोरियों, ग्रामीणों एवं अन्य कर्मियों के भाग लिया। समारोह में उपस्थित लोगों को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डॉ. रेखा रानी एवं सीओ हलधर कुमार सेठी द्वारा संयुक्त रूप से पोषण शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात सीडीपीओ डॉ. रेखा रानी द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह वर्ष 2025 में भी पोषण अभियान योजना के तहत पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य है आम जनों को सही पोषण के बारे में जागरूक करना।

## सीसीएल ने कोयला उत्पादन में रचा इतिहास पर्यावरण व समाज के लिए भी किए अहम कार्य

**रविन्द्र दास**

**टंडवा (चतरा)।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 87.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह कंपनी के इतिहास का सबसे ज्यादा वार्षिक उत्पादन है। साथ ही 85.9 मिलियन टन कोयले का डिस्पैच कर कंपनी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता में आम्रपाली-चंद्रगुप्त, मगध-संघमित्र, रजरप्पा, पिपरवार जैसे कई क्षेत्रों की अहम भूमिका रही। कंपनी पर्यावरण को लेकर भी सजग है। रजरप्पा क्षेत्र में मियावाकी तकनीक से पौधरोपण किया गया है, जिससे तेजी से घने जंगल तैयार हो रहे हैं। सीसीएल ने सौर ऊर्जा उत्पादन में भी बढ़त ली है। इस साल 287.9 लाख यूनिट बिजली सौर ऊर्जा से बनी, जिससे 20,000 टन से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन की बचत हुई। पिपरवार, गिरिडीह और बरकासयाल में सौर परियोजनाएं संचालित हैं और कुछ निमार्णाधीन हैं। कोयले के बेहतर ढंग से डिस्पैच के लिए सीएचपी बनाए जा रहे हैं।

इससे डीजल की खपत और प्रदूषण दोनों में कमी आएगी। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सीसीएल रांची में 200 बेड वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बना रहा है। यह अस्पताल कम दरों पर झारखंड के आम लोगों को इलाज की सुविधा देगा। सामाजिक क्षेत्र में भी सीसीएल सक्रिय है। ह्यसीसीएल के लालह्ण और ह्यलाडलीह्ण योजना के तहत बच्चों को मुफ्त आईआईटी कोचिंग दी जा रही है। खेल के क्षेत्र में सीसीएल और झारखंड सरकार मिलकर खेल अकादमी चला रहे हैं। टीबी मरीजों को भी गोद लेकर इलाज में मदद दी जा रही है। स्कूलों में स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब, युवाओं को प्रशिक्षण और महिलाओं को स्वरोजगार की सुविधा भी दी जा रही है। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि कंपनी सिर्फ कोयला नहीं, बल्कि समाज के विकास में भी पूरी जिम्मेदारी निभा रही है। यह प्रदर्शन झारखंड ही नहीं, देश के लिए भी गर्व की बात है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

## बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, योजनाओं को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल देव ने प्रखंड कर्मियों और पंचायत के मुखियाओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में लंबित योजनाएं जैसे आवास, कुआं, आम बागवानी आदि को जल्द पूरा किया जाए ताकि लाभुकों को किसी तरह की परेशानी न हो। साथ ही उन्होंने विभागीय कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। इस बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल कुमार सिंह, चितरंजन शर्मा, बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत मुखिया जगदीश यादव, निर्मला देवी, कनिय अभियंता सचिन कुमार, सहायक अभियंता मनोज कुमार, रोजगार सेवक निर्मल कुमार, पार्वती कुमारी, शालिनी भारती, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिंह, सतीश कुमार, शेखर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने प्रतापपुर में किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चतरा। उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को प्रतापपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। उपायुक्त ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में मौजूद रजिस्टरों, पेंशन रिकॉर्ड, शिकायत पंजी और अन्य अभिलेखों को भी देखा। उन्होंने अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने और लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने प्रतापपुर में जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनीं। कई लोगों ने सड़क, मरम्मत, योजनाओं से जुड़ी शिकायतें रखीं। उपायुक्त ने सभी मामलों की जांच कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और छात्रों की पढ़ाई की




स्थिति की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और सभी शिक्षक समय पर उपस्थित रहें। उपायुक्त की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में मनरेगा, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए। गर्मी को देखते हुए उपायुक्त ने चापानलों की मरम्मती कर उन्हें जल्द चालू कराने का निर्देश दिया ताकि लोगों को पानी की समस्या न हो। उपायुक्त ने पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर पोषण की शपथ भी ली गई।

# झांकी जूलूस में महासमिति विफल, प्रशासन ने संभाला मोर्चा, शांतिपूर्ण कराया संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल में रामनवमी पूजा को लेकर दशवी की रात विभिन्न अखाडों के द्वारा झांकियों का प्रदर्शन सिमरिया सुभाष चौक पर हुआ। चौक के सभी मार्गो में दूर दराज से झांकी जुलूस देखने भारी संख्या में लोग जुटे थे। झांकी प्रदर्शन कार्यक्रम में डीसी रमेश घोलप, एसपी विकास पांडेय, अभियान एसपी रित्विक, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, एसडीओ सन्नी राज, एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान महासमिति ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उपायुक्त ने फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया। देर रात झांकियों का प्रदर्शन शुरू हुआ। कुल आठ क्लबों से झांकी निकाली गई। जिसमें धर्मवीर क्लब बानासाड़ी, पुराना अखाड़ा बाजार टांड़ सिमरिया, ज्योति कल्ब सबानो, नव युवा जागृति क्लब हर्षनाथ पुर, नवयुवक क्लब रोल, युवा हिंद क्लब खपिया, कर्मवीर क्लब गोवा और रामनवमी पूजा समिति डाड़ी शामिल है। झांकियों का प्रदर्शन रात 11:00 बजे शुरू हुआ। झांकियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। पुराना अखाड़ा



बाजार टांड़ और ज्योति क्लब सबानों की जीवंत झाकियां लोगो को आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान क्लबो के युवाओं ने एक से बढ़कर एक अस्त्र शस्त्र का परिचालन प्रस्तुत किया। इस दौरान जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे से क्षेत्र गूंजता रहा। प्रशासन के द्वारा सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से पांचों सड़को से आनेवाली झांकी जुलूस की निगरानी की जा रही थी। जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। मंच से महासमिति के लोग झांकियों को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे परंतु महासमिति और अखाडों के बिच समन्वय नहीं बने रहने के कारण झांकियों को पार करवाना कठिन हो रहा था। अखाड़े के लोग महासमिति के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तब अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और समझा बुझा कर सभी झांकि जूलूस को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाया। महासमिति के द्वारा पूर्व नियोजित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए लाए गए शिल्ड यूँ ही धरे रह गए। नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से सभी आखाडों को एक सामान्य पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, सीओ गौरव कुमार राय, थाना प्रभारी प्रियेस प्रसून, प्रमुख रोहन साव, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, रोहिणी देवी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनामिका देवी, उपप्रमुख दामोदर गोप, बिनोद बिहारी पासवान, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद महतो, मुखिया पार्वती देवी, सुधिर सिंह, नरेश साव, अमित सिंह, मानव कुमार, प्रेमलता चंद्रा, सुधीर सिंह, रविंद्र सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## महुआ चुनने को लेकर भाभी-भैसुर के बीच मारपीट, महिला पहुंची थाने

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के सिंदुआरी खुर्द गांव में महुआ चुनने को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि भाभी और भैसुर के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में घायल महिला उर्मिला देवी ने अपने भैसुर ब्रह्मदेव कुशवाहा, उनकी पत्नी मालती देवी, अश्विन कुमार और अंजू कुमारी के खिलाफ गिद्धौर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने थाने में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि महुआ चुनने के दौरान उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई और उसके सम्मान के साथ भी खिलवाड़ करने की कोशिश की गई। उसने बताया कि घटना मंगलवार सुबह लगभग 5 से 6 बजे के बीच हुई, जब वह महुआ चुनने गई थी। तभी उसके भैसुर और अन्य परिजनों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ, कमर और शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। महिला ने बताया कि घटना के वक्त वह अकेली थी, और जब उसने शोर मचाया तो उसका बेटा और बेटी वहां पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी गाली-गलौज करते हुए मारने की कोशिश की। घटना के बाद महिला ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई और इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर के क्लबों में जी. टाउन क्लब की स्थापना 1989 में की गयी थी। इसके करीब 2000 सदस्य हैं। शहर के बीचों बीच बिष्टुपुर में जी टाउन क्लब स्थित है। जहां शहर के अधिकतर क्लब कंपनी के वरीय अधिकारियों के लिए हैं, वहीं जी टाउन शहर का पहला ऐसा क्लब है जहां कर्मचारी और गैर कंपनी कर्मचारी भी सदस्य हैं। इस क्लब का मासिक शुल्क भी काफी कम है।

# टाटा स्टील को वर्ल्डस्टील ने लगातार आठवें वर्ष 2025 स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के रूप में किया सम्मानित

- उत्कृष्ट सस्टेनेबिलिटी प्रयासों और प्रदर्शन के लिए मिला यह सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुंबई।** टाटा स्टील को वर्ल्डस्टील द्वारा लगातार आठवें वर्ष स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन 2025 के रूप में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कंपनी की सतत विकास के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और वैश्विक मानकों के प्रति उसके दृढ़ अनुपालन को दशार्ता है। वर्ष 2018 में इस पहल की शुरुआत से ही टाटा स्टील हर वर्ष यह उपाधि प्राप्त करती आ रही है। यह उपलब्धि इस्पात उद्योग में कंपनी की नेतृत्वकारी भूमिका, पर्यावरण अनुकूल पहलों और जिम्मेदार कारोबारी व्यवहार को और भी मजबूती से उजागर करती है।




अवार्ड ग्रहण करते टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

टाटा स्टील उन चुनिंदा इस्पात कंपनियों में शामिल है जिन्हें आज सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित वर्ल्डस्टील की बोर्ड ऑफ मेंबर्स की स्पेशल जनरल मीटिंग (एसजीएम) में स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन 2025 के रूप में नामित किया गया है।

सम्मान प्राप्त करने पर टाटा स्टील के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर टी वी नरेंद्रन ने कहा, वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा एक बार फिर स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के रूप में चुना जाना हमारे लिए गर्व की बात है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि हम सस्टेनेबल स्टील मेकिंग की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। हम अत्याधुनिक तकनीकों और ज़िम्मेदार कारोबारी नीतियों के माध्यम से पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और इस्पात निर्माण को अधिक हरित व सस्टेनेबल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य नवाचार को बढ़ावा देना, संसाधनों का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना, और इस्पात उद्योग के लिए एक पर्यावरण-संवेदनशील एवं मजबूत भविष्य की नींव रखना है। सस्टेनेबिलिटी चैंपियन बनने के लिए कंपनियों को कड़े मानदंडों को पूरा करना होता है, जिसमें वर्ल्डस्टील सस्टेनेबिलिटी चार्टर पर हस्ताक्षर करना और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी, सामाजिक प्रभाव तथा उत्कृष्ट संचालन (गवर्नेंस) के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना शामिल है। सस्टेनेबिलिटी चैंपियन के मूल्यांकन में कंपनियों के समग्र प्रदर्शन को कई महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर परखा जाता है। इसमें सामग्री की दक्षता, पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों की मजबूती, कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की दर में कमी, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण, नवाचारी प्रक्रियाओं और उत्पादों में किया गया निवेश, तथा आर्थिक मूल्य का संतुलित वितरण जैसे पहलू शामिल होते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनियों को वर्ल्डस्टील के डेटा संग्रह कार्यक्रम के तहत लाइफ साइकिल इन्वेंटरी (एलसीआई) डेटा भी प्रस्तुत करना आवश्यक होता है, जो उनके संचालन की पारदर्शिता और दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## स्पीड न्यूज



### शहीदों की याद में 160 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी देश के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडेय एवं स्वर्गीय चितरंजन मुखर्जी की पुण्यतिथि के साथ साथ नित्यदिन बॉर्डर पर देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरयू राय विधायक, कर्नल किशोर सिंह, मेजर राजेश कुमार मिलिट्री स्टेशन जमशेदपुर, एस रविन्द्र नाथ वर्क्स हेड एस टी पी, बिनोद सिंह अध्यक्ष भृगु क्षेत्र जमशेदपुर, जय प्रकाश राय संपादक चमकता आईना, ए धर्मा राव फैसिलिटी डायरेक्टर ब्रह्मानंद सुपरस्पेशलिटी अस्पाल सुदीप्तो मुखर्जी समाजसेवी पूर्वी घोष नलिनी मुखर्जी शामिल हुए।

### आरवीएस एकेडमी में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस



**जमशेदपुर।** आरवीएस एकेडमी, डिमना में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक जागरूकता पूर्ण और प्रेरणादायक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक विचारोत्तेजक भाषण से हुई, जिसमें वर्ष 2025 की थीम को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नोत्तरी और रोचक तथ्यों के माध्यम से छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति रुचि और समझ को प्रोत्साहित किया गया। मौके पर चेयरमैन बिंदा सिंह, प्रधानाचार्य वीशा मोहिंद्रा एवं उपप्रधानाचार्य पूजा सुमन भी थे।

### राष्ट्रीय एकता मंच ने बोस चौक पर लगाया शिविर



**जमशेदपुर।** गत 7 अप्रैल को राष्ट्रीय एकता मंच के द्वारा मानगो खुदीराम बोस चौक पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें सभी श्रीराम भक्त व श्रद्धालुओं को गुड़, चना, शीतल पेय जल दे कर उनका अभिवादन किया गया एवं मानगो के सभी अखाड़ा समितियों ने विशाल शोभा यात्रा निकाली, जिनका राष्ट्रीय एकता मंच ने सभी अखाड़ा सदस्यों को मंचासीन व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंच के संरक्षक डॉ जटाशंकर पांडे, संयोजक अजीत सिंह, अध्यक्ष बिकाश जायसवाल, के पी रवि, उमेश सिंह, जितेन्द्र यादव, सपन कुमार, रवि कुमार, जे पी सिंह, अनिता देवी, शिखा राय, पिंटू कुमार, श्यामल चंद्र सिंह, अशोक सिन्हा, अशोक गौड़ समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राहत... बागबेड़ा में सांसद विद्युत ने टैंकरों से जलापूर्ति शुरू करायी

- समाजसेवी सुबोध झा ने सांसद की पहल को मुक्त कंठ से सराहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 8 अप्रैल से बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सुबोध झा के देखरेख में टाटा स्टील के टैंकरों एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के टैंकर के माध्यम से बागबेडा पूरे क्षेत्र में पानी का वितरण समिति के सदस्यों ने शुरू कर दिया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि टाटा स्टील एवं अन्य कंपनियों को बोलकर अधिक से अधिक टैंकर बाग बेड़ा क्षेत्र में उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।




टैंकर से पेयजल लेते लोग।

सुबोध अध्यक्ष बाग बेडा महानगर विकास समिति सह जिला भाजपा कार्यालय मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन से 30 टैंकरों के माध्यम से बागबेडा के सभी क्षेत्रों में पानी देने का आग्रह किया गया है। सांसद जी के द्वारा बागबेड़ा क्षेत्र में पहले से एक टैंकर पानी दे रही है। समिति के प्रयास से जुस्को के टैंकरों से तीन ट्रिप पानी दिया जा रहा है। अर्बन सर्विसेस टाटा स्टील के माध्यम से पानी दी जा रही है जबकि तारापुर कंपनी के टैंकरो से क्षेत्र में पानी देगी।

सांसद के सराहनीय प्रयास के लिए समिति के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। भाजपा नेत्री मीरा मुंडा को भी समिति के सदस्यों ने बधाई दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा का भी सराहनीय प्रयास रहा है। भाजपा बागबेडा अध्यक्ष अश्वनी तिवारी ने कहा कि बाग बेडा महानगर विकास समिति 30 टैंकर पानी की मांग जिला आपदा प्रबंधन कोर्स से उपायुक्त से की है। टाटा स्टील जिला प्रशासन 30 टैंकरों से अपनी इस क्षेत्र में उपलब्ध कराये। नहीं तो भाजपा बागबेड़ा मंडल की ओर से बड़े पैमाने पर टाटा स्टील जुस्को और उपायुक्त कार्यालय घेरा जायेगा।

सुबोध झा ने कहा कि बागबेडा महानगर विकास समिति के संयोजक पवित्रा पांडे, समिति के संयोजक विनोद राम, गांधीनगर के संयोजक दीपक डांगी, रामनगर के संयोजक राजू शर्मा, अखिलेश गिरी धर्मेंद्र चौहान, अपना बहुमूल्य समय देकर क्षेत्र में पानी वितरण कर रहे हैं। आज गांधीनगर, रामनगर, हर हर गुड्डू बड़ा तालाब, बस्तियों में पानी वितरण किया जा रहा है। सुबोध झा ने कहा कि बागबेडा ग्रामीण जला पूर्ति योजना हेमंत सोरेन की विफलता का कारण है। क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार को बागबेड़ा ग्रामीण जला पूर्ति योजना को धरातल पर उतारने के लिए आगे आना चाहिए। जब तक बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना का फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता है और बागबेड़ा ग्रामीण जिला पूर्ति योजना से 21 पंचायत के 113 गांव एवं रेलवे क्षेत्र की 33 बस्तियों में पानी उपलब्ध नहीं हो जाती है, बाग बेडा महानगर विकास समिति की ओर से बड़े पैमाने पर जल आंदोलन जारी रहेंगा और राज्य सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन घेराव किया जायेगा।

## विश्व शांति व प्रेम के लिए भगवान का भजन कीर्तन छोड़कर कोई उपाय नहीं: अजय मंडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड अंतर्गत माटकु पंचायत के पिछली गांव में राधा-गोविंद सेवा समिति ने तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन की शुरुआत की। जिसका उद्घाटन कांग्रेस के जिला महामंत्री अजय मंडल ने फीता काटकर किया। इधर हरिनाम संकीर्तन से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। मौके पर श्री मंडल ने कहा हरि नाम संकीर्तन से पापों को मुक्ति पाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने भी कलयुग में हरिनाम संकीर्तन को भगवान को प्राप्त करने का सबसे सरल और प्रभावी साधन बताया है। उन्होंने जानकारी दी कि विश्व शांति और प्रेम के लिए भगवान का भजन कीर्तन छोड़कर और कोई उपाय नहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राधा गोविन्द सेवा समिति की ओर से अजय मंडल सरोज साहू हिमांशु मंडल धर्मेंद्र सरदार अजीत भगत पंकज भगत डॉक्टर रविंद्र भगत श्रीकांत भगत देवाशीष बनर्जी रतनलाल भगत मेघलाल भगत सामंतो भगत शांति राम भगत झंटू भगत पूर्णिमा मंडल रेखा रानी भगत बुद्धेश्वर साहू समस्त ग्रामीणों ने अहम योगदान दिया।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सेवानिवृत होने पर 22 सदस्यों को दी भावभीनी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा मार्च माह में कंपनी से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का मंगलवार को सामूहिक विदाई सह सम्मान समारोह यूनियन परिसर में आयोजित की गयी। कार्यक्रम के दौरान कुल 22 सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर महामंत्री आरके सिंह के हाथों सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित होने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ यूनियन के पदाधिकारी एवं संबंधित सेवानिवृत्त कर्मियों के डिपार्टमेंट के कमेटी मेंबर भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों ने बारी-बारी से सेवाकाल के अनुभवों को साझा किये। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि जिस टाटा समूह से हम सब जुड़े हैं, वह विश्वास के लिए दुनिया में जाना जाता है। हम सब भाग्यशाली हैं कि हमें टाटा समूह से जुड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इसी कंपनी (टाटा मोटर्स) में काम करते हुए हमारे साथी अपने बच्चों को आईआईटी मद्रास, एनआईटी जमशेदपुर और बीआईटी मेसरा में पढ़ाकर हम सबों को गौरवान्वित किये हैं।




यूनियन महासचिव आरके सिंह व सहयोगी पदाधिकारियों संग सेवानिवृत टाटामोटर्सकर्मी।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी : एआई और जेनरेटिव एआई में नवीनतम प्रगति से अवगत हुए छात्र

- यूनिवर्सिटी में आईबीएम डे पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित
- छात्रों को मिला एआई का व्यवहारिक ज्ञान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एवं आईटी विभाग में आईबीएम डे मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को हुई। जिसमें आईबीएम से आये विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को उन्नत तकनीकों से अवगत कराया। आईबीएम के ग्रोथ एंड इनिशिएटिव लीडर एवं सीनियर एआई एनालिस्ट अमन बक्शी ने छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं जनरेटिव एआई के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति की जानकारी दी। कंपनी के सीनियर बिजनेस एनालिस्ट एवं ब्लॉकचेन विशेषज्ञ राहुल बत्रा ने आईबीएम वॉटसन, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। डेटा साइंटिस्ट गौरव कुमार ने विभिन्न आईबीएम टूल्स पर आधारित हैंड्स-ऑन सेशन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक जानकारी दी।

## वरिष्ठ नागरिक समिति ने अमर शहीद मंगल पांडे का शहादत दिवस मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को सिंहभूम केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति जमशेदपुर ने शाम 5 बजे गांधी घाट पार्क साकची पर भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी मंगल पांडेय का शहादत दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारंभ उनके चित्र पर पुष्प माल्यार्पण अर्पित कर किया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष शिव पूजन सिंह उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार में रहते हुए मंगल पांडेय ने सरकार की गलत नितियों के खिलाफ बगावत किये और सिपाहियों द्वारा ही आजादी की लडाई शुरू कर दी। इसे सिपाही विद्रोह कहा जाता है। बाद में बीर कुंवर सिंह, झांसी की रानी ने लडाई की बागडोर संभाल लिया। कहा जाता है कि यह लडाई तब तक चलता रहा जब तक 1947 में भारत आजाद नहीं हुआ। मौके पर रमेश कुंवर, मुन्ना चौबे, अनिता सिंह, रेनु सिंह, मिथिलेश श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव थे।

## जब तक जान है मंगल पांडे जैसे बलिदानी का जयघोष करता रहूंगा : काले

- नमन परिवार ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत शहीद अमर पांडेय का बलिदान दिवस मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 'नमन' परिवार द्वारा मां भारती के वीर सपूत, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत, अमर शहीद मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं, बुजुर्गों तथा समाजसेवियों ने भाग लिया और मंगल पांडेय को नमन कर उनके बलिदान को स्मरण किया।



नमन परिवार को संबोधित करते काले।

मौके पर नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि मंगल पांडेय ने देश की आजादी की पहली चिंगारी जलाकर पूरे देश को अंग्रेजों की जंजीरों से मुक्ति के लिए प्रेरित किया। उनका त्याग और बलिदान आज भी हमें देशभक्ति की सच्ची भावना से ओतप्रोत करता है। उन्होंने कहा कि जब तक जान है, वे मंगल पांडे जैसे बलिदानीयों का जयघोष करते रहेंगे।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नमन संस्था के संस्थापक सदस्य व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र झा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को मंगल पांडेय जैसे वीरों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में योगदान देना चाहिए। ऐसे बलिदानियों को याद करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने और नींद उड़ाने वाले नायक का नाम है मंगल पांडे।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, जयप्रकाश राय, उत्तर प्रदेश संघ के रामकेवल मिश्रा, समाजसेवी धनुर्धर त्रिपाठी, पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरू सिंह एवं अन्य ने अपने विचार रखे धन्यवाद ज्ञापन जूगुन पांडे ने किया। अंत में सभी उपस्थित देशभक्तों ने भारत मां के जयकारों के साथ वीर शहीद मंगल पांडेय अमर रहे के नारों के साथ उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के वरुण कुमार, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, सरदार महेंद्र पाल सिंह, बिपिन शुक्ला, जसवंत सिंह भोमा, ए विश्वनाथ, के एन ओझा, विनोद झा, संदीप कुमार सिंह, पंकज कुमार वर्मा, राजीव आहूजा, लता सिन्हा, रश्मि साहू, अनीता सिंह, डी मनी, रिंकू दुबे, रितिका श्रीवास्तव, सिमी कश्यप, पिंकी प्रसाद, प्राची स्वर्णप्रिया भी थे।

## एक नजर में

### नीति बाग से निकली भव्य रामनवमी शोभा यात्रा



**जमशेदपुर।** गत 7 अप्रैल को रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री श्री शिव हनुमान मंदिर (उदय सिंह अखाड़ा) नीतिबाग कॉलोनी, भुइयांडीह मंदिर के अध्यक्ष विवेक सिंह (अधिवक्ता) के द्वारा मंदिर प्रांगण से भव्य दशमी शोभा यात्रा निकाला गया जो कि मानगो गांधी घाट में महावीर झंडा को ठंडा किया गया। मौके पर छोटे बच्चों ने राम दरबार की झांकियां एवं छोटे लड़कों का ढांक अखाड़ा के आकर्षण का केंद्र रहा। अखाड़ा के खिलाड़ियों ने भी कई करतब दिखाये। जिसमें राहुल सिंह, दिपक मजुमदार, संतोष कुमार, रंजीत कुमार, मनोज मुखी, सौरभ, शुभम, आशीष, अखिलेश, शुभोदीप बोस, अविनाश, बादल, चंदन, शिवम, संदीप, सन्नी आदि सदस्यगण उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स : सीटीआर में पूजा-पाठ कर शुरू किया गया व्यावसायिक उत्पादन



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड, जमशेदपुर के सीटीआर डिपार्टमेंट में मंगलवार को पूजा-पाठ के पश्चात नये वित्तीय वर्ष का कामकाज शुरू हुआ। मंगलवार को प्लांट में आयोजित पूजन कार्यक्रम में महामंत्री आरके सिंह अपनी टीम के साथ शिरकत किये। यहां विधि पूर्वक पूजा अर्चना के पश्चात महामंत्री आरके सिंह समेत यूनियन पदाधिकारियों तथा सीटीआर हेड संजय कुमार सिन्हा के हाथों नारियल फोड़ा गया। सीटीआर में सभी कर्मी सेफ्टी का पूरी तरह से पालन करते हुए पूजा-पाठ के कार्यक्रम में भाग लिये।

### एक्सआईटीई गम्हरिया के बीबीए के छात्रों ने किया टाटा कमिंस का औद्योगिक भ्रमण



**गम्हरिया।** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया के बीबीए के छात्र-छात्राओं द्वारा जमशेदपुर स्थित टाटा कमिंस कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक परिचालनों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान मौजूद सलिल रॉय ने छात्रों को उद्योग के कामकाज तथा विकास का अवलोकन कराया। इसके बाद अविनाश कुमार ने छात्रों को विभिन्न परिचालन गतिविधियों, विनिर्माण प्रक्रियाओं, मशीन संचालन तथा असेंबली लाइन के बावत विस्तृत रूप से जानकारी दी। बताया गया है कि यह दौरा संवादात्मक था, जिससे छात्रों को औद्योगिक उत्पादन तथा प्रबंधन की वास्तविक दुनिया की समझ प्राप्त हुई। इस अनुभव से उनकी शैक्षणिक ज्ञान समृद्ध होगा तथा विनिर्माण क्षेत्र में परिचालन उत्कृष्टता के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त होगी। इस भ्रमण में छात्रों के साथ डॉ0 अमित चतुर्वेदी, सहायक प्रोफेसर रीतिका सिंह भी शामिल थे।

### डीआरएम केआर चौधरी ने घाटशिला समेत कई स्टेशनों का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** खड़गपुर डीआरएम केआर चौधरी ने एडीआरएम/ओपी मनीषा गोयल और अन्य मंडल शाखा अधिकारियों के साथ आज खड़गपुर- आसनबनी सेक्शन का निरीक्षण किया। डीआरएम केजीपी ने सेक्शन के सरडीहा, झारग्राम और घाटशिला स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशनों और यार्डों में विभिन्न यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पहलुओं का निरीक्षण किया और पैनल रूम का भी दौरा किया और कर्मचारियों से बातचीत की। झाड़ग्राम और घाटशिला में उन्होंने दोनों स्टेशनों पर अमृत स्टेशन परियोजना के चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और चल रहे कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए निर्देश दिये। अपने निरीक्षण के दौरान, डीआरएम केजीपी ने सेक्शन में विभिन्न छोटे पुलों और लेवल क्रॉसिंग गेटों का भी निरीक्षण किया, मुख्य रूप से गिधनी और चाकुलिया स्टेशनों के बीच एलसी गेट नंबर 96 और धालभूमगढ़ स्टेशन के पास खरसोती पुल। उनके निरीक्षण के दौरान इंजीनियरिंग, परिचालन, वाणिज्यिक, सिग्नल और दूरसंचार, विद्युत, कार्मिक और अन्य विभागों के अधिकारी उनके साथ थे।

### योग गुरु अंशु कश्मीर में सम्मानित, मिला 'भारतीय एकता सम्मान'



**जमशेदपुर।** योग के क्षेत्र में देश विदेश में कई पुरस्कार जीतकर लौहनगरी का नाम रौशन करनेवाले योगपुरुष अंशु सरकार को 'धरती के स्वर्ग' कहे जानेवाले कश्मीर में सम्मानित किया गया। वहां उन्हें योग के प्रति समर्पित रहने व इसके माध्यम से लोगों को निरोग रखने के मिशन पर जुटे रहने के लिए 'भारतीय एकता सम्मान-2025' प्रदान किया गया। उक्त आयोजन 6 अप्रैल, 2025 को नेचुरो अल्टरनेटिव मेडिकल रिसर्च साइंस फेडरेशन द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेन्टर (एसकेआईसीसी) में किया गया था। आयोजन में वर्ल्ड बुक ऑफ स्टार रिकाड्र्स एवं जेनिथ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स ने भी सहयोग किया। सम्मान के रूप में श्री सरकार को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर वक़्फ बोर्ड की चेयरपर्सन डॉ दरख्शां अंद्राबी ने अंशु को सम्मानित किया।

## जिला परिषद विभाग की लापरवाही की भेंट चढ़ गया प्रसिद्ध हरैया पशु मेला

# पहले अलग अलग होती थी बाजार व हरैया पशु मेला की डाक

## विगत कुछ वर्षों से हो रही है डिपार्टमेंटल वसूली, कुछ लोग उठा रहे लाभ

- एकमुश्त किये जाने के बाद नहीं मिल रहे ठेकदार, कुछ लोग हो रहे लाभान्वित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा सहित पूरे लातेहार जिले में उन्नत नस्ल के पशुधन की खरीद बिक्री को लेकर प्रसिद्ध वार्षिक हरैया पशु मेला जिला परिषद विभाग की लापरवाही एवं स्थानीय लोगों के बीच अहम व वर्चस्व की लड़ाई की भेंट चढ़ गया। हरैया पशु मेला, साप्ताहिक शुक्रवारिय हाट एवं श्रावणी मेले की खुली निविदा एक साथ किए जाने से इस वित्तीय वर्ष निविदा की शुरूआती बोली 33 लाख 70 हजार 650 रुपए हुई, लेकिन 3 बार निविदा जारी किए जाने के बाद भी बोली लगाने को कोई आगे नहीं आया। जिसके बाद 1 अप्रैल 2025 से जिला परिषद विभाग की ओर से विभागीय वसूली कराई जा रही है व जिला परिषद विभाग के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 231 दिनांक 29 मार्च 2025 के आलोक में इस वित्तीय वर्ष के लिए मो शाहिद पिता मो कयामुदिन को प्राधिकृत किया गया है।





### एक समय सान हुआ करता था हरैया पशु मेला

स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष चैत माह में लगने वाल हरैया पशु मेला चंदवा ही नहीं बल्कि पूरे लातेहार, लोहरदगा जिले में प्रसिद्ध हुआ करता था। लोग यहां उन्नत नस्ल के पशुधन, दैनिक उपयोग के वस्तु, शादी ब्याह की खरीदारी किया करते थे, जिससे चंदवा प्रखंड के हजारों लोगों को रोजगार मिलता था, लेकिन विगत 5-6 वर्षों से लगातार बढ़ती डाक की बोली के कारण मेला व बाजार महंगा होता चला गया, आज स्थिति यह बन गई है कि मेला पूरी तरह से बर्बाद हो गया। इस वर्ष भी कुछ पशु व्यापारी आए है, लेकिन मेला नहीं लगने से वे भी मायूस हैं।

लोगों ने बताया कि वर्ष 2020-21 में कोरोना काल की भेंट चढ़ गया, वर्ष 2022 में पंचायत चुनाव एवं 2024 में लोकसभा चुनाव के कारण डाक होने के बाद भी बोली लगाने वाले निविदा को सरेंडर कर दिया, जिसके बाद विभागीय स्तर पर राशि वसूली चलती रही, कुछ लोग, इसका खूब लाभ भी उठाया। बता दे की पूर्व में हरैया पशु मेला की निविदा अंचल स्तर एवं बाजार की उगाही समिति के माध्यम से होती थी, बीच में बाजार समिति के भंग हो गया। जिसके बाद लोगों के बीच अहम को लड़ाई में हरैया पशु मेला की बोली लगातार बढ़ती गई व डाक जिला परिषद के अधीन चला गया व साप्ताहिक हाट, पशु मेला, श्रावणी मेला की निविदा एक साथ कर दी गई। जिस कारण डाक इतनी महंगी हो गई कि आज कोई मेला व बाजार लेने को हिम्मत नहीं कर पा रहा है। मामले को लेकर पूछे जाने पर विभाग के प्रधान लिपिक संतोष सिंह ने बताया कि निविदा नहीं हो पाने के कारण राजस्व का काफी नुकसान हो रहा है। इस वर्ष भी 3 बार निविदा निकाली गई लेकिन कोई बोली नहीं लगाया, जिसके बाद डिपार्टमेंटल वसूली कराई जा रही है। विगत वर्ष 2024 में लगभग 20 से 30 हजार रुपए साप्ताहिक उगाही होती थी। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि इस मामले को लेकर वे जल्द ही विभागीय अधिकारी से मिलेंगी व बाजार व मेला का निविदा अलग अलग करने को लेकर पहल किया जाएगा, ताकि बाजार व मेला दोनों को बचाया जा सके।

## धूमधाम से मनाई जायेगी बाबा साहब की जयंती

# विचार गोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन: बिरजू राम


बैठक में उपस्थित अम्बेडकर मंच के सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। अम्बेडकर भवन परिसर में मंगलवार को अम्बेडकर विचार मंच की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के मुख्य संरक्षक कॉमरेड बिरजू राम ने की। आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों को लेकर यह बैठक की गई, जिसमें मंच से जुड़े पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी जयंती को पूर्व वर्षों की भांति पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मंच के संरक्षक रविंद्र राम ने कहा कि बाबा साहब आज सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर एक महान विचारक और सामाजिक क्रांतिकारी के रूप में प्रतिष्ठित हो चुके हैं। उनका बनाया संविधान आज हर वर्ग और समुदाय को समान अधिकार और सम्मान प्रदान कर रहा है। जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने भावुक होकर कहा कि आज एक सामान्य व्यक्ति के रूप में हम भी जनप्रतिनिधि बन सके हैं, तो यह सिर्फ बाबा साहब के संविधान की देन है। वहीं राजेंद्र सिंह खरवार ने कहा कि बाबा साहब का संविधान वंचितों, गरीबों और दबे-कुचले वर्गों की शान और पहचान है। कॉमरेड बिरजू राम ने कहा कि वर्तमान समय में बाबा साहब के संविधान की रक्षा करना हम सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। साथ ही, उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। बैठक में यह भी तय किया गया कि 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे सभी लोग पुराना ब्लॉक परिसर में एकत्र होंगे। वहीं से जयंती समारोह की शुरूआत होगी और शोभा यात्रा पूरे बरवाडीह क्षेत्र में भ्रमण कर पुनः उसी स्थल पर लौटेगी। इसके पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। दोपहर 1 बजे से विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं वक्ताओं की भागीदारी रहेगी। बैठक में कमलेश सिंह, सुरेंद्र राम, दीपक कुमार, रमेश कुमार, मुंशी राम सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

## जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महिला टीम को नि:शुल्क प्रवेश : पंकज तिवारी



- जिला स्तरीय कैश मनी अवार्ड प्रतियोगिता का आयोजन नाइट में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिला वालीबाल संघ के तत्वावधान में 10 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित लातेहार जिला महिला पुरुष लीग कम नॉकआउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के महिला टीमों को नि:शुल्क एंट्री दिया जाएगा उक्त बातें आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा, श्री तिवारी ने कहा कि जिले में महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से महिला टीम को इस प्रतियोगिता में निशुल्क एंट्री दी जा रही है। आयोजन समिति की एक बैठक में निर्णय लिया गया कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए प्रतियोगिता को नाइट में भी कराया जाएगा। महिला टीम की प्रतियोगिता शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक चलेगी। जबकि पुरुष वर्ग का प्रतियोगिता 6:00 बजे से रात 11:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

बैठक में सचिव प्रवीण मिश्रा ने कहा कि 10 अप्रैल 2025 को तीन बजे दिन में किया जायेगा। चार बजे से मैच प्रारंभ हो जायेगा। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, साजन कुमार, कामिल अंसारी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार शुभम साहू आदि उपस्थित थे।

## महुआ चुनने गये युवक पर तेंदुआ का हमला, जख्मी युवक अस्पताल में भर्ती

# जंगल में गश्त बढ़ाने और हमलों से सुरक्षा के लिये आवश्यक कदम उठाने की मांग


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** जंगल में महुआ चुनने गए एक युवक पर अचानक एक जंगली तेंदुआ ने हमला कर दिया। घटना पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर पश्चिमी रेंज अंतर्गत करममडीह ग्राम के पास की है, जहां ग्रामीण महुआ बीनने के लिए सुबह-सवेरे जंगलों का रुख करते हैं। जानकारी के अनुसार युवक दीपक सिंह, उम्र लगभग 35 वर्ष, रोज की तरह महुआ चुनने के लिए जंगल गया था। इसी दौरान झाड़ियों के बीच छिपे लेपर्ड ने उस पर अचानक हमला कर दिया। युवक ने जान बचाने के लिए काफी मशक्कत की, लेकिन उसके चेहरे, गर्दन, पीठ, सीना और दाहिना पर गंभीर चोटें आई हैं।

### चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये घायल युवक को किया रेफर

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता अरुण सिंह खरवार मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, छिपादोहर पश्चिमी के रेंजर अजय टोप्पो, लात बीट के फॉरेस्टर मुकेश उरांव और खुरा पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में डॉ.अनुपमा और ड्रेसर राजेश चंद्र सिन्हा ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। जिसके बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए घायल युवक को डालटनगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### ग्रामीणों में बना हुआ है डर का माहौल


इलाज कराते रेंजर अजय टोप्पो व झामुमो नेता।

इस दौरान रेंजर अजय टोप्पो ने युवक के समुचित इलाज के लिए उसकी बेटी मुनिया कुमारी को तत्काल 20000 (बीस हजार रुपए) नगद दिए। रेंजर ने बताया कि जांच प्रकिया के उपरांत युवक को प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। इधर अरुण सिंह खरवार ने वन विभाग से जंगल में गश्त बढ़ाने और ऐसे हमलों से सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। बता दें कि इस क्षेत्र में पहले भी जंगली जानवरों की आवाजाही की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस प्रकार की घटनाओं से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर युवक के भाई सकलदीप सिंह भी मौजूद थे।

## क्लब ने 10,000 राम भक्तों के बीच किया महाप्रसाद का वितरण

**बालूमाथ।** बालूमाथ में विभिन्न अखाड़ा समितियां द्वारा आयोजित झांकी एवं शोभायात्रा में शामिल हुए राम भक्तों के लिए श्री दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड बालूमाथ द्वारा पूरी, बुंदिया एवं सब्जी प्रसाद का वितरण किया गया। जानकारी देते हुए गुड्डू गुप्ता, निखिल अग्रवाल ने बताया कि करीब 10,000 लोगों के बीच यह प्रसाद का वितरण किया गया। लगातार 5 वर्षों से समिति द्वारा प्रसाद का वितरण किया जाता रहा है। वही समिति द्वारा इस तरह के आयोजन को लेकर लातेहार विधायक प्रकाश राम ने सभी समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से लोग पुण्य के भागी बनते हैं और एकता का परिचय देते हैं। वहीं प्रसाद वितरण को लेकर समिति को महावीर मंडल बजटटांड द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मोमेंटो एवं तलवार भेंट कर सभी को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर समिति के प्रमोद कुमार गुड्डू, अमित कुमार, दयाल यादव, पुनीत कुमार, विकास कुमार, मनीष कुमार, बसंत कुमार, अभिषेक कुमार,दिलीप साहू, संजय चौरसिया, रंजीत साहू समेत कई लोग शामिल थे।

## विक्षिप्त की पिटाई से इलाजरत ग्रामीण की मौत

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के चेटुआग (कामता) में मानसिक विक्षिप्त की पिटाई से घायल एक ग्रामीण राजेंद्र लोहरा की मौत इलाज के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार 30 मार्च को मानसिक विक्षिप्त अपने ही भाई धनेश्वर गंझू को मारने के लिए डंडा लेकर दौड़ा रहा था। पास के ग्रामीण राजेंद्र लोहरा ने जब विक्षिप्त को धनेश्वर को दौड़ाते देखा तो उसे बचाने की कोशिश की। इससे नाराज विक्षिप्त ने राजेंद्र की डंडे से सर पर पिटाई कर दी। विक्षिप्त की पिटाई से वह गंभीर हो गया। आनन-फानन में घायल को चंदवा सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। दोपहर उसका शव चंदवा पहुंचा जहां उसके अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। इधर विक्षिप्त की हरकत से गांव में भय का माहौल व्याप्त है।

## उपायुक्त ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। इस दौरान उपायुक्त ने आरडीएसएस के तहत चल रहे कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए जिले में चिन्हित वैसे टोला व बस्ती को विद्युत सुविधा उपलबध कराने की दिशा में तीव्रगति से कार्य करने का निर्देश दिया।

# एक दिवसीय रक्त दान शिविर का आयोजन

- वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है , इसलिए रक्तदान मानवता के हित में करना अनिवार्य है : डॉ. फादर एम. के. जोश




**खबर मन्त्र संवाददाता**

महुआडांड। मंगलवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस, नेशनल सर्विस स्कीम (राष्ट्रीय सेवा योजना), कार्मेल हॉस्पिटल, सदर अस्पताल, महुआडांड़ तथा जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के सहयोग व समन्वय द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. फादर एम. के. जोश के द्वारा रिबन काटकर किया। यह आयोजन मुख्य रूप से यूथ रेड क्रॉस की कॉर्डिनेटर शालिनी बारा, असिस्टेंट प्रोफेसर अंशु अंकिता और मनीषा बाखला, असिस्टेंट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष सिस्टर चंद्रोदय, डॉ. फादर राजीप तिर्की, अरुणा कुजूर, एनएसएस के कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर तथा असिस्टेंट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष शेफाली प्रकाश और अविनाश यादव के नेतृत्व में किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि वक्त का हर क्षण और और रक्त का हर कण अमूल्य होता है, इसलिए रक्तदान मानवता के हित में करना अनिवार्य है। रक्तदान शिविर के सफल संचालन के लिए छः सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, जिसमें सदर अस्पताल लातेहार के विभिन्न अनुभवी चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी तथा कार्मेल हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. जोशिया और लैब टेक्नीशियन सिस्टर एलिन शामिल थे। इस शिविर को सफल बनाने के लिए ब्लड बैंक लातेहार के लैब टेक्नीशियन विनय कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, का भी सहयोग रहा। सभी नामित कर्मी आवश्यक उपकरणों और संसाधनों के साथ समय पर शिविर स्थल पर उपस्थित थे। महाविद्यालय के ट्रेजरर डॉ. फादर लियो, असिस्टेंट प्रोफेसर शेफाली प्रकाश ने सबसे पहले अपना रक्त दान कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात् काफी संख्या में सभी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर्स तथा विद्यार्थियों ने एक एक करके निश्चित होकर अपना रक्त दान किया। कुल 33 यूनिट रक्त दान किया गया और भी विद्यार्थी कतार में थे लेकिन उचित वेट और हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने के कारण उनसे रक्त नहीं लिया गया। शिविर में स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रतिनिधि, प्रशिक्षित एएनएम, जीएनएम और लैब टेक्नीशियन शामिल थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों व प्रोफेसर्स तथा अन्य सभी कर्मचारीगण की विशेष भूमिका रही।

## केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र व छात्राओं को मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर रांची के साइंस सिटि ले जाया गया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्र व छात्राओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होने कहा कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने का एक तरीका है। यह आमतौर पर स्कूल कार्यक्रम या पाठ्यक्रम का हिस्सा होता है। ऐसे आयोजनों से छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत कौशल विकसित करने का मौका मिलता है. छात्रों को नई-नई चीजों को जानने और समझने का मौका मिलता है। छात्रों को कक्षा में पढ़े गए विषयों को समझने में मदद मिलती है। उन्होने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय के छात्र व छात्राओं का बेतला समेंत अन्य स्थानों मे शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा जा चुका है। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक अगस्त राज व नेत्रपाल सिंह समेंत अन्य कई शिक्षक शामिल थे। छात्र भी साइंस सिटी जा कर काफी प्रसन्न नजर आये। उन्होने साइंस सिटि में खगौलीय संरचना के अलावा विज्ञान की अन्य कई जानकारियां हासिल की। छात्रों ने अपने अनुभव सुनाते हुए इसे एक उपयोगी भ्रमण बताया।

## आरोप बेबुनियाद सिद्ध होने पर आरोपी को झारखंड उच्च न्यायालय ने किया बरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** मांडू थाना कांड संख्या 228/2024 में आरोपी मंजीत कुमार उम्र 24 वर्ष, पिता स्व महेंद्र चौधरी दीपनगर आईटीआई कॉलेज रामगढ़ को झारखंड उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को पारित अपने आदेश में हिरासत से मुक्त कर दिया। विदित हो की मंजीत कुमार पर आरोप था कि मांडू में नाजीर रहते हुए उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से स्थानीय बैंक से लाखों रूपए की अवैध निकासी कर सरकारी राशि का गबन कर लिया। इसके बाद निचली अदालत में चले मामले में आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया गया। इसके उपरांत उन्हें 24 सितंबर 2024 को कारागार भेज दिया गया।

### झारखंड उच्च न्यायालय में दी याचिका

निचली अदालत द्वारा आरोपी की याचिका को खारिज करने के बाद उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जिसकी सुनवाई 11 मार्च 2025 को हुई सुनवाई में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राम कुमार एवं कृष्ण कुमार ने आरोपी के पक्ष को न्यायालय में रखा। अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय को बताया कि आरोपी निर्दोष है। जिन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। इस दौरान अधिवक्ता ने गुजारिश किया की अभियोजन पक्ष द्वारा मंजीत कुमार को नाजीर के पद का प्रभार का प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। जिसे प्रस्तुत करने में अभियोजन पक्ष विफल रहा। इसके बाद यह साफ हो गया की आरोपी मंजीत कुमार ने मांडू प्रखंड में कभी भी नाजीर का पदभार ग्रहण ही नही किया था। जिसका उल्लेख करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा की यह एक विशिष्ट मामला है। जिसमें आरोपी कभी भी नाजीर का पदभार ग्रहण नही किया था। इसलिए उसपर लगा आरोप बेबुनियाद है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने आरोपी को कारावास मुक्त करने का आदेश दिया।

## जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन

- जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, निदान को लेकर दिए कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्यायें सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुये शिकायतों का समाधान किया जायेगा। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुये जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, सेवा पुस्तिका नहीं मिलने से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुये, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# भगवान श्रीराम के पद चिन्ह पर चलने की जरूरत : प्रकाश राम







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में महावीर मंदिर पूजा समिति के नेतृत्व में रामनवमी के उपलक्षय में दसवीं को विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा भव्य शोभायात्रा सह झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा निर्धारित मार्ग से निकलकर पुराना बस स्टैंड पहुंचा जहां समिति द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था पुरस्कार वितरण समारोह में राम भक्तों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा आज हमे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर समाज मे व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिये। हम लोग भगवान राम के जन्म उत्सव के अवसर पर इस त्यौहार को मनाते हैं। वही महावीर मंडल समिति अध्यक्ष रोशन साहू ने कहा कि उनके पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद साहू 15 वर्षों तक रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रहे और बालूमाथ में इस त्यौहार को भव्य बनाया मेरा भी प्रयास रहेगा कि मैं उनके पद चिन्ह पर चलकर हिंदू एकता का परिचय रामनवमी और भव्य तरीके से मना पाऊं । वहीं इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रकाश राम एवं महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष रौशन साहू, बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, लातेहार एसडीओ अनिल मिंज, लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न अखाड़ा कमेटी द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें महावीर मंडल मुरपा मोड की ओर से कृष्ण और सुदामा की दोस्ती का वर्णन किया गया। वही बड़का बालूमाथ रामनवमी पूजा समिति द्वारा उज्जैन से आए अघोरी कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके अलावा भगवान शिव एवं नंदी महाराज की भव्य प्रतिमा भी बनाई गई थी। वही चट्टी टोला पूजा समिति के द्वारा उज्जैन के कलाकार द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया गया वहीं हरिजन मोहल्ला राम वनवास एवं महावीर मंडल बजार टांड द्वारा समुंदर मंथन चेताग एवं टमटमटोला कमेटी द्वारा भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें से महावीर मंडल मुरपा मोड को प्रथम विजेता वही चट्टी टोला को द्वितीय बड़का बालूमाथ को तृतीय एवं टमटम टोला,चेताग और हरिजन मोहल्ला को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में शामिल हुये अतिथियों को पगड़ी पहनाकर तलवार एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया। मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचल अधिकारी विजय कुमार, अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी केपी सिंह, एसआई शमीम खान, केके शर्मा, प्रवीण सिंह, समाजसेवी मो. प्रदीप सिंह, जावेद रंजीत यादव, कृष्णा यादव,सुनील पांडे, भुनेश्वर साव, महावीर मंडल पूजा समिति के विशाल कुमार गोलू दिवाकर प्रसाद बहादुर साव, अर्जुन कुमार, गोविंद कुमार, संतोष कुमार, विनोद साव सागर कुमार, मनोहर साव, अमन प्रेम समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र गुप्ता ने किया।

# बेरमो : जमीन विवाद को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास विफल, देर रात को ही डीसी-एसपी घटनास्थल पर पहुंचे

**नावाडीह के खुंटा में एप्रोच पथ को लेकर ग्रामीणों एवं एक पक्ष में हुआ विवाद**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** नावाडीह थाना अंतर्गत खुंटा मौजा में ग्रामीणों एवं एक पक्ष के 02 डेसिमल एप्रोच पथ को लेकर हुए विवाद की जानकारी प्राप्त होते ही अविलंब सोमवार देर रात स्वयं डीसी विजया जाधव एवं एसपी मनोज स्वर्गियारी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले को संभाला। उक्त दोनों अधिकारियों की मुस्तैदी व तत्परता ने बोकारो को जलने से बचाया। दोनों पदाधिकारियों ने दोनों पक्षों से घटनास्थल पर मामले की विस्तृत जानकारी ली। विवादित भूमि से संबंधित दस्तावेज की जांच की और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। डीसी के निदेश पर देर रात से ही मौके पर एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ एवं एसडीपीओ बेरमो वी एन सिंह समेत बीडीओ, सीओ व आसपास के थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस बल मौजूद हैं। अभी स्थिति सामान्य है। मौके पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि विवादित भूमि स्थल से किसी तरह से कोई झंडा उखाड़ा नहीं गया है और ना ही यह मामला रामनवमी पर्व से संबंधित है। हुड़दंगियों द्वारा उक्त भूमि विवाद को माहौल को खराब करने के उद्देश्य से साम्प्रदायिक रंग देने के लिए अफवाह फैला दिया गया था। पूरी स्थिति पर डीसी-एसपी स्वयं निगरानी बनाएं हुए हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाएं रखने एवं विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करने का अपील किया है। फिर भी बोकारो जिला के नावाडीह प्रखंड के मौजा खुंटा, थाना नं0-47, थाना-नावाडीह, जिला-बोकारो के खाता सं0-04, प्लॉट सं0-387 रकवा 04 डी० पर भूमि विवाद रहने के कारण लोगों में आपसी तनाव एवं विधि व्यवस्था तथा शांति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना को देखते हुए एसडीओ, बेरमो मुकेश मछुआ ने नावाडीह थानान्तर्गत मौजा खुंटा, थाना नं0-47, थाना-नावाडीह, जिला-बोकारों के खाता सं०-04, प्लॉट सं0-387 रकवा 04 डी, मंदिर का चाहरदीवारी एवं सामुदायिक भवन के बीच में तथा फारूक अंसारी के दोनों घर के बीच वाला जमीन तथा मुख्य मार्ग से मंदिर के चाहरदीवारी के बगल से सामुदायिक भवन तक में निम्नांकित कार्यों एवं गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु निषेधाज्ञा लागू किया है।

# सामूहिक प्रयास से छात्रहित में समस्याओं का समाधान हो सकता है संभव: कुलपति

**एसकेएमयू के अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों की हुई बैठक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में प्रत्येक कॉलेजों के प्रचार्यों ने अपने-अपने संस्थान की समस्याओं से विवि प्रशासन को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि इस तरह की बैठक लंबे समय बाद विवि स्तर पर आयोजित हुई। जिसमें कॉलेज के प्रचार्य अपने संस्थान से जुड़ी सभी समस्याओं को खुले तौर पर विवि प्रशासन के समक्ष रख सके। बैठक के दौरान यह सामने आया कि विभिन्न कॉलेजों में कई महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। जिनका समाधान विवि स्तर पर किया जाना आवश्यक है। विवि प्रशासन ने इन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक में कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने प्राचार्यों को छुट्टियों का व्यवस्थित लेखा, सेवा-पुस्तिका का अद्यतन, कॉलेज परिसर में साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था सुधारने के लिए पहल करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा ने प्राचार्यों से कर्मचारियों का समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए समय पर सैलरी क्लेम भेजने की अपील किया। डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र कुमार ने छात्रों के लिए सुलभ नामांकन और पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज स्तर पर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे छात्रों को बार-बार विवि मुख्यालय दौड़ने की आवश्यकता नहीं हो। नव-नामांकित छात्रों के लिए काउंसलिंग, मॉनिटरिंग और इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार शाह ने प्राचार्यों को समय पर आंतरिक परीक्षा आयोजित करने, आंतरिक अंक भेजने और मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को समय पर रिलीव करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### बीएसएल में 17 एसीटी / ओसीटी ने दिया योगदान



बोकारो। बीएसएल में योगदान दिए 17 एसीटी/ओसीटी प्रशिक्षुओं के नए बैच के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में शुभारंभ किये गए इंडक्शन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में जीएम ज्ञानार्जन एवं विकास नीता बा तथा डीजीएम राजेश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में जीएम नीता बा के साथ सुरक्षा शपथ लेने के पश्चात अपने स्वागत अभिभाषण में डीजीएम राजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया और सभी प्रशिक्षुओं को अपने पुरे प्रशिक्षण अवधि का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रोत्सहित किया मुख्य अतिथि नीता बा ने बदलते तकनीकी परिवेश और विश्व प्रतिस्पर्धा के अनुसार प्रशिक्षुओं को अपनी दक्षता को बढाने हेतु प्रेरित किया धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सहायक प्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास एसएन मिश्रा ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन व विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

### यूरोपीय संघ के विशेष प्रोजेक्ट हेतु डीपीएस बोकारो के 3 विद्यार्थी चयनित



बोकारो। डीपीएस बोकारो के तीन विद्यार्थियों को यूरोपीय संघ की एक विशेष शैक्षिक परियोजना के लिए चयनित किया गया है। इनमें मालविन परेरा, आर्यन कुमार और अनन्या प्रिया के नाम शामिल हैं। ये तीनों यूरोपीय संघ के इरास्मस प्लस कार्यक्रम के तहत 12 जून को इटली में आयोजित एक प्रतिष्ठित शैक्षिक परियोजना में भाग लेंगे। कुल 20 दिनों की अपनी ट्रिप के दौरान ये विद्यार्थी वोकेशनल ट्रेनिंग के साथ-साथ भाषाई कौशल सीखेंगे और वहां की संस्कृति-परंपरा से भी अवगत होंगे। गहन चयन प्रक्रिया के बाद पूरे पूर्वी भारत से एकमात्र डीपीएस बोकारो से उक्त तीनों विद्यार्थी इस प्रोजेक्ट के लिए चयनित किए हैं। विद्यालय में आयोजित उनके चयन संबंधी आमंत्रण की घोषणा पर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। हम हमेशा छात्रों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस प्रकार की परियोजनाएं न केवल उनकी अकादमिक क्षमता को बढ़ाती हैं बल्कि उन्हें विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं का अनुभव प्रदान करती हैं जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चिल्ड्रेन रिक्रिएशन प्रोजेक्ट के तहत बच्चों के एक विशेष कैंप में उन्हें स्वयंसेवक की भूमिका देकर व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के प्रतिभागियों के साथ वे सहयोग करेंगे जिससे उनके टीमवर्क नेतृत्व और संचार कौशल में वृद्धि होगी।

### बीजीएच में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस




बोकारो। बोकारो जनरल हॉस्पिटल में आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालने वाले पोस्टरों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें स्वस्थ शिशुओं के जन्म तथा उचित मार्गदर्शन और निवारक सेवाओं और देखभाल के साथ एक स्वस्थ बचपन के बारे में बताया गया। इस वर्ष, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए 'स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य' को अपना थीम चुना है जो बच्चों के स्वास्थ्य और विकास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। उद्घाटन बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीएमओ डॉ आनंद और डॉ अनिंदा मंडल के द्वारा किया गया।

### हत्या के मामले में आजीवन कारावास

दुमका। चार साल पुराने हत्या के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व जुमार्ना का सजा सुनायी है। सजा मंगलवार को एडीजे-5 शत्रुंजय कुमार सिंह की अदालत ने नौ गवाहों के गवाही पर सुनाया। न्यायालय ने हत्या के मामले में बिहार के बांका जिला के बौंसा थाना क्षेत्र के रांगा गांव निवासी संजीत कुमार यादव, पिता दिनेश यादव को दोषसिद्ध करते हुए सजा सुनाया है। न्यायालय ने हत्या के मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए भादवी की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 10 हजार जुमार्ना की सजा सुनायी है। जुमार्ना की रकम नहीं देने के स्थिति में 6 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। न्यायालय ने सजा जिले के जामा थाना में 20 मई 2021 में हत्या के दर्ज मामले में सजा सुनायी है। केस में पैरवी सहायक लोक अभियोजन धन्नजय कुमार दास कर रहे थे। जानकारी के अनुसार दर्ज प्राथमिकी के लिए दिए लिखित बयान में सूचक दीप नारायण बघात ने बताया कि 19 मई की रात्रि पुरे परिवार घर में सोया था। अभियुक्त छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। जहां छत पर उसकी बेटी सोई हुई थी। जबरन बेटी को साथ ले जाने का प्रयास किया। लेकिन शोर सुन उसकी पत्नी सिंधू देवी छत पर पहुंची। बेटी को जबरन ले जाता देख पत्नी विरोध की। जिस पर आरोपी संजीत यादव हाथ में लिए धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे उसकी पत्नी को पीठ में गंभीर चोट आयी। पत्नी के चिल्लाने पर वह और आस-पास के लोग जब छत पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकलने में सफल रहा। गंभीर अवस्था में पत्नी को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। सूचक दीप नारायण ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी से आरोपी संजीत कुमार यादव का शादी की बात चल रही थी। शादी के लिए लड़का पसंद आया, लेकिन बेरोजगार होने के कारण बात नहीं बनी। उसके बाद आरोपी ने रात के अंधेरे में जबरन बेटी को ले जाना चाहा। जिसका विरोध करने पर आरोपी ने जानलेवा हमला किया। जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई।

### महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां को दी विदाई



बोकारो/ कसमार। कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा मुरहुलसूदी मधुकरपुर पुरनीबगियारी चंडीपुर व दांतू गावों में बांग्ला समुदाय की महिलाएं ने चैती दुर्गा पूजा के विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दी। एक दूसरे को सिंदूर लगाते हुए मां को अगले वर्ष पुनः पधारने का न्योता देते हुए उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई। सिंदूर खेला में गोस्वामी व चक्रवर्ती बांग्ला समुदाय के युवक-युवतियां तथा महिलाएं नाचते-झूमते दिखे। खुदीबेड़ा पूजा के पुरोहित उमापदो आचार्य तथा अजीत भट्टाचार्य थे। मौके पर रणधीर चन्द्र गोस्वामी रणधीर चक्रवर्ती विजय गोस्वामी नितिश गोस्वामी डॉ अभिषेक गोस्वामी विनय गोस्वामी चंचल चक्रवर्ती विपिन गोस्वामी मलय गोस्वामी अमरेश गोस्वामी परितोष गोस्वामी विद्युत गोस्वामी राकेश गोस्वामी चंदन गोस्वामी अग्निवेश गोस्वामी कौशिक गोस्वामी विशाल गोस्वामी सीमा गोस्वामी अनिषा गोस्वामी आभा मुनमुन गोस्वामी बबीता गोस्वामी स्नेहलता गोस्वामी अनेशा बबली रेखा बुलबुल ऐश्वर्या कल्पना अर्पिता अर्चना बबली रेखा लिपिका जयंती बंदिता गोस्वामी कंचन गोस्वामी मितू गोस्वामी मोनिका गोस्वामी जयंती गोस्वामी पूजा सुमिता पायल मुनमुन गोस्वामी प्रतिमा गोस्वामी अनुप्रिया सुचित्रा गोस्वामी गौरी सोनिका मीरा मंटु टिंकू पूनम काकोली मनिला कविता माला प्रिया भारती चक्रवर्ती अर्पिता अर्चना बबली संध्या ज्योत्सना माही बॉबी रूपम गोस्वामी संगीता अंजली समेत कई गोस्वामी व चक्रवर्ती घर के महिलाओं पुरूष मौजूद थे।

### एसएफसी बेरमो का गोदाम बहुउद्देशीय भवन में शिफ्ट



बेरमो। डीसी विजया जाधव ने राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) बेरमो का गोदाम जर्जर एवं असुरक्षित होने की मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए वैक्लपिक व्यवस्था के तहत प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन में गोदाम को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बेरमो की देख रेख में गोदाम में अनाज/खाद्यान्न को बहुउद्देशीय भवन में शिफ्ट किया गया। आगे से प्रखंड के आवंटित खाद्यान्न को बहुउद्देशीय भवन में ही सुरक्षित रख झ्र रखाव किया जाएगा।

### यूजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को यूजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा 28 जनवरी से 11 फरवरी तक आयोजित थी। जिसमें कुल 21,916 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जिसमें वाणिज्य संकाय के छात्रों में 78.31 फीसदी ने सफलता हासिल की। जबकि आट्‌र्स संकाय के 19,017 छात्रों में से 62.92 फीसदी छात्र सफल हुए। फिजिकल और नेचुरल साइंस संकाय में 1,595 छात्रों में से 66.58 फीसदी छात्र सफल हुए। वहीं गणित संकाय के 700 छात्रों में से 61.57 फीसदी छात्र सफल हुए। इस बावत परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बताया कि परीक्षा परिणाम बुधवार से विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। छात्रों को अपनी परिणाम की जानकारी वेबसाइट पर जाकर देख सकतें है।

## स्पीड न्यूज

### अखड़ा कमिटी ने बेरमो थाना प्रभारी रोहित को सम्मानित किया



बेरमो। रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बेरमो थाना क्षेत्र के तमाम अखड़ा कमेटी के सदस्यों ने बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर भोला दिगार, वैभव चौरसिया, अशोक अग्रवाल, भरत वर्मा, विनय कुमार बनवाल ,कैलाश ठाकुर, लीलधारी गुप्ता आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये राजेश अग्रवाल

दुमका। मारवाड़ी युवा मंच का चुनाव मंगलवार को विधिवत संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष राजेश अग्रवालझ्चुना गया। नवमनोनीत अध्यक्ष ने सचिव पद के लिए अमित जालान एवं कोषाध्यक्ष वरूण दारूका का मनोनयन किया। उपाध्यक्ष संदीप पटवारी, सहसचिव हनी भालोटिया, खेलकूद प्रभारी अजय भालोटिया, रक्त प्रभारी अंकित गोयल, ऑक्सीजन प्रभारी मुकेश भुवानिया, अविनाश मोदी, पृथ्वी मोदी, पर्यावरण प्रभारी केशव हिम्मतसिंहका, मीडिया प्रभारी मनीष झुनझुनवाला एवं कार्यकारीणी सदस्यो में राज कुमार अग्रवाल, प्रवीण भुवानिया, निखिल टिबरेवाल, अंजन भालोटिया, मोहित गोयल एवं मीडिया पार्टनर सूरज वर्मा को मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों का जल्द शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा।

### जैनामोड़: विद्युत कर्मियों ने चोरी से बेच दिया ट्रांसफार्मर एवं पोल



बोकारो। जैनामोड़ विद्युत सबस्टेशन के अधीन कार्यरत विद्युत कर्मियों द्वारा विभाग की आंखों में धूल झोंककर 500 केवीए का एक विद्युत ट्रांसफार्मर एवं 20 लोहे के पोल सहित लगभग 22 पोल का 11 केबी का पंच केबल बेच देने की सूचना है जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैनामोड़ पावर ग्रिड स्टेशन के बाहर सिंह टोला में विभाग द्वारा अतिरिक्त 500 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था जिसे विद्युत कर्मियों ने एक क्रशर मालिक को बेच दिया। वहीं विभाग द्वारा खैराचातर बनिया टोला के लिए 6 वर्ष पूर्व 20 लोहे का पोल लाया गया था जिसे सिंहपुर पंचायत भवन के सामने सुरक्षित रखा गया था। इसके अलावा पेटरवार बुंडू जंगल चेकनाका के समक्ष लगभग 22 पोल का 11 केबी का पंच केबल को भी विद्युत कर्मियों ने मिलीभगत कर किसी संवेदक को बेच दिया। बताया जा रहा है कि मामला उजागर होते देख आनन-फानन में जैनामोड़ सब स्टेशन के बाहर स्थित डीपी पर 200 केवीए ट्रांसफार्मर तथा कसमार स्थित बगियारी सब स्टेशन के पास 10-12 लोहा पोल लाकर रख दिया गया है। इधर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के मुख्य प्रतिनिधि श्रीधर महतो ने अध्यक्ष सह मुख्य प्रबंधक निदेशक बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची को पत्र लिखकर मामले की जांच कराते हुए संबंधित दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई कराने की मांग की है।

### मधुमक्खी के हमले में अधेड़ की मौत

दुमका। जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के ब्लाथर गांव में मंगलवार की सुबह गेहूं साफ कर रहे हैं 58 साल के दिवाकर यादव पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले में पूरी तरह घायल हो गया। उसे हालत नाजुक होने की वजह से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**बोकारो : इएसएल ने अपने 25 वें वित्त वर्ष में विकासोन्मुखी, समावेशी और बेहतरीन प्रदर्शन किया**

# बदलती पेशेवर दुनिया में प्रासंगिक बने रहने के लिये कौशल को उन्नत करना आवश्यक : आशीष गुप्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ईएसएल ने वित्त वर्ष 25 के समापन समारोह में प्रगति और लोगों को प्राथमिकता देने वाली पहलों के विकासोन्मुखी वर्ष का जश्न मनाया जिसमें आकर्षक गतिविधियों और व्यवसाय सामाजिक और कर्मचारी जुड़ाव क्षेत्रों में उपलब्धियों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्टूडियो घिब्ली की दुनिया से प्रेरित एक रचनात्मक रूप से गतिविधि अपने नेता को जानें थी जिसने मुस्कान हंसी और कर्मचारियों और नेतृत्व के बीच एक गहरा संबंध स्थापित किया।

वित्त वर्ष 25 में ईएसएल के सीएसआर प्रयासों ने सकारात्मक बदलाव किए हैं। सशक्तिकरण कौशल निर्माण और आजीविका सृजन पर केंद्रित कई पहलों के माध्यम से 85437 से अधिक व्यक्तियों को प्रभावित किया है। ईएसएल ने सामाजिक पहलों के तौर पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 2784 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और सामुदायिक नेतृत्व मिला। इसके साथ ही 1941 युवाओं को उद्योग-संबंधित कौशल में प्रशिक्षित किया गया जिससे 74.56% की प्रभावशाली नौकरी प्लेसमेंट दर प्राप्त हुई। कंपनी ने उद्यम प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 500 किसानों का भी समर्थन किया जिसके परिणामस्वरूप 100% जुड़ाव दर हुई और कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त 50 युवा एथलीटों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार किया जा रहा है। ईएसएल के पुरस्कार और प्रशंसा ईएसएल को वित्त वर्ष 2025 में गुणवत्ता स्थिरता और समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से मान्यता मिली। इसके प्रभावशाली सामुदायिक प्रयासों ने सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल पहल (कॉर्पोरेट) के लिए भारतीय सीएसआर पुरस्कार 2024 अर्जित किया जबकि विविधता और समावेशन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को सीआईआई एक्सीलेंस इन वूमेन इन एसटीईएम 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा ईएसएल ने 65 उद्योगों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए सीआईआई एनकॉन अवार्ड्स में दूसरा रनर-अप का स्थान हासिल किया। 16वें ईएलएससी लीडरशिप अवार्ड में ईएसएल को आपूर्ति श्रृंखला में उत्कृष्ट परिवर्तन के लिए मान्यता दी गई और इसने आईएमसी आरबीएनक्यूए ट्रस्ट द्वारा आयोजित एमक्यूएच सर्वश्रेष्ठ अभ्यास प्रतियोगिता 2024 में प्रतिष्ठित एमक्यूएच विजेता ट्रॉफी जीती। इसके अतिरिक्त कंपनी ने ग्वालियर के एबीवी-आईआईआईटीएम में आयोजित एनसीक्यूसी 2024 में 607 कंपनियों की 2227 टीमों के बीच खड़े होकर प्रशंसा अर्जित की। विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर 500 से अधिक कर्मचारी जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ आए। इसके अलावा वेदांता ईएसएल के सीईओ आशीष गुप्ता को उनकी समर्पित सेवा और नेतृत्व के लिए प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा हार्दिक धन्यवाद दिया गया। आजीवन सीखने के मूल्य पर जोर देते हुए उन्होंने सभी को आज की तेजी से बदलती पेशेवर दुनिया में प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने कौशल को लगातार उन्नत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बेरमो : अर्पिता महिला मंडल ढ़ोरी ने कई जगह प्याऊ का किया शुभारंभ




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** अर्पिता महिला मंडल द्वारा ढ़ोरी क्षेत्र द्वारा कई जगह प्याऊ का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अर्पिता महिला मंडल अध्यक्षा सह सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिन्हा की धर्मपत्नी रूपा सिन्हा द्वारा किया गया। रूपा सिंहा ने भी इस प्याऊ पर पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। उन्होंने बताया कि ढोरी क्षेत्र में आमजनों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन अर्पिता महिला मंडल रांची के अध्यक्ष प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सीएसआर प्रबंधक शैलेश कुमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं स्थानीय रहिवासियों को स्वच्छ ० शीतल जल उपलब्ध कराना है। इसकी व्यवस्था सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र द्वारा किया गया है। इस अवसर पर जीएम रंजय सिंहा, एसओसी मनोज साव, एएफएम मोहम्मद शाहिद हुसैन, यूनियन प्रतिनिघि आर उनेश, विनय सिंह, जीवनलाल रजक, भाई प्रमोद सिंह, सुशांत राईका सहित महिला समिति ढ़ोरी की रूपा सिंहा (महाप्रबंधक की पत्नी), शालिनी सिंह, पूजा मोहंती, नीलम सिंह, सुनीता गुप्ता, कविता झा, रीतू सिंहा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## दुमका : सीडब्ल्यूसी ने तीन माह में की 150 चाइल्ड को स्पॉन्सरशिप स्कीम से जोड़ने की अनुसंशा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बाल कल्याण समिति, दुमका ने पिछले तीन माह के दौरान 150 बालक/बालिकाओं को मिशन वात्सल्य योजना के तहत स्पॉन्सरशिप स्कीम से जोड़ने की अनुसंशा एसएफसीएसी को है। इनमें जिला बाल संरक्षण समिति के द्वारा प्रस्तुत किये गये 67, चाईल्ड हेल्पलाईन के 59 और सीडब्ल्यूसी के द्वारा पारित 24 प्रस्ताव शामिल हैं। समिति सदस्य डॉ राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत देखरेख और संरक्षण के जरूरतवाले बालक /बालिका को तीन वर्ष तक या 18 वर्ष की आयु पूरी होने तक प्रत्येक माह डीबीटी के माध्यम से संयुक्त बैंक खाता में 4000 रुपये दिये जाते हैं। यह राशि बालक/बालिका को पोषण/ स्वास्थ्य/शिक्षा के लिए दिये जाते हैं। समिति द्वारा अनुसंशा किये गये स्पॉन्सरशिप आवेदनों को उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर अप्रवुल कमिटि की बैठक में रखा जायेगा और वहां से पारित आवेदनों को समिति द्वारा स्पॉन्सरशिप की राशि बालक/बालिका एवं उसके अभिभावक के संयुक्त बैंक खाता में भुगतान करने का आदेश पारित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि कोरोना काल में पिता की मृत्यु होने पर 19 बालक/बालिकाओं को इस योजना से जोड़ा गया था। 2020 से 2024 तक 132 बालक/बालिका को स्पॉन्सरशिप स्कीम से जोड़कर योजना का लाभ दिया जा रहा था जिसमें से लगभग 50 बालक/बालिका 18 वर्ष की आयु पूरी होने या तीन वर्ष की अवधि पूरी होने के कारण इस योजना के तहत रिस्टोर किये जा चुके हैं। शेष 82 बालक/बालिका को मार्च 2025 तक स्पान्सरशिप की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके संयुक्त बैंक खाते में प्रदान किया गया है। सदस्य डॉ उपाध्याय ने बताया कि दुमका जिले में स्पॉन्सरशिप स्कीम प्राप्त करने के अर्हता वाले बालक/बालिकाओं की अच्छी खासी संख्या है पर तमाम जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद योग्य बालक/बालिका के अभिभावक इस योजना की जानकारी नहीं होने के कारण इसके लिए आवेदन नहीं दे पा रहे थे। कुछ समय पूर्व सोसल मीडिया में स्पॉन्सरशिप स्कीम को मिशन वात्सल्य की योजना के बजाय दूसरे नाम से प्रचारित किया गया और इसके पात्रता और मिलनेवाले लाभों को भी एक ग्रुप से दूसरे ग्रुप में शेयर किया गया।

इसमें जो वांछित दस्तावेज बताये गये थे उनमें से कुछ की इस योजना के लाभ के लिए जरूरत नहीं है जैसे जाति प्रमाण पत्र।

## भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा का संरक्षण एवं संवर्धन जरुरी : डॉ अमरनाथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं में कौशल विकास एवं बहुमुखी प्रतिभा विकसित करने के उद्देश्य से मंगलवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं मानविकी संकाय की ओर से भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण में साहित्य एवं समाज की भूमिका विषय पर अंर्तविभागीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विषय प्रवेश कराते हुए झारखंड जैव विविधता पर्षद के सदस्य एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ अमरनाथ सिंह ने भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन को वर्तमान और भविष्य की जरुरत बताया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में महत्त्व देने की भी जानकारी साझा किया। आयोजन सचिव सह बांग्ला विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार गोराई ने सेमिनार में भाग लेने वाले प्राध्यापक स्वागत करते हुए मंच संचालन किया। उपस्थित वक्ताओं में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार झा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अनहद लाल, संथाली विभागाध्यक्ष प्रो सोम मुर्मू, परसियन विभाग से प्रो इस्लामुद्दीन ने विषय वस्तु पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण में साहित्य एवं समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। सेमिनार में भाग लेने वाले प्राध्यापकों में डॉ अमरकांत पोद्दार, प्रो कुमार मनोज, प्रो सुलेमान हांसदा, डॉ मनोज कुमार, प्रो प्रवीण कुमार सिंह, प्रो सुशील चंद्र चौधरी, प्रो नीरज झा एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों में अमरेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, धीरज सिंह, रणवीर सिंह, अंजू गुप्ता आदि उपस्थित रहे। सेमिनार का शुभारंभ में संस्कृत विभाग से डॉ संजय कुमार पाठक ने मंगलाचरण पाठ से किया। अंत में प्रो रामजीवन झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## हाईवा कोयलांचल ऑनर एसो व विस्थापित हाईवा एसो मिलकर लड़ेगा हक की लड़ाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो कारो विस्थापित और हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो हम दोनों शोषण और हक की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ेंगे।

शोषण के खिलाफ विस्थापित और संगठन आवाज उठाएंगे। मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष गुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, संगठन मंत्री यूसुफ अंसारी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार और आजाद बाउरी, कार्यकारी सदस्य सुनील कुमार एवं संजय बरनवाल, वही कारो विस्थापित की ओर से अजय गंजू, सोहनलाल मांझी, कुंवर मांझी सुरेंद्र गंजू, संजय गंजू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पुर्तगाल में मिला सिटी ऑफ ऑनर सम्मान



**नयी दिल्ली ।** पुर्तगाल की यात्रा पर गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का सिटी की ऑफ ऑनर सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति ने मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है।

## 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का हुआ विलय

**नयी दिल्ली।** सरकार ने ह्यएक राज्य एक आरआरबी के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को अधिसूचित कर दिया है।
वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यहां कहा कि यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण है। विगत में विलय के कारण आरआरबी की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने हितधारकों के परामर्श के लिए नवंबर-2024 में एक विलय योजना शुरू की थी। हितधारकों के परामर्श के बाद, 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 26 आरआरबी का विलय किया गया है, जिसका प्राथमिक ध्यान पैमाने की कार्यकुशलता में सुधार और लागत युक्तिकरण पर है।

## अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। रेड 2 में अजय देवगन की मुख्य भूमिका है। राजकुमार गुप्ता के निर्देशन में बन रही यह फिल्म वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म रेड की सीक्वल है। फिल्म रेड बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। रेड 2 का ट्रेलर टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलज किया गया है। टी-सीरीज ने अपने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर को पोस्ट कर कैप्शन में लिखा कि एक तरफ सट्टा, दूसरी तरफ सच, ये रेड अब बहुत बड़ी हो चुकी है।

## सेना प्रमुख एलओसी पर सुरक्षा का लिया जायजा



**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सुरक्षा स्थिति और परिचालन तत्परता की समीक्षा करने के लिए मंगलवार को श्रीनगर का दौरा करके चिनार कोर कमांडर से ताजा हालात की जानकारी ली। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों और उच्च परिचालन मानकों को बनाए रखने पर चर्चा की। जनरल द्विवेदी ने वेलिंगटन के डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता और आधुनिक युद्ध की तैयारियों पर जोर दिया।

## इंडोनेशिया के आचे में भूकंप के तेज झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत आचे में मंगलवार तड़के भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गए। स्थानीय समयानुसार करीब 02:48 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी। भूकंप का केंद्र सिम्यूलु रीजेंसी में सिनाबंग शहर से 62 किमी दक्षिण-पूर्व में समुद्र तल से 30 किमी नीचे था।

# शेयर बाजार ने बदली करवट

## ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से सेंसेक्स 1089 और निफ्टी 374 अंक उछला

एजेंसी

- सुनामी से उबरकर बाजार ने करीब डेढ़ फीसदी लगायी छलांग, सेंसेक्स 74227 और निफ्टी 22535 पर पहुंचा
- 4083 कंपनियों का हुआ कारोबार, 3093 में तेजी, 871 में गिरावट और 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ



**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफ लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। सेंसेक्स पिछले दस महीने की सबसे बड़ी 2226.79 अंक की एकदिनी गिरावट लेकर 73,137.90 अंक और निफ्टी 742.85 अंक का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर रहा था। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मंगलवार को जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,837.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44,932.42 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3093 में तेजी जबकि 871 में गिरावट रही वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2957 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 499 में बिकवाली हुई वहीं 67 में टिकाव रहा।

बीएसई के सभी 21 समूहों का रुख सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.69, सीडी 2.02, ऊर्जा 2.03, एफएमसीजी 2.02, वित्तीय सेवाएं 1.76, हेल्थकेयर 1.94, इंडस्ट्रियल्स 2.04, आईटी 1.77, दूरसंचार 2.32, यूटिलिटीज 0.82, ऑटो 1.64, बैंकिंग 1.45, कैपिटल गुड्स 2.14, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.38, धातु 1.22, तेल एवं गैस 2.58, पावर 0.71, रियल्टी 2.44, टेक 1.97, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड समूह के शेयर 1.72 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.51, जर्मनी का डैक्स 0.92, जापान का निक्केई 6.03, हांगकांग का हैंगसेंग 1.51 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.58 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 876 अंक की तेजी के साथ 74,013.73 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,424.92 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर तक 74,859.39 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,137.90 अंक के मुकाबले 1.49 प्रतिशत मजबूत होकर 74,227.08 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह निफ्टी भी 285 अंक चढ़कर 22,446.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,270.85 अकं के निचले जबकि 22,697.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,161.60 अंक की तुलना में 1.69 प्रतिशत उछलकर 22,535.85 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में पावरग्रिड की 0.14 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही। टाइटन 3.29, बजाज फाइनेंस 3.21, एसबीआई 3.00, एलटी 2.94, बजाज फिनसर्व 2.75, एक्सिस बैंक 2.72, जोमैटो 2.62, एशियन पेंट 2.36, इंफोसिस 2.25, एचसीएल टेक 2.03, टेक महिंद्रा 2.02, भारती एयरटेल 1.90, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.74 और अडानी पोर्ट्स के शेयर 1.72 प्रतिशत चढ़ गए। आईटीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.56, नेस्ले इंडिया 1.42, रिलायंस 1.39, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.38, सन फार्मा 1.22, मारुति 0.91, आईसीआईसीआई बैंक 0.90, एनटीपीसी 0.84, कोटक बैंक 0.75, अल्ट्रासिम्को 0.70, एचडीएफसी 0.62, टीसीएस 0.52, टाटा स्टील 0.46 और इंडसइंड बैंक ने 0.45 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

### निवेशकों ने 7.42 लाख करोड़ रुपये कमाया

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 396.67 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 389.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 7.42 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

# ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख राजयोगिनी का निधन

## दादी रतनमोहिनी ने 101 साल में ली अंतिम सांस

एजेंसी



राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी मिलते मोदी। (फाइल फोटो)

**सिरोही/आबूरोड।** ब्रह्माकुमारीज की प्रमुख 101 वर्षीय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी नहीं रहीं। उन्होंने अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में रात 1:20 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को शांतिवन लाया जा रहा है, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। वो मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। 101 वर्ष की आयु में भी दादी की दिनचर्या ब्रह्ममुहूर्त में 3:30 बजे से शुरू हो जाती थी। सबसे पहले वह परमपिता शिव परमात्मा का ध्यान करतीं। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। रतनमोहिनी का जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद के एक साधारण परिवार में हुआ। माता-पिता ने नाम रखा लक्ष्मी। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कल यही बेटी अध्यात्म और नारी शक्ति का जगमग सितारा बनकर सारे जग को रोशन करेगी। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में मात्र 13 वर्ष की उम्र में लक्ष्मी ने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। दादी वर्ष 1937 में ब्रह्माकुमारीज की स्थापना से लेकर आज तक 87 वर्ष की यात्रा की साक्षी रही हैं। पिछले 40 से अधिक वर्ष से आप संगठन के ही युवा प्रभाग की अध्यक्षा की भी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। उनके नेतृत्व में युवा प्रभाग द्वारा देशभर में अनेक राष्ट्रीय युवा पदयात्रा, साइकिल यात्रा और अन्य अभियान चलाए गए।

बहनों की ट्रेनिंग और नियुक्ति की कमान : वर्ष 1996 में ब्रह्माकुमारीज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तय हुआ कि अब विधिवत बेटियों को ब्रह्माकुमारी बनने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए एक ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया और तत्कालीन मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने आपको ट्रेनिंग प्रोग्राम की हैड नियुक्त किया। युवा प्रभाग द्वारा दादीजी के नेतृत्व में 2006 में निकाली गई स्वर्णिम युवा पदयात्रा ने ब्रह्माकुमारीज के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया। 20 अगस्त 2006 को मुंबई से यात्रा का शुभारंभ हुआ था।

# अमेरिका सामने नहीं झुकेगा चीन

### वाणिज्य मंत्रालय ने कहा बढ़ायेंगे जवाबी ट्रैरिफ

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका की अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी को गंभीरता से लिया है। चीन ने मंगलवार को सख्ती के साथ अमेरिका को चेताया है कि अगर टैरिफ की दर और बढ़ाई गईं तो अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए माकूल जवाब दिया जाएगा।चीन का कहना है कि अमेरिका के तथाकथित पारस्परिक टैरिफ एकतरफा और धमकाने वाले हैं। इसलिए चीन के जवाबी टैरिफ वैध है, क्योंकि हर किसी को अपनी संप्रभुता और सुरक्षा करने का अधिकार है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि चीन के खिलाफ अमेरिका ने अगर टैरिफ बढ़ाने की गलती की तो वह भी पीछे नहीं हटेगा। अमेरिका को अपनी ब्लैकमेल करने की प्रकृति पर रोक लगानी होगी। चीन कभी भी अमेरिका सामने नहीं झुकेगा। प्रवक्ता ने कहा कि व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। अमेरिका अपनी गलती माने और चीन के खिलाफ सभी एकतरफा टैरिफ उपायों को रद्द करे। जब कई देश ट्रंप के साथ टैरिफ डील करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब चीन उसके सामने पूरी ताकत से खड़ा है।



लखनऊ में मंगलवार को सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ युवा क्षत्रिय महासभा ने निकाला महासंग्राम यात्रा।

## संभल हिंसा : सांसद बर्क से एसआइटी ने तीन घंटे की पूछताछ

**संभल।** जिले में हुई हिंसा मामले में विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क नखासा थाने पहुंचे। सांसद से एसआईटी ने तीन घंटे तक पूछताछ की। एसआईटी के पूछताछ प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 24 नवम्बर 2024 को जो घटना हुई थी, उसमें जो अभियोग दर्ज हैं, उसकी जांच एसआईटी कर रही है। इस मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए सांसद को समन भेजा गया था। मंगलवार को कई अधिवक्ताओं के साथ सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। इस दौरान उनसे कई सवाल पूछे गये। सपा सांसद ने बताया कि जांच प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए मुझे बीएनएसएस की धारा 35 का नोटिस भेजा गया था।

# 27370 पदों पर जल्द होगी बहाली

### बिहार में कैबिनेट ने 27 प्रस्तावों को दी मंजूरी

- स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से अधिक पदों पर होगी नियुक्ति
- 3300 से अधिक सहायक उर्दू अनुवादक जल्द होंगे बहाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से अधिक पदों के सृजन की मंजूरी मिल गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के उर्दू निदेशालय के अंतर्गत राज्य के विभिन्न कार्यालयों में सहायक उर्दू अनुवादक के 3,300 से अधिक पदों के सृजन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे इस चुनावी वर्ष में बड़ी संख्या में नौकरियां देने का मार्ग खुल गया है।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग एवं अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन के लिए आवश्यक विभिन्न स्तर के कुल 20,016 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, उर्दू निदेशालय के तहत बिहार राज्य उर्दू अनुवादक संवर्ग नियमावली - 2016 के अधीन मूल कोटि के पद सहायक उर्दू अनुवादक के बिहार राज्य के विभिन्न कार्यालयों के लिए पूर्व से सृजित 1,653 पदों को प्रत्यर्पित करते हुए राज्य के विभिन्न कार्यालयों में सहायक उर्दू अनुवादक के 3,306 पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई।

इसी तरह मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अंतर्गत राज्य के कुल छह जिलों -रोहतास, औरंगाबाद, पश्चिम चंपारण, बेगूसराय, किशनगंज और गोपालगंज में स्थायी रूप से एक-एक नया उत्पाद रसायन प्रयोगशाला खोला जाएगा। इन प्रयोगशालाओं में परीक्षक, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला तकनीशियन, निम्न वर्गीय लिपिक और उत्पाद एवं कार्यालय परिचारी के कुल 48 नए पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

### मंत्रियों का बढ़ा वेतन व भत्ता

चुनावी वर्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के मंत्रियों और उप मंत्रियों के वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी की है। राज्य मंत्रियों और उप मंत्रियों के मासिक वेतन को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 65,000 रुपए किया गया है। इसी तरह क्षेत्रीय भत्ता 55,000 रुपए से बढ़ाकर 70,000 रुपए किया गया है। वहीं, दैनिक भत्ता और आतिथ्य भत्ता में भी बढ़ोतरी की गई है।

## पूर्व आइपीएस शिवदीप लांडे ने हिंद सेना बनायी नयी पार्टी



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव होने से पूर्व बिहार के सुपर कॉप कहे जाने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने आखिकार राजनीति में अपना कदम रख दिया है। इसके लिए उन्होंने अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनायी है जिसका नाम हिंद सेना रखा गया है। पार्टी के ऐलान के साथ शिवदीप लांडे ने यह भी ऐलान किया है कि उनकी पार्टी बिहार के 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। शिवदीप लांडे ने मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि उनकी पार्टी बिहार में कास्ट फैक्टर से हटकर सभी धर्म जात के लोगों के लिए काम करेगी और पार्टी में सभी को एक समान मौका मिलेगी। उनकी पार्टी 243 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी। 243 सीट पर उम्मीदवार कोई भी हो चुनाव शिव दीप लांडे ही लड़ेंगे।

eDiig
Disposals.Simplified. now
Tata Motors Finance Ltd Open Auction for used commercial Vehicle at Hotel-LMT Continental Near Daladali Chowk, Opposite Dhoni Farm House, Ring Road, Simaliya, Ratu, Ranchi - 835222
Dated : 09-04-2025
Timing:-12:00PM
Call :8210950421,9430363629
Visit Now : www.ediig.com
Mahindra First Choice Wheels Ltd

# भारत-यूएइ की साझेदारी में दुबई की भूमिका अहम : मोदी

## प्रधानमंत्री ने दुबई के क्राउन प्रिंस मोहम्मद राशिद का किया स्वागत

एजेंसी



**नयी दिल्ली ।** दुबई के क्राउन प्रिंस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के डिप्टी पीएम और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। वह भारत की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई। दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती की पुष्टि करती है और भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी। वहीं क्राउन प्रिंस ने एक्स पर लिखा कि मंगलवार कोनई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके खुशी हुई। हमारी बातचीत ने यूएई-भारत संबंधों की मजबूती की पुष्टि की, जो विश्वास पर आधारित है, इतिहास द्वारा आकारित है, तथा अवसरों, इनोवेशन और स्थायी समृद्धि से भरा भविष्य बनाने के साझा दृष्टिकोण से प्रेरित है। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा है और उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने क्राउन प्रिंस का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि क्राउन प्रिंस की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान स्वागत करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। हमारे व्यापक सहयोग और जीवंत संबंधों के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं की सराहना करता हूं।

